चुनावी समर

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शनिवार 30 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 340

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.0 | 14.5 |
| जमशेदपुर | 40.1 | 23.4 |
| डालटनगंज | 40.2 | 21.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा : माकन

- कांग्रेस को 1,823 करोड़ के भुगतान का नया नोटिस मिला

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस उसे जारी किया है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है. पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को



जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए. माकन ने कहा, कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला. पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं.

## तीन में से सिर्फ एक महिला को ही रोजगार क्यों?: राहुल

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी की नारी न्याय गारंटी का किया उल्लेख

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी की नारी न्याय गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि 50 प्रतिशत सरकारी पदों पर महिलाओं की भर्ती से देश की हर महिला सशक्त होगी. कहा कि सशक्त महिलाएं भारत की तकदीर बदल देंगी. राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया. आज भी 3 में से सिर्फ एक महिला के हाथ में रोजगार क्यों है? 10 सरकारी नौकरियों में से बस एक पद पर महिला क्यों है? उन्होंने सवाल किया, क्या भारत में महिलाओं



की आबादी 50% नहीं है? क्या उच्च माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक महिलाओं की मौजूदगी 50% नहीं है? अगर है तो फिर सिस्टम में उनकी हिस्सेदारी इतनी कम क्यों? कांग्रेस चाहती है-आधी आबादी, पूरा हक , हम समझते हैं कि महिलाओं की क्षमता का पूरा उपयोग तभी होगा जब देश को चलाने वाली सरकार में महिलाओं का बराबर योगदान होगा.

## बाहरी भी हमारी सरकार की आलोचना कर रहे : पवार

- केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की, विरोध जताया

भाषा। सातारा (महाराष्ट्र)

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर दुनियाभर की मीडिया का ध्यान आकर्षित हुआ है. पवार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह अच्छी बात नहीं है कि बाहरी लोग हमारी सरकार की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन ऐसी स्थिति (स्वयं) सरकार द्वारा बनाई गई है. ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले में केजरीवाल को 21



मार्च को गिरफ्तार किया था. उन्हें एक अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है. पवार ने कहा, केजरीवाल का अपराध क्या है? उन्होंने एक आबकारी नीति बनाई, जिसे सभी राज्य बनाते हैं. दिल्ली देश की राजधानी है और उसके मुख्यमंत्री गिरफ्तार हैं. धनशोधन मामले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का भी कड़ा विरोध किया.

## सुनीता केजरीवाल ने व्हाट्सऐप अभियान की शुरुआत की

- 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान से जुड़ने की अपील की

भाषा। नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की, जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं. सुनीता ने एक डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में 'सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों' को चुनौती दी है. उन्होंने लोगों से अपने



आशीर्वाद और प्रार्थनाओं के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का आग्रह किया. उन्होंने दो व्हाट्सऐप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आप के राष्ट्रीय संयोजक के लिए अपने आशीर्वाद, प्रार्थनाएं या अन्य कोई संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी. सुनीता ने कहा, अरविंद ने अदालत में भी अपना पक्ष रखा है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63,700 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### मुख्तार की मौत की न्यायिक जांच होगी

**लखनऊ।** बांदा जेल में माफिया नेता मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए शुक्रवार को एक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को नामित किया गया. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. मुख्तार अंसारी को गुरुवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी. बांदा के सीजेएम भगवान दास गुप्ता की ओर से जारी आदेश के मुताबिक जांच के लिए गरिमा सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सांसद-विधायक अदालत बांदा) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है.

#### भाजपा ने गांडेय में दिलीप वर्मा को उतारा



**रांची।** भाजपा ने गांडेय उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है. दिलीप कुमार वर्मा को पार्टी ने गांडेय में उतारा है. दिलीप फिलहाल भाजपा में प्रदेश मंत्री के पद पर हैं. वहीं इससे पहले वे 2019 में झाविमो की टिकट से गांडेय में विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं. चुनाव में वे छठे नंबर पर थे. उन्हें महज 8952 वोट मिले थे. दिलीप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के करीबी हैं.

#### आईपीएल-17

आज का मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब रॉयल किंग्स,

समय : शाम 7 :30 बजे

## विधायक ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच करे चुनाव अयोग और ईडी

# मैं बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार : सरयू

**ढुल्लू का आचरण आतंक फैलानेवाला**

**प्रिंस के खिलाफ उठाया कदम, अब ढुल्लू महतो की रंगदारी पर भी लगाएंगे लगाम**

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की मुश्किलों में शुक्रवार को एक और इजाफा हो गया. भितरघात और नाराजगी झेल रहे ढुल्लू महतो के खिलाफ अब जमेशदपुर पूर्वी के विधायक और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सुप्रीमो सरयू राय ने मोर्चा खोल दिया है. राय ने कहा कि चुनाव लड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है. यदि ऐसा होता, तो वे भाजपा नेताओं के यहां नाक रगड़ रहे होते. लेकिन यदि धनबाद की जनता को जरूरत पड़ी कि यहां बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा, तो मैं बिल्ली के गले में घंटी बांधने के लिए तैयार हूं. चुनाव मैदान में भी उतर कर ऐसे तत्वों के खिलाफ लड़ाई लड़ूंगा. राय ने इशारे -इशारे में धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो के खिलाफ चुनाव लड़ने का इरादा साफ कर दिया. राय ने कहा कि धनबाद के भाजपा नेता कृष्णा अग्रवाल से मोबाइल पर बातचीत के दौरान ढुल्लू महतो की हुई नोंकझोंक में विधायक ने कह दिया था सरयू राय के इशारे पर उन्होंने बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा था. इसी बात का जवाब देने के लिए वे शुक्रवार को धनबाद पहुंचे. उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को टिकट मिलने के बाद वो आतंक फैला रहा है.जब प्रिंस खान के खिलाफ कृष्णा अग्रवाल अनशन कर रहे थे, तो उन्होंने खुद आकर अनशन तुड़वाया था. तब प्रिंस के खिलाफ कार्रवाई के लिए ईडी और सरकार को कहा, आज उसके खिलाफ जांच चल रही है. ठीक इसी तरह बाघामरा के एरिया एक से लेकर पांच तक में रंगदारों का कब्जा है. कोई भी डीओ धारक इन इलाकों में बिना रंगदारी के कोयला उठाव नहीं कर सकता. इस आतंक को दूर करने के लिए जो भी करना पड़ेगा, करने को तैयार हैं. चुनाव आयोग और ईडी से शिकायत करेंगे कि ढुल्लू के खिलाफ जांच की जाए. संपत्ति की जांच हो.



**उठाए सवाल**

1. बाघमारा में फ्लोर प्राइस पर टेंडर क्यों?
2. बिना रंगदारी के कोयला उठाव क्यों नहीं ?

### प्रिंस के बाद अब सकून चाहते हैं कारोबारी : अग्रवाल

भाजपा नेता कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि प्रिंस खान से धनबाद के कारोबारी दहशत में थे. बैंकमोड़ जैसा इलाका रात के आठ बजते ही सन्नाटे में डूब जाता था. दुकान मालिक काउंटर पर बैठने से परहेज करने लगे थे. खुद पीछे बैठते और स्टाफ को आगे रखते थे, ताकि जान बची रहे. दीपक अग्रवाल को ग्राहक बन कर आए अपराधियों ने गोली मार दी थी. अब किसी तरह धनबाद के कारोबारी इस दहशत से उबर रहे हैं. ऐसे में फिर से रंगदारों का आतंक धनबाद में नहीं होना चाहिए. ढुल्लू पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आखिर बाघमारा में ही फ्लोर प्राइस पर निविदा क्यों डाली जाती है. यदि किसी ने टेंडर ले भी लिया तो वो बिना प्रीमियम शुल्क के कोयले का उठाव नहीं कर सकता है. ये रंगदारी कौन करता है, यहां किसका समूह है. ढुल्लू के चरित्र को बताने के लिए उन पर मुकदमों की लंबी सूची ही काफी है

**बाबूलाल को लिखे पत्र ले खड़ा हुआ बवंडर**

पूरे विवाद के पीछे कृष्णा अग्रवाल द्वारा बाबूलाल मरांडी को लिखा गया एक पत्र है. अग्रवाल ने इस पत्र में विधायक ढुल्लू के खिलाफ खूब लिखा है. ढुल्लू पर मुकदमे से लेकर एक हाथ में भगवा और दूसरे हाथ में लाल झंडा रखकर चलने वाला बताया है. इसी पत्र के बाद विधायक ढुल्लू ने कृष्णा अग्रवाल के मोबाइल पर फोन किया और पूछा था कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया. कहा था कि धनबाद में हत्या करने और कराने वाले विधायक बन सकते हैं, लेकिन उन्हें जब टिकट मिला, तो फिर क्यों तकलीफ हो रही है. इसी बातचीत के क्रम में ढुल्लू महतो ने कह दिया था कि सरयू राय के इशारे पर यह पत्र लिखा गया है. इसी बात का जवाब देने के लिए सरयू राय धनबाद पहुंचे थे.

### ढुल्लू और भाजपा नेता कृष्णा अग्रवाल के बीच मोबाइल पर नोंकझोंक का ऑडियो वायरल



## ढुल्लू ने कृष्णा अग्रवाल को फोन कर कहा- चिट्ठी क्यों लिखे, हमसे बात करते, माफिया हैं आपलोग, चुप रहिए

- ढुल्लू के विरोध में धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ने मरांडी को लिखा पत्र

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

धनबाद लोकसभा से भाजपा ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाया है. इसके खिलाफ धनबाद के सामाजिक संगठन भी खुलकर सामने आ रहे हैं. धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने इसपर कड़ी आपत्ति जतायी है. संगठन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखकर ढुल्लू महतो को टिकट देने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है. पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ढुल्लू महतो ने कृष्णा अग्रवाल को फोन कर उनसे बातचीत की, जिसका ऑडियो वायरल हो रहा है. बातचीत के अंश हूबहू प्रकाशित कर रहे हैं.

**ढुल्लू :** कृष्णा भइया बोल रहे हैं.
**कृष्णा :** अग्रवाल बोल रहे हैं.
**ढुल्लू :** विधायक जी बोल रहे हैं ढुल्लू महतो.
**कृष्णा अग्रवाल :** हां नमस्कार बोलिये.
**ढुल्लू :** ये क्या लिखे हैं आप.
**कृष्णा :** क्या लिखे हैं उ तो पढ़े ही होंगे.
**ढुल्लू:** पढ़े हैं भईया. जब गोली चल रहा था, तब स्टेटमेंट नहीं दिये आपलोग. राम मंदिर बनवाये, तब नहीं लिखे आपलोग.
**कृष्णा :** एकदम हम दिये थे. आपके पक्ष में बयान दिये थे.
**ढुल्लू :** क्या दिये थे. ये क्या चीज है. जब गोली चल रहा था, दुकानदार से रंगदारी मांगा जा रहा था, तब एक भी नेता या व्यवसायी बयान देने नहीं आया.
**कृष्णा :** हम दिये. हम धरना दिये.
**ढुल्लू :** धरना देने से क्या हुआ. भ्रष्ट लोगों से कौन लड़ता है. हम माफिया हैं. गुंडा हैं. बोलिए. किसी के कहने पर ऐसा मत कीजिए. ये सब एकदम मत कीजिए. गलत बात है भइया.
**कृष्णा :** विधायक जी आप समझ नहीं रहे मेरी बात को.
**ढुल्लू :** हम ही नहीं समझ रहे.
**कृष्णा :** मेरी बात सुनिए.
**ढुल्लू:** मर्डर करने वाला लोग विधायक बन गया. मर्डर कराने वाला लोग विधायक बन गया, उस समय चिट्ठी नहीं लिखे.
**कृष्णा:** नहीं... नहीं. हम ये बोल रहे हैं न.
**ढुल्लू :** गरीब आदमी हमलोग पार्टी के लिए काम कर रहे हैं. पार्टी के लिए मरते हैं. हिंदू और सनातन की विचारधारा पर सबको जोड़ रहे हैं और आपलोग उल्टा-पुल्टा काम कर रहे हैं. ये शराफत का काम नहीं है.
**कृष्णा:** चलिये आपको लग रहा है ये गलत है. आपकी दृष्टि से गलत है.
**ढुल्लू :** लग नहीं रहा, यह गलत है. आप सामने बैठ के बात कीजिए.
**कृष्णा :** कहां आ जायें.
**ढुल्लू :** आप बोलिए कहां आ जायें.
**कृष्णा:** आपके घर आ जाते हैं, आप मेरे घर आ जाइये चाय पियेंगे, आपसे भाजपा में हम सीनियर हैं
**ढुल्लू:** सुनिए भइया, सुन लीजिए. हिम्मत है तो मेरे सामने डिस्कस करे कोई. सबसे पहले शाखा हम शुरू करवाये. नवल जी. जितेंद्र मास्टर इसका गवाह हैं.
**कृष्णा :** मेरी बात पहले सुन लीजिए, प्रिंस खान जब मारवाड़ी लोग को टारगेट किया था, गोली चलवा रहा था.

- शेष पेज 7 पर

## पीएम मोदी से मिले बिल गेट्स



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के बीच शुक्रवार को नयी दिल्ली में मुलाकात हुई. दोनों के बीच एआई सहित प्रौद्योगिकी संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा हुई. पीएम ने कहा कि वह दुनिया में डिजिटल विभाजन की बात सुनते थे और उन्होंने फैसला किया है कि भारत में ऐसा नहीं होने देंगे.

### पीएम ने महिला संबंधी योजनाओं पर चर्चा की

**चेन्नई।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के भाजपा के कार्यकर्ताओं से 'नमो ऐप' के जरिये बातचीत की और लोकसभा चुनाव को लेकर उनसे मतदान केंद्र स्तर के कार्यों के बारे में चर्चा की. पीएम ने महिला संबंधी योजनाओं पर विमर्श किया. महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर सरकार के जोर का जिक्र करते हुए मोदी ने एक पार्टी कार्यकर्ता से उन योजनाओं के बारे में जानना चाहा, जो महिलाओं द्वारा सबसे ज्यादा पसंद की गईं और चर्चित रहीं.

### सत्येंद्र के खिलाफ सीबीआई जांच होगी


**नयी दिल्ली।** सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है. आप मंत्री सत्येंद्र जैन वर्तमान समय मे जेल में बंद हैं. दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल फरवरी में पीओसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने और जांच करने की मंजूरी देने के लिए सीबीआई का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा था.

## इंडिया की महारैली कल

### कल्पना सोरेन भी करेंगी संबोधित


एजेंसी। नयी दिल्ली

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडिया गठबंधन फिर से अपनी ताकत दिखाएगा. इसके लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में महारैली का आयोजन किया जाएगा. इसमें इंडिया ब्लॉक के 13 सहयोगी दल शामिल होंगे. रैली में "इंडिया" ब्लॉक का बैनर लगा होगा. इस पर तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा लिखा होगा. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली को संबोधित करेंगी. दिल्ली पुलिस ने रैली के लिए स्वीकृति दे दी है.



इस रैली में मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी (कांग्रेस), शरद पवार (शरतचंद्र पवार), उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे (यूबीटी), अखिलेश यादव (सपा), तेजस्वी यादव (आरजेडी), डेरेक ओ ब्रायन (टीएमसी), टी शिवा (डीएमके), फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कांग्रेस), चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन (झामुमो), सीताराम येचुरी (सीपीएम), डी राजा (सीपीआई), दीपंकर भट्टाचार्य (सीपीआई-एमएल) और फॉरवर्ड ब्लॉक केजी. देवराजन भी रैली में शामिल होंगे.

## आपसे लूट... उनकी कमाई...



### इलेक्टोरल बॉण्ड के कुछ तथ्य

**945** करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा दिया दवा बनाने वाली 35 कंपनियों ने

**22** कंपनियों ने राज्यों में जिस दल की सरकार है, उसे चंदा दिया है

फार्मा कंपनियों ने भाजपा को **394 करोड़** टीआरएस को **328 करोड़** और कांग्रेस को **115 करोड़** रुपये का चंदा दिया




### अब अपनी स्थिति को समझिए

- पिछले कुछ सालों में खून जांच, शुगर जांच आदि की फीस दोगुनी हुई है या नहीं.
- बुखार, गैस, शुगर, कैंसर, पेन कीलर जैसी दवाओं की कीमतें दो से तीन गुनी बढ़ी या नहीं.
- अस्पतालों में बेड चार्ज, आईसीयू चार्ज, डॉक्टर की फीस दो से तीन गुनी बढ़ी या नहीं

सुरजीत सिंह

**अब जरा सोचिए :** आपको महंगी दवाइयां मिल रही हैं. अस्पताल का खर्च बढ़ गया है. किसी परिवार का कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो गया तो उस परिवार का कर्ज के दलदल में फंसना तय. महंगी दवाइयों के कारण घर के खर्चे कम करने पड़ रहे. बच्चों की पढ़ाई में दिक्कत आ रही है. क्या यह बात हमारी-आपकी सरकारों को नहीं पता ? या वो सब कुछ जान कर चुप रहें ! कंपनियों को रोका क्यों नहीं जाता ! मनमानी कीमत तय करने से किसको फायदा मिल रहा ? आम लोगों को दवाइयों की महंगाई से बचाने की जिम्मेदारी किसकी है ? क्या इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में करोड़ों रुपये लेकर कंपनियों को इस बात की छूट दे दी गई कि आम जनता को लूट लो. आम जनता के शरीर से लहू की आखिरी बूंद तक. आखिर कंपनियों के पास चंदा देने के लिए इतना पैसा कहां से आ रहा था ? हमसे-आपसे ही लूट करके, हमारी-आपकी खून चूस करके ही तो कंपनियां करोड़ों रुपये चंदा के रूप में दे रही थीं. चंदे के बदले कंपनियों को हर तरह से लूटने की छूट दे दी गई. सवाल यह उठता है कि जिम्मेदार कौन है ?

आम लोगों से लूटे गए पैसे में से कंपनियों ने जो चंदा दिया है, उसमें सबसे अधिक 328 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को मिला है, लेकिन बाकी दलों को भी तो मिला है. किसी दल ने चंदा लेने से इनकार नहीं किया. यह ठीक है कि भाजपा अभी केंद्रीय सत्ता में है, इलेक्टोरल बॉण्ड का कानून भाजपा सरकार ने ही लाया, जिसे सुप्रीम कोर्ट असंवैधानिक बता चुका है, खत्म कर चुका है. यह भी सच है कि केंद्र में भाजपा की सरकार रहते स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इलेक्टोरल बॉण्ड से जुड़ी जानकारियां सार्वजनिक ना करना पड़े, इसके लिए बहाने बनाए. इसलिए कह सकते हैं कि जिम्मेदारी भाजपा की सबसे अधिक है. लेकिन चंदा लेने वाले बाकी दल भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते. क्या आम लोगों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि चंदा के बदले राजनीतिक दलों ने किस कंपनी को कितना लाभ पहुंचाया है. इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जनता वोट मांगने वालों से यह सवाल पूछेगी ?

## लोस चुनाव : बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ, वामदल पांच सीट पर लड़ेंगे चुनाव

संवाददाता। पटना

### बिहार में 'इंडिया' के बीच सीट बंटवारा फाइनल



लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में महागठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर मुहर लग गई है. सीट बंटवारे के फॉर्मूले के तहत, राष्ट्रीय जनता दल-राजद बिहार की 26 सीटों पर, कांग्रेस नौ सीटों पर और वाम दल पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे. पटना में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महागठबंधन के नेताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा की. बता दें कि 26 मार्च को सीटों को लेकर राजद और कांग्रेस नेताओं में बैठक हुई थी.

कांग्रेस को जो नौ सीटें मिली हैं, उनमें किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, पटना साहिब, सासाराम, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज शामिल हैं. काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी चुनाव लड़ेगी. बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और खगड़िया से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी अपना उम्मीदवार उतारेगी. इसके अलावा कांग्रेस राजद को झारखंड की पलामू और चतरा सीट भी देगी. चतरा पहले से ही राजद के खाते में थी.

**पप्पू यादव भी अड़े :** नेता पप्पू यादव इस सीट से लड़ने पर अड़ गए हैं. पप्पू यादव ने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा कि वो पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे. अब कांग्रेस नेतृत्व को निर्णय लेना है. उन्होंने कहा पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा लहराएगा. नेतृत्व बताएगा फ्रेंडली फाइट होगा या नहीं.

## आजसू संसदीय बोर्ड की बैठक में लगी मुहर, चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह से लड़ेंगे चुनाव, सुदेश ने की घोषणा

# एनडीए के सारे 14 प्लेयर आ गए मैदान में

विशेष संवाददाता। रांची

एनडीए की ओर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड के सभी 14 सीटों से खिलाड़ी मैदान में आ चुके हैं. भाजपा के अपने कोटे के घोषित सभी 13 प्रत्याशियों के बाद बचे एक सीट से आजसू पार्टी ने अपने उम्मीदवार का एलान कर दिया है. शुक्रवार को आजसू प्रमुख सुदेश महतो की अध्यक्षता में संसदीय बोर्ड की बैठक में सिटिंग एमपी चंद्रप्रकाश चौधरी को फिर से पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है. इसकी घोषणा बैठक के बाद खुद सुदेश कुमार महतो ने पार्टी कार्यालय में की.




### मैंने जो-जो काम किए हैं उसे लेकर जनता के बीच जाएंगे : चंद्रप्रकाश चौधरी

सिटिंग एमपी चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के लिए बहुत काम किए हैं. वे अपने काम को लेकर क्षेत्र में जाएंगे. उनके प्रयास से कोलयरी एरिया के विस्थापितों के लिए केंद्र सरकार ने समिति बनायी. वे लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे और लोगों के सुख-दुख के सहभागी बने. इस मौके पर विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि अल्पसंख्यक हमेशा आजसू पार्टी के साथ रहे हैं और हमेशा आगे भी साथ रहेंगे.

### रवींद्र पांडेय को साथ लेकर चलेंगे, गांडेय में पांच सदस्यीय टीम भेजेंगे

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बंगाल और ओडिशा में पार्टी को मजबूत किया जाएगा. इसके साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी पांच सदस्यीय टीम भेजेगी जो अपनी रिपोर्ट पार्टी को सौपेंगी. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि रवींद्र पांडेय हमारे भाई जैसे हैं. हम उन्हें साथ लेकर चलने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर पार्टी चुनाव में जाएगी.

### एनडीए से कौन-कहां से है प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| **भाजपा** | |
| दुमका | सीता सोरेन |
| कोडरमा | अन्नपूर्णा देवी |
| सिंहभूम | गीता कोड़ा |
| रांची | संजय सेठ |
| खूंटी | अर्जुन मुंडा |
| लोहरदगा | समीर उरांव |
| पलामू | वीडी राम |
| जमशेदपुर | विद्युतवरण महतो |
| चतरा | कालीचरण सिंह |
| धनबाद | ढुल्लू महतो |
| राजमहल | ताला मरांडी |
| हजारीबाग | मनीष जायसवाल |
| गोड्डा | डॉ निशिकांत दूबे |
| **आजसू पार्टी** | |
| गिरिडीह | चंद्रप्रकाश चौधरी |

# बिहार में कांग्रेस को नौ सीटें देकर राजद ने झारखंड में दो सीटें ली

विशेष संवाददाता। रांची

*प्रदेश राजद अध्यक्ष का दावा : झारखंड में दो सीट राजद को मिला है, सीट और प्रत्याशी की घोषणा पटना से होगी*

प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने दावा किया है कि झारखंड में महागठबंधन के तहत दो सीट पलामू और चतरा मिल गया है. जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा पटना से पार्टी के राष्ट्रीय नेता करेंगे. अगर यादव के दावे को सही मानें तो यह कांग्रेस के लिए टेंशन है. क्योंकि कांग्रेस झारखंड में केवल एक सीट पलामू ही राजद को देना चाहत थी. चतरा से पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है.

**सारा खेल बिहार के सीट बंटवारे से जुड़ा, कांग्रेस को झारखंड में एक सीट गंवानी पड़ी :** राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार से ही झारखंड का खेला कर दिया है. राजद ने बिहार में कांग्रेस को नौ सीट देने के बदले झारखंड में दो सीट पर दावेदारी कर दी है. बिहार में राजद कांग्रेस को 9 सीट देने को तैयार हो गया है. वहीं इसके बदले झारखंड में राजद ने दो सीटों पर अपनी दावेदारी कर दी. जिसे अंततः कांग्रेस को माननी पड़ी. झारखंड में जहां कांग्रेस राजद को केवल एक सीट पलामू देना चाहती थी. चतरा से खुद प्रत्याशी उतारने की फिराक में थी. मगर बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव ने कांग्रेस से बिहार में नौ सीट देने के बदले में झारखंड की दो सीटों पर दावेदारी पेश कर दी. ऐसे में कांग्रेस को ना चाहते हुए भी चतरा सीट छोड़नी पड़ा है. पलामू में हाल ही में राजद में शामिल ममता भुईंया और चतरा से अरूण सिंह, खुद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव का नाम आगे चल रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### इंटर शिक्षकों को समायोजित किया जाए : अवधेश ठाकुर



**रांची ।** रांची जिला शिक्षा अधिकारी ने कॉलेजों में इंटरमीडिएट पढ़नाने वाले अनुबंध और अतिथि शिक्षकों को इंटरमीडिएट परीक्षा के कॉपी जांच करने के लिए बीते गुरुवार को पत्र जारी किया है. जारी पत्र के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इंटरमीडिएट शिक्षक संघ के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी ने इंटरमीडिएट शिक्षक को कॉपी जांच करने लगा रही है. इसका स्वागत करते है, लेकिन जब सरकार झारखंड एकेडमिक काउंसिल जिला शिक्षा अधिकारी की ओर बात करने की बात आती है, तो यह सभी लोग शिक्षक और कर्मचारी को पहचानने से इंकार करते है. जरूरत पड़ने पर यह लोग सिर्फ शिक्षक और कर्मचारियों को उपयोग करने का काम करती है. उन्होंने आगे कह कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध करता हूं कि वह अपने माध्यम से सरकार को अवगत कराए और शिक्षक और कर्मचारियों का समायोजन करवाए.

### दुर्दांत अपराधियों को फांसी की सजा दे सरकार : आरती कुजूर



**रांची ।** अंकिता हत्याकांड में आये कोर्ट के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है. भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हम राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि वह हाईकोर्ट में ऐसे दुर्दांत अपराधियों को फांसी की सजा देने की अपील करे. कहा कि झारखंड की बेटियों की इज्जत लूटने और जान लेने पर उतारू लोगों को फांसी की सजा हो. पेट्रोल छिड़क कर अंकिता की जलाकर हत्या की गई थी. प्रदेश में यह कोई पहली घटना नहीं है. 6000 से ज्यादा मामले ऐसे मामले हैं, जहां बच्चियों के साथ बलात्कार और हत्या हुई है. वहीं एक सवाल के जबाव में आरती कुजूर ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में डीएसपी नूर मुस्तफा ने अपने रिपोर्ट में अंकिता को बालिग दिखाया और शाहरुख को नाबालिग दिखाया था. शाहरुख को सजा न हो इसी मंशा से यह किया गया था, भाजपा ने इस हत्याकांड को लेकर पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन किया था. इसके बाद डीएसपी ने शाहरूख की उम्र सुधारी और उसे बालिग किया.

## जेबीकेएसएस, झापा (एनोस), अबुआ झापा और तीसरा मोर्चा के नेता लोस चुनाव में ठोक रहे ताल

# छोटी-छोटी क्षेत्रीय पार्टियां व संगठन राजग-इंडी गठबंधन का खेल बिगाड़ेंगे

कौशल आनंद। रांची

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही झारखंड में छोटी-छोटी क्षेत्रीय पार्टियां व संगठन न सिर्फ उभर आये हैं, बल्कि चुनावी समर में उतरने का ताल ठोंक रहे हैं. झारखंड में जहां एनडीए के सबसे बड़े घटक भाजपा ने 13 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं आजसू पार्टी ने भी अपनी इकलौती गिरिडीह सीट से चंद्रप्रकाश चौधरी को मौदन में उतार दिया है. अब तक इंडिया गंठबंधन की राष्ट्रीय स्तर की पार्टी कांग्रेस ने खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी की घोषणा कर दी है. इंडिया गंठबंधन की 11 सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा होनी अभी बाकी है. लेकिन इस बीच छोटी पार्टियां राजग व इंडिया गंठबंधन का खेल बिगाड़ने को बेचैन हैं. इन छोटी पार्टियों व संगठनों का मकसद जीत हासिल करना नहीं, बल्कि दोनों गंबंधन के प्रत्याशियों का खेल खराब करना है. यानि ये छोटी-छोटी पार्टियां अपने प्रत्याशी को वोटकटवा के रूप में खड़े कर सकती हैं. वैसे दोनों राजग व इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी खुद भी चुनाव जीतने के लिए इन छोटी पार्टियों को फाइनांस कर प्रतिद्वंद्वी का खेल बिगाड़ने की जुगत में लगे हैं. इसकी सेटिंग भी चल रही है.



### जीतना मकसद नहीं, खेल खराब करना है मकसद

क्षेत्रीय दल व संगठन एनडीए-इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने को आतुर हैं. इनका मकसद जीतना-हारना नहीं है, सिर्फ और सिर्फ गठबंधन के प्रत्याशियों का खेल खराब करना है. येअपनी तैयारी में जुट गये हैं. झारखंड में फिलहाल जयराम महतो का संगठन झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति, एनोस की झारखंड पार्टी, एनई होरो की अबुआ झारखंड पार्टी और विभिन्न छोटे दलों का साझा मंच तीसरा मोर्चा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़े करने को लेकर ताल ठोक रहीं हैं.

### जयराम महतो खुद गिरिडीह से ताल ठोंक रहे हैं

जयराम महतो की झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति ने अब तक आधिकारिक रूप से दो सीटों पर प्रत्याशी का एलान कर दिया है. वैसे समिति पांच सीटों से प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर चुकी है. सिंहभूम लोकसभा सीट से दामोदर हांसदा और चतरा सीट से दीपक कुमार गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है. खुद संगठन के अगुवा टाइगर जयराम महतो गिरिडीह सीट से ताल ठोंक रहे हैं, जबकि कोडरमा से छात्र नेता मनोज यादव और रांची से देवेंद्र महतो को चुनाव लड़ाने की तैयारी है. जयराम महतो ने कहा कि सभी सीटों पर लड़ने का कोई संभावना नहीं है. जहां-जहां हम मजबूत हैं, वहीं लड़ेंगे. हमारे मुद्दे जल, जंगल, जमीन, 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति रहेगी. क्योंकि इस मसले में सभी पार्टियों ने झारखंडियों को ठगने का काम किया है.

### अबुआ झापा ने जयंत जयपाल सिंह मुंडा को खूंटी से उतारा

स्व. एनई होरो की पार्टी अबुआ झारखंड पार्टी ने मरांग गोमके स्व. जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र जयंत जयपाल सिंह मुंडा को खूंटी से चुनाव मैदान में उतार दिया है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव निकोदिम लकड़ा ने बताया कि इस चुनाव में वृहद झारखंड बनाने, झारखंड रेजीमेंट की स्थापना करने, जयपाल सिंह और एनई होरो को भारत रत्न देने, झारखंड में पांचवीं अनुसूची लागू करने, पेसा कानून व पंचायती राज व्यवस्था लागू करने, सरना धर्मकोड लागू करने, अनुसूचित क्षेत्रों में 100 प्रतिशत झारखंडियों को नौकरी देने, झारखंडी कौन को परिभाषित करने, खतियान का ऑनलाइन सिस्टम बंद करने, खतियान का लगान रसीद ऑनलाइन बंद कर ऑफलाइन निर्गत करने, केंद्रीय योजनाओं के नाम पर झारखंडियों की जमीन का अधिग्रहण करना बंद करने, भारत माला प्रोजेक्ट को झारखंड में बंद करने, कोयल-कारो परियोजना को रद्द करने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगी.

### तीसरा मोर्चा 14 सीटों से उतरेगा प्रत्याशी, लालचंद लड़ेंगे गिरिडीह से

झारखंड के आठ-नौ विभिन्न छोटे दलों-संगठनों को मिलाकर पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने तीसरा मोर्चा का गठन किया. इस मोर्चे ने झारखंड की सभी 14 सीटों से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है.



हालांकि मोर्चा की ओर से अभी तक किसी भी सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गयी है. मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री लालचंद महतो खुद गिरिडीह से चुनाव लड़ने के मूड में है. अन्य सीट को लेकर उन्होंने बताया कि मोर्चे में शामिल अन्य सभी दलों से प्रत्याशियों की सूची तैयार कर मांगी गयी है. जल्द ही स्क्रूटनी करके प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी. महतो ने बताया कि इस चुनाव में मोदी हटाओ- देश और संविधान बचाओ, बेरोजगारी और महंगाई मुख्य मुद्दे होंगे. उन्होंने बताया कि इलेक्टोरेल बांड ने यह साबित कर दिया कि भाजपा सबसे भ्रष्ट पार्टी है.

### झापा एनोस वेट एंड वाच की मुद्रा में, खूंटी के अलावा लोहरदगा से लड़ना तय

झारखंड पार्टी एनोस फिलहाल वेट एवं वाच की मुद्रा में है. लेकिन पार्टी का खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम सीट से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है. पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने कहा कि पहले दोनों ओर के खिलाड़ी तो तो मैदान में आने दें. इसके बाद हमलोग फिल्डिंग सजाएंगे. उन्होंने कहा कि दोनों ही गठबंधन नेअब तक झारखंड और देश को बर्बाद करने का ही काम किया. इसलिए वे लोग झारखंडी अस्मिता के मुद्दे को ही चुनावी मुद्दा बनाएंगे.

# ऐप-पोर्टल के इस्तेमाल से चुनाव प्रबंधन हुआ सुगम : नेहा अरोड़ा

विशेष संवाददाता। रांची



- वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड में आईटी से संबंधित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर को शुक्रवार को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप व पोर्टल से स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन में सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से मतदाता को लक्षित करने एवं शहरी मतदाताओं को इसकी जानकारी देते हुए उनतक पहुंच बनाते हुए मतदान के लिए जागरूक किया जा सकता है.

ऐप के माध्यम से घर बैठे निर्वाचक सूची में अपना नाम शामिल किए जाने से लेकर अपने मतदान केंद्र को जानने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने जैसी सुविधाएं प्राप्त की जा सकती है. चैटबोर्ड के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर भी प्राप्त हो जाता है. नेशनल लेवल मास्टर ट्रैनर्स सैयद नासीर जमील द्वारा सभी को ऐप एवं पोर्टल की जानकारी देते हुए उसके महत्व व संचालन की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने वोटर सर्विस पोर्टल, एनजीएसपी पोर्टल, एनकोर, सी-विजिल ऐप, ईआरओ नेट, सुविधा ऐप एवं पोर्टल, परमिशन, कैंडिडेट एफिडेविट मैनेजमेंट, वोटर टर्न आउट आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया. आज के प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स अपने लोकसभा क्षेत्र के संबंधित कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के एप्लीकेशन एवं पोर्टल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे. इस कार्यक्रम में धनबाद, गिरीडीह, रांची, पलामू, साहेबगंज, हजारीबाग, सरायकेला, गुमला, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम के स्टेट लेबल मास्टर ट्रैनर उपस्थित थे.

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी

# झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए शिवा उरांव

संवाददाता। रांची

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर दी. शिवा उरांव को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है. बाकी के प्रदेश कमेटी का विस्तार आगे किया जाएगा. अध्यक्ष बनने के बाद शिवा उरांव ने कहा कि पांच लोस सीट रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, चतरा और खूंटी पर अपने उम्मीदवार को



उतारेगा. इसके लिए पार्टी ने लगभग तैयारी कर ली है. हम अपनी दावेदारी मजबूत से पेश करेंगे. झारखंड के हितों के लिए काम करेंगे. यहां के लोगो को खनिज संपदा में उन्हें भागीदार बनाने के लिए काम करेंगे.

### कौन से कार्य करेंगे

- झारखंड के युवाओं के पलायन और नौकरी के मसले पर काम करेगी पार्टी
- खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड केहर जिला में स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना कराने की पहल की जाएगी.
- रोजगार परक शिक्षा और अच्छे अस्पताल की व्यवस्था की जाएगी.
- खनिज संपदा में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी.

# कांग्रेस से लूट की नीति पर आईटी : राजेश ठाकुर

विशेष संवाददाता । रांची

भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट की नीति के तहत देश में आयकर विभाग काम कर रहा है. लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है. यह आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाते हुए कहा कि आगामी चुनाव के लिए भाजपा द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे में हार की रिपोर्ट आ चुकी है तो मोदी के सिपहसालार के रूप में कार्य कर रही सरकारी एजेंसियां ईडी सीबीआई, आईटी आदि खुलकर मैदान में आ गई है.


**भाजपा पर 4,600 करोड़ की देनदारी बनती है :** ठाकुर ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस को 1823 करोड़ का नोटिस भेजा गया है. 135 करोड़ कांग्रेस के खाते से पहले ही आयकर विभाग द्वारा निकाला जा चुका है. लेकिन भाजपा के खाते की जो जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है. उसमें 1297 लोगों ने बिना नाम पते के बिना पूरी जानकारी के 42 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में 2017-18 में जमा किए हैं. कांग्रेस के 14 लाख के डिपॉजिट पर आयकर विभाग ने हमारे खाते फ्रीज कर दिए परंतु भाजपा के 42 करोड़ नजर नहीं आए.भाजपा ने जो नियम का उल्लंघन किया है उसके चलते उन पर 4600 करोड़ की देनदारी बनती है. लेकिन आयकर विभाग को भाजपा के खाते नजर ही नहीं आ रहे हैं.

**कर आतंकवाद की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है :** उन्होंने कहा कि देश में कर आतंकवाद की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है. जिससे जीएसटी की शक्ल में आम जनता पहले से ही पीड़ित है. 2024 के चुनाव में विपक्ष को हतोत्साहित करने का यह एक नया तरीका है कि विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करके उसे नख- दंत विहीन किया जाए ताकि चुनाव को एक तरफा करने की कोशिश की जाए. लेकिन मोदी नहीं जानते कि मोदी की नीतियों के खिलाफ विपक्ष नहीं बल्कि जनता चुनाव लड़ रही है.

## रामटहल चौधरी ने मल्लिकार्जुन खरगे से की मुलाकात

**रांची।** कांग्रेस नेता और रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय और बंधु तिर्की भी मौजूद रहे. इस शिष्टाचार मुलाकात में रांची लोकसभा सीट सहित झारखंड के अन्य लोकसभा सीटों के समीकरणों पर चर्चा की गयी.





### एक अप्रैल को होगा जेपीएससी का घेराव

**रांची।** जेपीएससी घेराव को ले कर रांची मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को बैठक हुई. इस बैठक में जेपीएससी कार्यालय घेराव पर रणनीति बनाया गया. घेराव का नेतृत्व कर रहे इमाम शफी ने कहा कि एक अप्रैल को झारखंड के लगभग सभी जिला से जेपीएससी,जेएसएससी के लाखों छात्र बापू वाटिका, मोरहाबादी पहुंचेंगे और वही से जेपीएससी कार्यालय पहुंच कर शांतिपूर्ण तरीके से घेराव करेंगे. 11वीं जेपीएससी हड़बड़ी में गड़बड़ी कर दी है, छात्रों के विरोध के वावजूद परीक्षा रद्द करने के बजाय जल्दबाजी में गलत आंसर-की जारी कर दिया है, जिससे छात्रों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश है. अब झारखंड के छात्र आर-पार के मूड में हैं.

## रांची विवि : परीक्षा लेनेवाली एजेंसी छात्रों के लिए बनी जी का जंजाल

# तीन महीने में 18 बार हुआ विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय में परीक्षा लेने वाली एजेंसी एनसीसीएफ छात्रों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है. स्नातक और स्नातकोत्तर के प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा में कोई ना कोई गड़बड़ी कर रही है. कभी आधे से अधिक बच्चों को फेल कर देता है, तो कभी आधी अधूरी परीक्षा परिणाम जारी कर देता है. एजेंसी पर कई बार अनियमितता का आरोप भी लगा है. इसे हटाने के लिए भी आंदोलन हुआ, लेकिन एजेंसी अपना खुट्टा जमाए हुए हैं.

### एजेंसी के कर्मचारियों से मिलना बहुत कठिन

रांची विश्वविद्यालय में परीक्षा लेने वाली एजेंसी के कर्मचारियों और अधिकारियों से मिलना बहुत कठिन है. छात्र अपनी समस्या ले कर एजेंसी कार्यालय के बाहर घंटों खड़े रहते हैं, क्योंकि एजेंसी के अंदर जाने की किसी को अनुमति नहीं है. कोई कर्मचारी या अधिकारी बाहर आता है, तो छात्र अपनी समस्या को बता पाते हैं.

### रांची विश्वविद्यालय में 18 बार हो चुका है विरोध प्रदर्शन

साल 2024 का अभी तीन महीने ही बीता है. इस तीन महीने में रांची विश्वविद्यालय में 18 बार विरोध प्रदर्शन हो चुका है. वहीं विश्वविद्यालय मुख्यालय में तीन बार तालाबंदी भी हो गई है. पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम के बाद आठ दिनों तक मोरहाबादी स्थित एजेंसी के कार्यालय में ताला बंद था. इस ताला बंदी में सारे संगठनों ने एक दूसरे का सहयोग किया था.

**किस महीने कितनी बार धरना-प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| जनवरी में-6 | तीन महीने में तीन बार हो चुकी है तालाबंदी |
| फरवरी में-6 | |
| मार्च में- 6 | |


CLASSIFIED









# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान 35.5⁰ अधिकतम | 20.4⁰ न्यूनतम

शनिवार 30 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 340 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## प्रभु यीशु ने अपना खून बहा कर हमें बचा लिया...



## पुण्य शुक्रवार की धर्म विधि संपन्न, पाप स्वीकार का किया वंदन

संवाददाता। रांची

राजधानी के लोयोला मैदान में 29 मार्च की शाम को पुण्य शुक्रवार की धर्म विधि की गई. इस अवसर पर क्रूस रास्ता की धर्म विधि की गई. क्रूस रास्ता की धर्म विधि में जो दुख क्रूस उठाते समय यीशु ने सहा था, उस दुख और पीड़ा की प्रस्तुति की गई. क्रूस को सबसे पहले रांची पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड ने उठाया. आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने 11 स्थान से 12 स्थान तक क्रूस को उठाया. इस दौरान गीत वंदना की गई. विश्वासियों ने प्रस्तुति को श्रद्धा से देखा और सुना. क्रूस उठाते वक्त, क्रूस के गीत गाये- प्रभु ने अपना खून बहाकर हमें बचा लिया. सभी ने क्रूस के सामने विनती की और यीशु के क्रूस के पांच घाव को याद किया. इस अवसर पर आर्च बिशप विंसेंट आइंद, पुरोहित फादर आनंद डेविड, फादर दीपक बाड़ा, फादर अजय खलखो, फादर आशोक, फादर जॉर्ज मिंज, फादर जस्टिन तिग्गा, फादर थियोडोर टोप्पो, फादर मुकुल लकड़ा, फादर असीम मिंज, फादर महेंद्र पीटर तिग्गा आदि उपस्थित थे.



### ब्रीफ खबरें

#### आज खुले रहेंगे सभी सरकारी कार्यालय

**रांची।** झारखंड सचिवालय के साथ सभी सरकारी कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे. कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को ही इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया था. जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए 30 मार्च को सचिवालय और संलग्न कार्यालय के साथ-साथ राज्य सरकार के वैसे सभी कार्यालय, जहां शनिवार को अवकाश है, अन्य कार्यदिवस की तरह खुले रहेंगे.

#### हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने शुक्रवार को अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा प्रेस कॉफ्रेंस में इस आशय की जानकारी दी. बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि हिंदपीढ़ी इलाके में मस्जिद के पास कुछ अपराधी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं. उसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और टीम ने अपराधियों को गिरफ्तार किया. दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया.

#### कदमा बायो डायवर्सिटी पार्क में दिखा तेंदुआ



**रांची।** पिछले 17 मार्च को आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के आरएसबी कंपनी में पहली बार दिखा तेंदुआ अब जमशेदपुर के रिहायशी इलाकों विचरण करता नजर आने लगा है. गुरुवार की शाम तेंदुआ को कदमा स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क में देखा गया. पार्क में मौजूद गार्ड इंद्रजीत ने तेंदुआ का एक वीडियो भी बनाया है.

## जाम से कराह रही रांची

### परेशानी

व्यस्त सड़कों पर निर्माण कार्य से लग रहा जाम



▪ फ्लाईओवर के कार्यों के कारण भी जाम लग रहा है



रांची। संवाददाता

इन दिनों राजधानी जाम से कराह रही है. रातू रोड, सुजाताचौक, कांटाटोली चौक, लालपुर चौक, बुटी मोड़, हरमूरोड, जेल चौक, करमटोली चौक, चडरी लाइन रोड, पिस्कामोड़, मेनरोड, चर्च रोड, एचबी रोड समेत शहर के अन्य हिस्सो की भी कमोबेस यही स्थिति है. मालूम हो कि रमजान का पर्व चल रहा है. होली अभी अभी गुजरी है और ईद आने वाली है. इसे देखकर खरीदारों की बड़ी भीड़ उमड़ने लगी है.

**पिस्कामोड से आदिवासी हॉस्टल तक जाम ही जाम :** रातू रोड कोरिडोर का निर्माण जारी है. इसके साथ ही साथ खराब हुई सड़क का निर्माण भी गुरुवार से शुरू कर दिया गया है. इसके लिए पिस्कामोड़ स्थित गैलेक्सिया मॉल के सामने सड़क खोदकर पुनः निर्माण किया जा रहा है. सडक के दोनों ओर वाहनों की कतार लग रही है. पिस्कामोड़ से लेकर आदिवासी हॉस्टल तक वाहनो का कतार लग रही है.जाम न लगे, इसके लिए सड़क को वन वे भी बनाया गया है. इसके बावजूद भी सडक जाम की समस्या अपनी जगह पर कायम है.

## ईस्टर को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

संवाददाता। रांची

ईसाई समुदाय का बड़ा त्योहार ईस्टर शनिवार और रविवार को मनाया जाएगा. इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है. डीसी कार्यालय से इसे लेकर सूचना जारी कर दी गई है. बता दें कि ईस्टर पर हजारों-लाखों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी कब्रिस्तान में अहले सुबह सपरिवार एकत्रित होते हैं. ऐसे में एहतियातन यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है, ताकि ईसाई धर्मावलंबियों को कब्रिस्तान जाने में कोई परेशानी न हो.

**यहां ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया है बदलाव**

▪ कांटाटोली चौक से बहुबाजार की ओर जानेवाली बस, सिटी राइड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च की सुबह चार बजे से नौ बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.

▪ **कांटाटोली चौक से डंगराटोली होते हुए सर्जना चौक की ओर जाने वाली बस, सिटी राइड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 30 मार्च की रात 9 बजे से 31 मार्च के 9 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.**


▪ सर्जना चौक से मिशन चौक होते हुए डंगराटोली/कांटाटोली चौक की तरफ जाने वाली बस/सिटी राइड बस/मालवाहक/बड़े वाहनों का परिचालन 30 मार्च की रात 9 बजे से 31 मार्च की 9 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.

▪ **खेलगांव चौक से कांटाटोली चौक की ओर आने वाली बस, सिटी राइड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च की रात 3 बजे से सुबह 9 बजे तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.**

▪ दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली चौक की ओर आने वाले मालवाहक वाहनों का परिचालन रात 3 बजे से सुबह 9 बजे तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.

▪ **मुंडा चौक से कांटाटोली चौक की तरफ जाने वाली बस, सिटी राइड बस,मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च की सुबह 3 बजे से 9 बजे तक पूर्णतः वर्जित रहेगा.**

### शुक्रवार को प्रमुख जिलों के अधिकतम-न्यूनतम तापमान




## झारखंड का पारा 40⁰ पार आज-कल बारिश के आसार

शुभम किशोर । रांची



▪ मार्च में ही लोगों को गर्मी का सितम झेलना पड़ रहा है

▪ सबसे अधिक डालटनगंज का तापमान 40 .2⁰ रहा

मार्च के अंतिम सप्ताह में झारखंड का पारा 40 डिग्री पार कर चुका है. मौसम विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को डालटनगंज और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार कर गया है. वहीं, राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री पहुंच गया. मार्च के महीने में लोगों को गर्मी का सितम झेलना पड़ रहा है. दोपहर में गरम हवा चल रही है. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार और रविवार को रांची समेत झारखंड के 21 जिलों में बारिश की संभावना है. राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात और हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि की संभावना है.

पिछले 24 घंटे में राज्य में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्के से हल्के दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 2.5 एमएम बरही में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 38.5 डिग्री डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री लोहरदगा में दर्ज किया गया.

### कोहली के नाबाद 83 रन पर भारी पड़ी नरेन-वेंकटेश की पारी

## बेंगलुरू पर केकेआर की आसान जीत

एजेंसी। बेंगलुरु




▪ सुनील नरेन ने 47, वेंकटेश अय्यर 50, श्रेयस अय्यर ने नाबाद 39 रन की पारी खेली

कोलकाता नाइट राइटर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10वें मैच में आसानी से हरा दिया. फिलिप साल्ट ने 32, सुनील नरेन ने 47, वेंकटेश अय्यर 50, श्रेयस अय्यर ने नाबाद 39 रन की पारी खेली. वहीं रिंकू सिंह ने नाबाद 5 रन बनाये. 183 रन के टारगेट को कोलकाता ने 19 बॉल पहले ही हासिल कर लिया. बेंगलुरु की तरफ से विशक विजय कुमार, यश दयाल और मयंक डांगर को एक-एक विकेट मिला.

कोलकाता के बल्लेबाजों ने आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की. इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने अपने होम ग्राउंड पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए. आरसीबी से विराट कोहली ने 59 बॉल पर नाबाद 83 रन की पारी खेली. इस दौरान कोहली ने 4 चौके और 4 छक्के मारे. लीग में 52वीं फिफ्टी लगाई. उनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 33 और ग्लेन मैक्सवेल ने 28 रन का योगदान दिया. कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल और हर्षित राणा को 2-2 विकेट मिले.

▪ अंतिम समय में नया प्रत्याशी देने से खराब संकेत गया ▪ धनबाद प्रत्याशी को लेकर भी विरोध के स्वर मुखर

# लोकसभा चुनाव : झारखंड में इस बार भाजपा के सामने कड़ी चुनौती

नमिता तिवारी। रांची

झारखंड में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में दबदबे के बावजूद भाजपा को आंतरिक कलह, टिकट वितरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी और कुछ इलाकों में आदिवासी विरोध के कारण इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है. भाजपा नेताओं ने यह जानकारी दी. राज्य में 14 लोकसभा सीटों पर 13 मई से चार चरणों में मतदान होगा. भाजपा अपने सहयोगी दल ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे पर हुए समझौते के अनुसार 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि आजसू गिरिडीह लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी. एक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा, तीन प्रत्याशियों को छोड़कर भाजपा ने उन लोगों को टिकट दिए हैं, जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर या पहले पार्टी में शामिल हुए हैं. इससे पुराने नेताओं के बीच खराब संकेत गया है. हमें धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाने से धक्का लगा है. पार्टी ने मौजूदा सांसद पशुपति नाथ सिंह का टिकट काट दिया है. इससे हमारे कार्यकर्ताओं और ऊपरी जाति के मतदाताओं के एक वर्ग ने बगावत कर दी है.

पहले झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) का हिस्सा रहे महतो पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह 2014 में भाजपा में शामिल हुए.

### खास बातें

- भाजपा को इस बार आंतरिक कलह से ज्यादा परेशानी होगी
- कुछ इलाकों में आदिवासी विरोध का भी सामना करना होगा
- राज्य में 13 मई से चार चरणों में होगा मतदान

### हजारीबाग सीट पर भी कड़ी चुनौती मिलेगी



भाजपा ने हजारीबाग में मौजूदा सांसद जयंत सिन्हा के स्थान पर स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को नामित किया है. जयंत सिन्हा पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के बेटे हैं, जो नरेंद्र मोदी सरकार के आलोचक रहे हैं. पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि हजारीबाग में प्रत्याशी बदले जाने से सिन्हा के वफादार कार्यकर्ता नाराज हैं. भाजपा नेता ने यह भी बताया कि पार्टी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि कोयला और शराब कारोबार को लेकर जायसवाल की छवि ठीक नहीं है और सिन्हा के परिवार की इस निर्वाचन क्षेत्र में पकड़ है. कांग्रेस ने भाजपा के मांडू से विधायक रहे जय प्रकाशभाई पटेल को प्रत्याशी बनाया है, जो हाल में कांग्रेस में शामिल हुए हैं. भाजपा के एक नेता ने कहा कि पटेल के पास अच्छे-खासे वोट हैं, खासतौर से क्षेत्र में महतो और कुर्मी समुदायों के बीच और उनके पिता टेकलाल महतो एक सांसद हैं तथा मतदाताओं पर परिवार का प्रभाव भी है. खूंटी लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद अर्जुन मुंडा के लिए मुकाबला आसान नहीं होने जा रहा है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी जीत का अंतर महज 1,445 वोट था. कांग्रेस ने इस सीट से कालीचरण मुंडा को खड़ा किया है जो पांच साल पहले दूसरे स्थान पर आए थे. भाजपा इस बार झामुमो से राजमहल (अजजा) सीट छीनने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, जहां 2019 के लोकसभा चुनाव में विजय कुमार हंसदा ने भाजपा प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को हराया था. भाजपा ने इस बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है और झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को राजमहल से टिकट दिया है. लोहरदगा में पिछली बार मामूली अंतर से जीतने वाली भाजपा ने इस बार झारखंड से अपने राज्यसभा सदस्य समीर उरांव पर विश्वास जताया है और उसे उम्मीद है कि उम्मीदवार बदलने से यह सीट हासिल करने में मदद मिलेगी. उसने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है, जो पिछली बार 10,000 से अधिक मतों के अंतर से जीते थे. वहीं, कांग्रेस ने इस सीट से सुखदेव भगत को खड़ा किया है, जो 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे और उनका इस निर्वाचन क्षेत्र में मजबूत आधार है, जिससे भाजपा प्रत्याशी के लिए मुकाबला कड़ा हो गया है. सिंहभूम से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा के नामांकन से भी स्थानीय भाजपा नेता नाराज हैं क्योंकि वह इस बार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी में शामिल हुई हैं. गीता सिंहभूम से झारखंड की इकलौती कांग्रेस सांसद थी. झामुमो के सूत्रों ने बताया कि पार्टी इस सीट से राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को प्रत्याशी बना सकती है. बहरहाल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विश्वास जताया कि पार्टी राज्य में सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी.

### प्रत्याशी बदलने से कार्यकर्ता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं

बहरहाल, किसी भी वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस पर टिप्पणी नहीं की है लेकिन कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा, भाजपा उधार के नेताओं पर चुनाव लड़ रही है. ऐसे फैसले के बाद उसके कार्यकर्ता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. भाजपा घबरायी हुई है. भाजपा ने दुमका सीट से अपने प्रत्याशी व मौजूदा सांसद सुनील सोरेन को हटाकर सीता सोरेन को उम्मीदवार बना दिया है, जो 20 मार्च को भाजपा में शामिल हुईं. सीता तीन बार की विधायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं. सुनील ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झामुमो अध्यक्ष को 47,590 मतों से हराया था. एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा, सुनील को शुरुआत में पुनः नामित किया गया था, लेकिन उनकी जगह सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है. सुनील की उम्मीदवारी वापस लेने के बाद पार्टी के वफादार कार्यकर्ताओं में असंतोष है. ऐसी अटकलें हैं कि झामुमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिष्ठित दुमका सीट से खड़ा कर सकती है, जो अभी जेल में हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले के संबंध में 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था. उन्होंने मुख्यमंत्री के तौर पर इस्तीफा दे दिया था.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ. मनोज कुमार प्रसाद
- सर्जरी : डॉ. पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिक : डॉ. जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरी : डॉ. आनंद प्रकाश
- गायनी : डॉ. नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्ट : डॉ. ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजी : डॉ. रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजी : डॉ. रोहित कुमार झा
- नेत्र : डॉ. सुनील कुमार
- स्किन : डॉ. प्रभात कुमार
- ईएनटी : डॉ. बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजी : डॉ. रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिन : डॉ. अरुणोदय, डॉ. बीएन पोद्दार और डॉ. सत्येंद्र
- सर्जरी : डॉ. अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनी : डॉ. मुस्सरत यामिनी और डॉ. श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग) : डॉ. सूर्या
- हेमाटोलॉजी : डॉ. अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजी : डॉ. प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी: डॉ. नवीन कुमार

## शहर में आज

1. साइबर सिक्योरिटी को लेकर कार्यशाला - प्रेस क्लब - 10:30
2. भाकपा माले कार्यालय में प्रेस वार्ता - 12 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सीसीआर डीएसपी को मिली एएसपी में प्रोन्नति



**रांची।** रांची के सीसीआर डीएसपी राम समद का एएसपी में प्रमोशन हुआ है. उनके प्रमोशन के बाद रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय में पाइपिंग समारोह आयोजित किया, जिसमें एसएसपी और सिटी एसपी ने राम समद को बैज पहनाया. इस मौके पर रांची के सिटी एसपी और कोतवाली डीएसपी भी मौजूद रहे.

### गरीबों के मसीहा थे मोख्तार : रिजवी

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्तार अंसारी की गुरुवार की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई. जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. उनकी मौत पर शोक व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि मुख्तार अंसारी किसी एक शख्स का नाम नहीं है, बल्कि वे एक शख्सियत थे. उनकी मौत से किसी एक धर्म या समाज का नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि उनकी मौत से गरीबों का भारी नुकसान हुआ है. वे गरीबों के मसीहा थे. झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने कहा कि मोख्तार अंसारी गरीबों के चहेते थे. उनकी कमी गरीबों को बहुत खलेगी. सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकिलुर्रहमान ने कहा कि मौत तो एक सच्चाई है हर किसी को आनी है. लेकिन मोख्तार अंसारी की मौत की जांच होनी चाहिये.

### रांची जिले में चुनाव के लिए 13300 मतदान कर्मी, 318 सेक्टर ऑफिसर की आवश्यकता

# रांची लोकसभा : 2019 की तुलना में 2024 में 2.5 लाख मतदाता बढ़े

**शुभम किशोर । रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 चौथे चरण में 13 मई से शुरु होगा. वहीं रांची लोकसभा सीट के लिए छठे फेज में 25 मई को मतदान होगा. रांची लोकसभा में छह विधानसभा आते हैं. रांची लोकसभा में वर्ष 2019 की तुलना में 2024 में 2.5 लाख मतदाता बढ़े हैं. 2019 के चुनाव में रांची लोकसभा में 19 लाख 10 हजार 927 वोटर्स थे, जिनमें नौ लाख 98 हजार 370 पुरुष, नौ लाख 12 हजार 504 महिला व 53 अन्य वोटर थे. इस चुनाव में 64 प्रतिशत वोटिंग हुई थी. वहीं 2019 में 18 से 24 वर्ष के दो लाख 44 हजार 559 युवा वोटर्स थे. जिनमें एक लाख 34 हजार 826 पुरुष और एक लाख 9 हजार 733 महिला वोटर थे. 2024 चुनाव में रांची लोकसभा में 2377 बूथ हैं. यहां कुल 21 लाख 42 हजार 991 मतदाता हैं. जिनमें 10,86,564 पुरुष मतदाता, 10,56,360 महिला मतदाता और 67 अन्य मतदाता हैं. वहीं 46 हजार 776 युवा मतदाता हैं. ये 18 से 19 वर्ष के मतदाता हैं, जो पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे.



**5768** कुल बैलेट यूनिट | **3322** कंट्रोल यूनिट | **3601** वेरिफिकेशन पेपर ऑडिट ट्रेल

| विधानसभा | बूथ की संख्या | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | अन्य | कुल | नए मतदाता (18-19 वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ईचागढ़ | 340 | 143271 | 140116 | 3 | 283390 | 9834 |
| सिल्ली | 278 | 109741 | 109350 | 2 | 219093 | 7202 |
| खिजरी | 413 | 179080 | 178290 | 1 | 357371 | 8582 |
| रांची | 370 | 180861 | 169443 | 29 | 350333 | 4427 |
| हटिया | 495 | 245134 | 238776 | 21 | 483931 | 8617 |
| कांके | 481 | 228477 | 220385 | 11 | 448873 | 8114 |

**चेतावनी :** प्रत्याशी नहीं बदले तो निर्दल रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे क्षत्रिय

# क्षत्रिय समाज ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

**संवाददाता। रांची**

क्षत्रिय समाज ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. समाज के लोगों ने क्षत्रिय समाज के दो उम्मीदवारों का टिकट कटने से नाराजगी जाहिर की है. वहीं 13 में से एक भी सीट पर क्षत्रिय समाज के प्रत्याशी को टिकट नहीं देने का आरोप लगाया है. साथ ही एलान कर दिया है कि अगर प्रत्याशी नहीं बदले गए तो वे लोग खुद निर्दलीय मैदान में उतरेंगे. यह बातें समाज के लोगों ने शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

बता दें कि झारखंड बीजेपी झारखंड की 14 में से 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है. देशभर में जहां सीट बंटवारे में सामाजिक समीकरण को साधने की कोशिश की जा रही है तो वहीं झारखंड में बीजेपी ने एक भी क्षत्रिय उम्मीदवार को प्रत्याशी नहीं बनाया है. लोकसभा चुनाव में क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देने की वजह से राजपूत समाज में नाराजगी है. जिससे गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने प्रेस वार्ता कर बीजेपी पर निशाना साधा.



### प्रत्याशी बदलें ,नहीं तो उतरेंगे निर्दलीय

संगठन के ललन सिंह ने कहा कि प्रदेश की कुल आबादी में 7 प्रतिशत हिस्सेदारी क्षत्रिय समाज की है. पिछले आम चुनाव में बीजेपी ने 14 में से 2 सीटों पर क्षत्रिय उम्मीदवार बनाये थे. इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काट दिया. धनबाद से पीएन सिंह की जगह पार्टी ने ढुल्लू महतो तो चतरा से सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है. ललन सिंह ने कहा कि झारखंड का क्षत्रिय समाज बीजेपी के इस फैसले के विरुद्ध है.

### धनबाद में दागी ढुल्लू को टिकट दिया गया

धनबाद से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने पर क्षत्रिय समाज ने आपत्ति जताई है. संगठन के लोगों का कहना है कि बीजेपी ने धनबाद से दागी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो पर कई मुकदमे चल रहे हैं. पार्टी ने ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाकर गलत कदम उठाया है. संगठन ने मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार दुमका सीट में प्रत्याशी का फेरबदल किया गया, उसी प्रकार धनबाद या चतरा में भी किया जाए.

### क्षत्रिय सांसद पीएन सिंह व सुनील सिंह का काट दिया टिकट

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बिनु सिंह उर्फ बिनय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं. बीजेपी ने इस बार 14 में से एक भी सीट पर क्षत्रिय समाज से उम्मीदवार नहीं बनाया है.क्षत्रिय समाज को टिकट न देकर हमें दबाने की कोशिश की जा रही है. बिनु सिंह ने कहा झारखंड में वर्तमान में क्षत्रिय सांसद हैं. धनबाद लोकसभा से पीएन सिंह 3 बार के सांसद हैं. चतरा लोकसभा से सुनील सिंह दो बार सांसद रह चुके हैं. इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काटकर गैर क्षत्रिय को उम्मीदवार बनाया है. इस फैसले का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पुरजोर विरोध करती है.

### खूंटी के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा सीएम से मिले

**रांची।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की. दोनों के बीच संगठन व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने चुनाव में हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन देने के साथ जीत की शुभकामनाएं दी. कालीचरण ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विधानसभावार विस्तार पूर्वक चर्चा हुई. कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने की रणनीति भी बनाई गई. उन्होंने कहा कि पिछली गलतियों से सीख लेकर इस चुनाव को पूरी शक्ति और सतर्कता के लड़ा जाएगा.

### रामनवमी धूमधाम से मनाएगी आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति

**रांची।** बाबा आम्रेश्वर धाम कार्यालय में शुक्रवार को आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री की अध्यक्षता में अंगराबारी के अगल-बगल के ग्रामीणों की हुई बैठक में रामनवमी महोत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया. आमरेश्वर धाम में कुछ सीमित गांव से शोभायात्रा अति है, उसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया. इस वर्ष अंगराबाड़ी के अलावा रोडो,जापुद, बिरमकेल के अलावा दरला, घाघरा, सारिदकेल से भी रामनवमी का जुलूस बाबा आम्रेश्वर धाम में आकर अस्त्र-शस्त्र खेल करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. साथ ही आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक सहयोग लेने का निर्णय लिया गया.

# रामटहल चौधरी के समर्थन में उतरा कुर्मी विकास मोर्चा

**विशेष संवाददाता। रांची**

- कहा-रांची से प्रत्याशी बनाया गया तो पांच लोकसभा क्षेत्रों में इंडिया गंठबंधन को होगा फायदा



रांची से पांच बार के सांसद रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का कांग्रेस में शामिल होने का कुरमी समाज ने स्वागत किया है. समाज के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस उन्हें रांची से प्रत्याशी बनाए. अगर वे रांची से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए जाते हैं तो रांची लोकसभा में जीत सुनिश्चित होगी ही इसका फायदा इंडिया गठबंधन को पांच सीटों पर मिलेगा. यह बात कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कही. उन्होंने कहा कि रांची लोकसभा का चार विधानसभा सीट कुरमी बहुल इलाका है. जिसमें सिल्ली, खिजरी,ईचागढ़ और कांके शामिल है. इन सभी विधानसभा क्षेत्रों से रामटहल चौधरी लीड करेंगे. यानी इनकी जीत सुनिश्चित होगी. इसका इतना ही फायदा हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद और खूंटी में भी मिलेगा. जिस प्रकार से भाजपा ने कुरमी समाज के साथ छल किया है, उसे सबक सिखाया जाएगा.

मालूम हो कि गत दिवस रामटहल चौधरी ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया. तब से यह चर्चा जोरों पर है कि वे रांची से कांग्रेस के प्रत्याशी हो सकते हैं. हालांकि इसको लेकर अभी कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं. रांची से पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय प्रबल दावेदार के रूप में हैं. मगर जिस प्रकार से कांग्रेस ने रांची सीट को होल्ड किया और रामटहल चौधरी को पार्टी में शामिल कराया. उसके बाद तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं. रांची सीट के एलान होते तक चर्चाओं का बाजार गर्म रहेगा.

### एचडीएफसी बैंक की कडरू शाखा का उद्घाटन

**रांची ।** एचडीएफसी बैंक के कडरू शाखा का उद्घाटन हुआ. शाखा का उद्घाटन जोनल हेड अभिषेक कुमार ने किया. इस उदघाटन के मौके पर अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगा. इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड आदित्य पांडे ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएंगी और आसपास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसान हो जायेगी.। साथ ही उन्होंने बताया कि यह शाखा झारखंड की 91वीं शाखा है. इस दौरान रांची 2 क्लस्टर के सभी शाखा प्रबंधक, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य लोग शामिल थे.

### लोकल फॉल्ट के कारण रांची के कई इलाकों में हुई बिजली कटौती

**रांची।** नामकुम ग्रिड लाइन से पॉलिटेक्निक सब स्टेशन लाइन में शुक्रवार शाम को खराबी आ गई थी. फीडर की एक मशीन ब्लास्ट कर गयी थी, जिसके कारण कोकर विद्युत प्रमंडल और रांची सेंट्रल डिवीजन के कई फीडरों में बिजली संकट उत्पन्न हो गई थी. करीब एक से डेढ़ घंटे तक कर्बला चौक, बाबूलाइन, अंजुमन कॉलोनी, आजाद बस्ती, पत्थलकुदवा, नया टोली, गुदड़ी सहित अन्य मोहल्लों में घंटों बिजली बाधित रही. वहीं, पॉलिटेक्निक लाइन में खराबी के कारण कोकर डिवीजन के भी कई फीडरों को कुछ देर के लिए बंद रखा गया. इससे बहुबाजार, कोकर, चुटिया, सामलौंग, गढ़ाटोली, चुनवा टोली, कांटा टोली सहित अन्य इलाकों में एक घंटे के लिए बिजली की आंख मिचौली की शिकायत रही. कडरू इलाके में फ्यूज उड़ने के कारण शाम में करीब एक घंटे बिजली गुल रही, जबकि दिन के समय राम मंदिर फीडर से भी लोकल फॉल्ट के कारण बहूबाजार, कटहर टोली, साहू टोली, गणपत नगर सहित अन्य इलाकों में बिजली गुल रही. इसके अलावा राजभवन सब स्टेशन अंतर्गत न्यू मधुकम फीडर के तहत केशव नगर के ट्रांसफार्मर आए दिन शाम में पावर कट की समस्या आ रही है.

# इलेक्शन ऑफिसर ने किया बूथ का निरीक्षण



**विशेष संवाददाता। रांची**

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने शुक्रवार को रांची लोकसभा के शिवपुरी मुहल्ले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप सहित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया. उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर विभिन्न सुविधाओं का आकलन करते हुए न्यूनतम सुविधाओं की कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया. उन्होंने शिवपुरी क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर जाकर वहां के बीएलओ से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की सूची का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बीएलओ को आम नागरिकों की जानकारी के अभाव को दूर करने, बीएलओ द्वारा नगर निगम के कर्मी को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में शामिल करने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी बीएलओ को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप एवं वॉलेंटियर्स चयनित करने में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करने का निर्देश दिया.

नेहा अरोड़ा ने राजकीय मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी केंद्र शिवपुरी के भौतिक निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा शौचालय को सुचारू रूप से क्रियाशील कराने का निर्देश दिया. ट्रैफिक पुलिस स्टेशन एवं पुलिस लाइन के लिए संचालित स्वास्थ्य केंद्र के कारण विद्यालय परिसर में मतदाताओं के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है. इसके लिए उन्होंने मतदाताओं की असुविधाओं को शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने पूरे राज्य के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया.

### दूसरे दिन 'ये मेरा देश एसो' नाटक का मंचन

**रांची ।** आड्रे हाउस में 11वें छोटानागपुर राष्टीय नाटक महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को दो नाटकों का मंचन किया गया. पहला नाटक ''ये मेरा देश एसो नाटक'' और दूसरा बेवफा मंच द्रुतम बनारस की प्रस्तुति हुई, जिसमें कोलकाता के डॉ. तापस दास लेखक और निर्देशक दोनों की भूमिका में थे. नाटक के माध्यम से भारत में आतंकी हमले के समय पूरे देश की एकजुटता दिखायी गयी है. नाटक में दो आतंकवादियों की भूमिका में अबरियन दास और सोनिया कुमारी थे. दोनों ने बताया कि इंडिया में जब आतंकी हमला होता है, तब पूरा देश एकजुट हो जाता है. बताया कि इंडिया के अलग-अलग राज्यों के पांच छात्रों को आतंकवादी पकड़ लेते हैं. सभी छात्र असमिया, बंगाली, पंजाबी, हिंदी और उड़िया भाषा के हैं, लेकिन हिंदी भाषा बोलते हैं. टेररिस्ट ग्रुप एक लीडर को छुड़ाने के लिए बस ड्राइवर को धमकी देकर बस रुकवा दी गयी थी. बस में पांच से ज्यादा बच्चे बेठे थे. उनमें से पांच बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया. भारत सरकार को कॉल करके लीडर को छोड़ने की बात की. लीडर छुडाया जाने वाला ही था कि पांच बच्चों ने आतंकवादियों स्टेन गन छिन लिए और अधिकारियों को कॉल कर बुला लिया गया. दो आतंक वादियों को पकड़ लिया गया.

### ईडी के खिलाफ मुकदमा करेगा आदिवासी समाज

# पूर्व सीएम ने जमीन खरीदी है तो ईडी दस्तावेज सार्वजनिक करे : पूर्ति

**संवाददाता। रांची**



**खास बातें**

- गलत दस्तावेज बना कर लूटी जा रही आदिवासियों की जमीन
- एनआईसी की मिलीभगत से बदल रहा खतियान और प्लॉट का नेचर

झारखंड बनने के बाद राज्य में आदिवासियों की जमीन की हेराफेरी का मामला बढ़ा है. गलत दस्तावेज बनाकर झारखंड में जमीन लूटी जा रही है. शासन, प्रशासन को शिकायत करने के बाद कोई कारवाई नहीं हो रही है. इसके विरोध में शुक्रवार को पाहन, महतो, कोटवार समेत अन्य आदिवासी संगठनों का केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करम टोली में प्रेस वार्ता की. इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी साधु चरण पूर्ती ने कहा कि हेमंत सोरेन को बड़गाई अंचल की जमीन के मामले में गिरफ्तार किया गया है.अगर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जमीन खरीदी है तो ईडी दस्तावेज को सार्वजनिक करे. नहीं तो आदिवासी समुदाय ईडी के खिलाफ हाईकोर्ट में मुकदमा दायर करेगा.

मांडर के पूर्व प्रमुख बुधुवा उरांव ने कहा कि झारखंड बनने के बाद से रांची में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है. आदिवासी विधायक, सांसद है. इसके बावजूद आदिवासी जमीन लूट नहीं रुक रही है. राज्य सरकार और प्रशासन चुप है. क्षेत्रीय पड़हा राजा अजित उरांव ने कहा कि आदिवासियों की निजी जमीन के साथ ही साथ धार्मिक जमीन की भी लूट बढ़ी है. जमीन की सुरक्षा की जिम्मेदारी उपायुक्त, राज्यपाल और आयुक्त के पास है. इसके बावजूद धार्मिक जमीन की खरीद बिक्री जारी है. इसके लिए शासन प्रशासन को शिकायत भी की जाती है. इसके वावजूद कोई कारवाई नहीं होती है. उपायुक्त, आयुक्त को आदिवासियों के अस्तित्व की जानकारी भी दी गई है. नियम कानून को ताक पर रखकर जमीन कारोबारी धार्मिक जमीन को बेच जा रहा है. तेजी से आलीशान मकान बनाये जा रहे हैं. राष्ट्रीय समन्वय समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से आदिवासी जमीन की लूट मची है. इनका दस्तावेज के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. एनआईसी की मिलीभगत से खतियान प्लॉट का नेचर ही बदल दिया जा रहा है. लोहरा समाज के अभय भुटकुंवर ने कहा कि लगातार आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है.आदिवासी समुदाय को एक मंच पर आना होगा. तभी आदिवासी जमीन बचेगी.

**नयी आफत** भारत में मम्प्स वायरल इंफेक्शन का कहर, राजस्थान और महाराष्ट्र में तेजी से पसार रहा पांव

# केरल में बढ़े केस, स्वास्थ्य महकमा सक्रिय, लोगों को किया अलर्ट

**संवाददाता ।रांची**

भारत में मम्प्स आम भाषा में गलसुआ वायरल इंफेक्शन तेजी से फैल रहा है. पिछले दो महीनों में केरल में लगभग 15 हजार केस आ चुके है. साउथ साइड के बाद राजस्थान और महाराष्ट्र में भी मम्प्स वायरस के संक्रमितों कि संख्या तेजी से बढ़ रही हैं. केरल में बढ़ते मम्प्स इंफेक्शन को लेकर नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने खास दिशा-निर्देश दिए हैं. साथ ही हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा इस बीमारी को लेकर निगरानी की जा रही है. इसको देखते हुए रांची का स्वास्थ्य महकमा भी रेस हो चुका है. लगातार से बातचीत में रांची सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार



ने बताया कि इस वायरल इंफेक्शन को लेकर सभी विभागों को सचेत किया जा रहा है. वहीं उन्होंने बताया कि मम्प्स पैरामाइक्सोवायरस के कारण होता है. यह हवा में थूक के कण, नाक और गले से निकलने वाले संक्रामक एयरड्रोपलेट्स की वजह से एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है. छींकने या करीबी बातचीत से हवा में मौजूद संक्रमित बूंदें सांस के जरिए अंदर जा सकती हैं और संक्रमण का कारण बन सकती हैं.

इस बीमारी में पैरोटिड ग्रंथियों में सूजन हो जाती है. पैरोटिड ग्रंथियां, लार ग्रंथियां हैं, जो आपके कान और जबड़े के बीच स्थित होती हैं. इस दौरान गाल में सबसे ज्यादा सूजन होती है, जिसे पैरोटाइटिस के नाम से जाना जाता है. ये आपके चेहरे के एक या दोनों तरफ हो सकती है.

### मम्प्स के लक्षण

बीमारी के लक्षण 2-3 सप्ताह में शरीर पर दिखाई देते हैं.

**खाना-पानी निगलने में कठिनाई होना**

गाल का फूलना, साथ ही साथ जबड़े में सूजन आना इस बीमारी के लक्षण हैं

**तेज बुखार**

मसल्स में दर्द

**थकान**

भूख न लगना

**ऑर्काइटिस : वृषण का सूजन जो शायद कभी बांझपन का कारण बन सकता है**

एसेप्टिक मेनिनजाइटिस : मस्तिष्क आवरण में सूजन होजाने को ही मेनिनजाइटिस कहा जाता है

**एन्सेफलाइटिस : मस्तिष्क के संक्रमण के साथ दौरे भी पड़ सकते हैं**

### मम्प्स की रोकथाम

मम्प्स के रोकथाम के लिए वैक्सीन मौजूद है. एमएमआर (खसरा, कण्ठमाला और रूबेला) टीका आम तौर पर बच्चों को दो खुराक में दिया जाता है. पहला नौ महीने की उम्र में और दूसरा 15 महीने की उम्र में और बूस्टर खुराक 4-6 साल की उम्र में. यह आसानी से उपलब्ध और किफायती है. यह टीका न केवल मम्प्स, बल्कि खसरा और रूबेला से भी बचाता है. मम्प्स के लक्षण दिखते ही सबसे पहले अपने डॉक्टर को दिखाएं. इसके बाद घरेलू उपचारों को अपनाएं.

### घरेलू उपचार

ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थों का सेवन, नमक और गर्म पानी का गार्गल करें, बहुत आराम से खाएं, धीमे-धीमे और चबा-चबा कर, एसिडिक फूड्स के सेवन से बचें, जिससे आपको बार-बार पानी पीना पड़े, गले की खराश को शांत करने के लिए बर्फ का टुकड़ा चूसें, सूजी हुई ग्रंथियों पर बर्फ या हीट पैक रखें.

# आजसू ने की ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**संवाददाता ।रांची**

युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से मुलाकात की तथा जिला में सक्रिय ड्रग्स पैडलर/ ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह और जब्बार अंसारी ने की. इन्होंने कहा कि ड्रग्स पैडलर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए. इसके लिए स्पेशल दस्ते का गठन किया जाए, जिससे यह दस्ता स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक और शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान गुमटी, गुटखा, सिगरेट, चाय की दुकानों पर विशेष नजर रख सके. साथ ही



शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में आने वाली इन दुकानों को बंद करने को भी कहा. एसएसपी से मिलने वालों में सौरभ कुमार, गदाधर महतो, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, अभिषेक झा, अजित कुमार, अंशुतोष कुमार, कैलाश कुमार समेत अन्य शामिल थे.

मस्जिद प्रबंधन की ओर से नमाज पढ़ने वालों के लिए मुकम्मल व्यवस्था की गई थी

# मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

रेहान अहमद। रांची

पवित्र रमजान माह के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से ही लोग जुमे की नमाज पढ़ने की तैयारी में थे. अधिकांश नमाजी सफेद कपड़े पहने हुए थे, बूढ़े व युवा सभी में गजब का उत्साह था. दोपहर 12 बजे के बाद से नहा धोकर, पाक पवित्र हो सुरमा व इत्र लगाकर निकले. मस्जिद जाने वाली सड़कों पर केवल नमाजियों की भीड़ ही दिखाई दे रही थी. नमाज के समय से पूर्व मस्जिद पहुंच कर ही अपना स्थान सुनिश्चित कर लेना चाह रहे थे. वैसे तो मस्जिद प्रबंधन की ओर से नमाज पढ़ने वालों के लिये मुकम्मल व्यवस्था की गई थी. मस्जिद की छतों व सामने की सड़क पर दरी बिछाई गई थी. मस्जिदों में वजु के लिए अलग से पानी की व्यवस्था की गई थी, मस्जिद प्रबंधन की ओर से लोगों से अपील की गई थी कि मस्जिदों के आस पास रहने वाले घरों से ही वजु बना कर आये ताकि दूर दराज से आने वाले लोगों को वजु करने में परेशानी ना हो. इस दौरान विभिन्न मस्जिदों में नमाज के बाद दुआ की गई. जिसमें मुल्क में अमन-शंति, भाईचारा-मिल्लत के लिये दुआ की गई. प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

**यहां पढ़ी गई नमाज :** अपर बाजार जामा मस्जिद, मेन रोड इकरा मस्जिद, डॉ फतेउल्लाह मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद कर्बला चौक, हव्वारी मस्जिद, पुरानी रांची मस्जिद, थड़पखना मस्जिद, बरियातु मस्जिद, हिंदपीढ़ी तस्लीम मस्जिद, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, मक्का मस्जिद, मदीना मस्जिद, मस्जिद ए अकबरिया, मस्जिद ए उमर फारुक, इस्लामी मरकज, हरमू हामीम मस्जिद, पहाड़ी टोला मस्जिद, पुंदाग मस्जिद, कांटा टोली मस्जिद ए असरा, आजाद बस्जिद मस्जिद, पत्थलकुदवा मस्जिद, इलाही नगर मस्जिद आदि में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा हुई.





**पवित्र रमजान**

- मस्जिद जाने वाली सड़कों पर नमाजियों की भीड़ थी
- मस्जिदों में वजु के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी

### आखिर अशरे में एतेखाफ पर बैठना जरूरी : माजिद

हरमू हामीम मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना अब्दुल माजिद ने जुमे की नमाज से पूर्व नमाजियों से मुखातिब होते हुए फरमाया कि रमजानुल मुबारक का आशीर अशरा बहुत ही कीमती है. ऐसे तो हर अशरा ही कीमती है, पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा बरकत का और तीसरा अशरा मगफिरत का है. इस आखिरी अशरे में एक दिन शबे कद्र की रात होती है. वह रात 21, 23, 25, 27 व 29 रमजान को पड़ती है. लेकिन इन पांच रातों में कौन सी रात शबे कद्र है, इसी की तलाश करनी है. इसलिए इस आखिर अशरे में मसजिद में एतेखाफ पर बैठा जाता है. यानी मस्जिद में ही दिन रात रहना है. हर वक्त दीन में लगे रहना है. नमाज पढ़ना, कुरआन पढ़ना, तस्बीह पढ़ना है. दुनिया की बातों से बचना बहुत ही जरुरी है.

**एक रात में ही 83 साल की इबादत का सवाब है शबे कद्र की रात :** मौलाना अब्दुल माजिद ने कहा कि इस आखिर अशरे में मुहल्ले की मस्जिद में किसी एक शख्स को एतेकाफ पर बैठना जरूरी है. नहीं बैठने से पूरे मुहल्लों की अल्लाह के यहां पकड़ होगी. एतेकाफ पर बैठने से इसका अलग सवाब मिलेगा.

मस्जिद जाफरिया में हजरत अली की तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन

## मोहब्बत अली ईमान का प्रतीकः तहजिबुल हसन



**रांची।** मस्जिद जाफरिया में बयाद हजरत अली इब्न अबी तालिब की याद में तीन दिवसीय मजलिस शुरू हो गया. ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन और मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित किया. कहा कि अल्लाह के रसूल का फरमान है कि अली की मुहब्बत ईमान और मुहब्बत अली ईमान की निशानी है. हजरत अली उस महान व्यक्ति का नाम है जिनका जन्म की व्यवस्था ईश्वर ने अपने घर काबा में की. हज़रत अली ने अपना पूरा जीवन मानवता के लिए समर्पित कर दिया. जब अली को पता चला कि लोग भूखे हैं तो वह रात के अंधेरे में गरीबों के घर अपनी पीठ पर राशन लेकर जाते थे. इससे अली के शासनकाल में कोई भी भूखा नहीं सोया. हजरत अली ने कहा कि यदि समाज का एक भी आदमी भूखा रहेगा तो उस देश के अमीर लोगों पर तरस खाने के अलावा और कुछ नहीं किया जा सकता. कहा कि अली के किरदार से मुसलमान अपने समाज को नई जिंदगी दें. लोग हमें धर्म से नहीं चरित्र से पहचानें. 1400 साल पहले सन् 40 हिजरी में रमजान की 19 तारीख को हजरत अली पर इराक के कूफा की मस्जिद में अब्दुल-रहमान इब्न मुलजिम ने उस समय हमला किया जब वह नमाज पढ़ रहे थे और 21 रमजान को हजरत अली शहीद हो गए. मर्सिया खानी सैयद अता इमाम रिजवी और मुहम्मद इमाम ने की. पेशखानी सैयद निहाल हुसैन सरियावी, अमूद अब्बास, यूनुस रजा, अमीर गोपालपुरी ने की. कार्यक्रम का आयोजन सैयद मेहदी इमाम और सैयद जफरुल हसन ने किया.

ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत एडहॉक कमेटी का गठन

# मजलिस मुशाविरत के संयोजक बनाए गए खुर्शीद हसन रूमी

संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत ने राज्यों में कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसी कड़ी में झारखंड में भी अध्यक्ष फ़िरोज़ अहमद एडवोकेट ने हाल ही में झारखंड का दौरा किया था. अपने प्रवास के दौरान मुशाविरत से जुड़े विभिन्न दलों के लोगों से मुलाकात की थी. इसके अलावा उन्होंने राज्य के नेतृत्व वाले सामाजिक एवं कल्याणकारी संगठनों के सक्रिय सदस्यों से भी बातचीत की थी. मजलिस मुशाविरत के सदस्य मौलाना डॉ. यासीन कासमी और सदस्य मंजूर अहमद अंसारी के साथ 10 मार्च को मस्जिद जाफारिया चर्च रोड, विक्रांत चौक, रांची में एक बैठक में भाग लिया था. तब अध्यक्ष फिरोज अहमद एडवोकेट से सभी लोगों ने झारखंड में मुशाविरत गठित करने को कहा था. अध्यक्ष के निर्देश के बाद ऑल इंडिया मजलिस मुशाविरत के महासचिव शेख मंजूर अहमद ने एक पत्र जारी किया था. जिसमें छह महीने के अंदर प्रदेश इकाई का गठन कर समिति बनाने को कहा था. इस पत्र के अनुसार सात सदस्यों की एक एडहॉक समिति का गठन किया गया. इसमें झारखंड राज्य मुस्लिम मजलिस मुशाविरत के पूर्व महासचिव खुर्शीद हसन रूमी को झारखंड राज्य का संयोजक बनाया गया. बाकी को सदस्य बनाया गया.



**अभियान शुरू**

- मजलिस मुशाविरत के महासचिव हैं शेख मंजूर
- मुशाविरत ने कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है


इनमें हाजी हलीमुद्दीन रांची, हाजी शकील अहमद लोहरदगा, मुहम्मद मिन्हाज आलम चतरा, मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी रांची, साजिद हुसैन लालू कोडरमा और प्रोफेसर डॉ. जकी अख्तर जमशेदपुर का नाम शामिल है. ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत एडहॉक कमेटी के गठन व संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद हसन रूमी की नियुक्ति पर जामिया रशीदुल उलूम अकीलुर रहमान, राकीन टाटा और गुलाम जिलानी अधिवक्ता ने सभी को बधाई दी.

# श्रीकृष्ण प्रणामी समाज का होली मिलन सह भजन संकीर्तन कल मंदिर सभागार में

संवाददाता। रांची

संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों के लिए होली मिलन समारोह सह भजन संकीर्तन का आयोजन रविवार 31 मार्च को किया गया है. समारोह का आयोजन पुंदाग टीओपी रोड के पास निर्माणाधीन मंदिर परिसर में किया जाएगा. स्वामी सदानंद महाराज श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की रांची शाखा के संस्थापक सह संरक्षक भी हैं.

समारोह को लेकर श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के सदस्य तैयारियों में जुटे हैं. विद्या देवी अग्रवाल के शिवगंज हरमू रोड स्थित निवास स्थान सह सत्संग भवन में शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में होली मिलन सह भजन संकीर्तन कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने के साथ ही साथ सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी भी सौंपी गयी. कहा गया कि संस्था की ओर से होली का महान पर्व पिछले 38 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है.



**दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक कार्यक्रम :** होली मिलन समारोह सह भजन संकीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा. समारोह में फूलों की होली, अबीर-गुलाल की होली खेली जाएगी. समारोह में आये हुए बुजुर्गो से संस्था के सभी सदस्य आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और आये हुए मेहमानों को अंग वस्त्र प्रदान कर संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा सम्मानित किया जाएगा. बैठक मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल के अलावा उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, अरविंद अग्रवाल, पवन पोद्दार, ओमप्रकाश सरावगी, विशाल जालान, बिष्णु सोनी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया के अलावा श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे.

अभियांत्रिकी में नव प्रवृत्तियों पर सम्मलेन

# राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका है अहम : शेरोन

संवाददाता। रांची

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (मेसरा) में अभियांत्रिकी और विज्ञान में नव प्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन का शुभारंभ शुक्रवार को आरएंडडी बिल्डिंग के सेमिनार हॉल एक में हुआ. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीआरआई लखनऊ एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिव्या सिंह और विशिष्ट अतिथि संकाय मामलों के डीन प्रोफेसर अशोक शेरोन थे. इस कार्यक्रम में छात्र मामलों के डीन डॉ भास्कर कर्ण, कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ऋचा पांडे, सह संयोजक डॉ. दिलीप कुमार सिंह और राजभाषा प्रकोष्ठ के उप हिंदी अधिकारी डॉ. अमित तिवारी भी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत के बाद अतिथियों ने सार पुस्तिका का विमोचन किया.

प्रोफेसर अशोक शेरोन ने अपने भाषण में कहा कि राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका अहम है. साथ ही इस सम्मेलन के महत्व और इस आयोजन के लिए विभिन्न संस्थानों के सहयोग के बारे में बताया. डॉ. दिव्या सिंह ने ऑस्टियोपोरोसिस और अन्य हड्डियों की समस्याओं के लिए प्रकृति से प्राप्त सिंथेटिक पदार्थों सीडीआरआई-1500 और सीडीआरआई-399 पर अपना अध्ययन प्रस्तुत किया. उन्होंने विशेष रूप से रजोनिवृत्त महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस की व्यापकता के बारे में बताया. हड्डियों की समस्याओं के लिए निर्धारित एलोपैथी दवाओं के विभिन्न दुष्प्रभावों, प्राकृतिक विकल्पों की तलाश करने की आवश्यकता एवं सीडीआरआई-1500 और सीडीआरआई-399 दवाओं के भविष्य पर बात की. इसके बाद डॉ. भास्कर कर्ण ने डॉ. दिव्या सिंह को सम्मानित किया. दूसरे सत्र में प्रतिभागियों द्वारा औषधि वितरण प्रणाली, डाटा सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ मटेरियल इंजीनियरिंग, हाइड्रोजियोकेमिकल लक्षण वर्णन और भूजल गुणवत्ता मूल्यांकन एवं ओरल कैंडिडिआसिस का प्रतिकार जैसे विषयों पर विभिन्न पोस्टर प्रस्तुतियां दी गईं. स्नातकोत्तर अध्ययन के डीन प्रोफेसर एसएस सोलंकी ने प्रतिभागियों की सराहना की और उनकी प्रस्तुतियों पर टिप्पणी की. दूसरा सत्र ऑनलाइन मोड में हुआ. यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किए गए. इंजीनियरिंग, विज्ञान और वास्तुकला को सात अलग-अलग विभागों में विभाजित किया गया था.

**बीआईटी रांची**

- डॉ. भास्कर ने डॉ. दिव्या सिंह को सम्मानित किया
- प्रोफेसर एसएस सोलंकी ने प्रतिभागियों की सराहना की

# अभिषेक जॉर्ज मिंज ने किया यीशु का रोल

संवाददाता। रांची

रांची के संत मारिया महागिरजाघर में भला शुक्रवार के अवसर पर सुबह पाप स्वीकार का वंदन किया गया. साथ ही रांची पल्ली यूथ ने यीशु क्रूस रास्ता के दुःख की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से की. नाटक के अभिनयकर्ता में मुख्य रूप से यीशु का अभिनय अभिषेक जॉर्ज मिंज ने किया. माता मारिया-अनुष्का तिर्की, बेरोनिका-आस्था लिंडा, सिमोन-केविन खजूर, मुख्य संचालक अभिषेक एवं रंजीता नेहा कुजरू थे. लोयोला मैदान में शाम में पुण्य शुक्रवार की धर्म विधि की गई व क्रूस रास्ता की धर्म विधि की गई. क्रूस रास्ता की धर्म विधि में जो पीड़ा क्रूस उठाते समय यीशु ने सही उसी दुख की प्रस्तुति मैदान में की गई. क्रूस के पहले रांची पल्ली पुरोहित फादर आंनद डेविड ने ढ़ोया. आर्च बिशप विंसेंट आइंद ग्यारह स्थान से बारह स्थान तक उठाये. क्रूस पर उठाया दुख दर्द फिर भी खामोश रहे, गीत की वंदना की गई. प्रस्तुति विश्वासी कलीसिया ने देखा और सुना. क्रूस उठाते वक्त, क्रूस के गीत गाए "प्रभु ने अपना खून बहाकर मुझे बचा लिया". सभी ने क्रूस के सामने विनती की और यीशु के क्रूस के पांच घाव को याद किया. इस अवसर पर आर्च बिशप विंसेंट आइंद, पुरोहित फादर आनंद डेविड, फादर दीपक बाड़ा, फादर अजय खलखो, फादर आशोक, फादर जॉर्ज मिंज, फादर जस्टिन तिग्गा, फादर थियोडोर टोप्पो, फादर मुकुल लकड़ा, फादर असीम मिंज मौजूद थे.



### मनुष्यों के पापों को यीशु ने खुद पर लिया

एनडब्लू जीइएल चर्च के आराधना के मुख्य अनुष्ठाता एवं उपदेश बिशप राजीव सतीश टोप्पो, सहायक यीशु नाखरी मिंज एवं रेव्ह सलमोन एक्का रेव्हशशि मिंज थे. गुड फ्राइडे को गुड क्यों कहा जाता है, उसे समझने के लिए तीन बातें हैं. पहली-प्रभु यीश का इस धरती पर आने का उद्देश्य, क्या था ? मनष्य पाप में पड़ कर पापी बन गया है. प्रभु यीशु इस घरती पर मनुष्यों को पापों से स्वतंत्र करने के उद्देश्य से आये. पापों से छुटकारा देकर धरती पर अनंत जीवन प्रदान किये. दूसरा- प्रभु यीश ने क्रूस पर क्या किया? पाप की सजा बहुत ही भयानक है. हम सभी मनुष्यों के पापों को यीशु ने अपने पर लिया और दंडित हुए. हमें अनंत दंड से छुटकारा दिलाए. यीशु के क्रूस मृत्यु का प्रतिफल क्या है? इसे बताया गया.

## पुण्य दिन पर यीशु के पदचिन्हों पर चलते हुए 12 लोगों के पैर धोए



**रांची।** पवित्र यूखारिस्त के स्थापना दिवस के अवसर पर डाल्टनगंज धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास ने पुण्य गुरुवार की धर्म विधि एक दूर के गांव में की. कुंडपानी पल्ली के एक छोटे से गांव अड़ागड़ा में बिशप ने धूमधाम से पुण्य गुरुवार की धर्म विधि मिट्टी से बने इस गांव के गिरजाघर में संपन्न की. इस गांव में और बाहरी इलाके में जहां लोगों को सुविधा उपलब्ध नहीं थी वैसी जगह जा कर प्रभु का प्यार बांटा. पुण्य दिन पर प्रभु यीशु के पदचिन्हों पर चलते हुए बिशप ने प्रेम के साथ 12 लोगों के पैर धोए. उन्होंने इस प्रकार प्रभु के प्रेम को अभिव्यक्त किया जैसा कि हमारे प्रभु ने खुद उदाहरण दिये हैं. बिशप ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु ने हमें मिस्सा बलिदान दिया है. जो ईसाई जीवन का स्रोत और शिखर है. इस प्रकार प्रभु ने अपना शरीर और रक्त हमें प्रदान किये हैं. इसलिए हमको चाहिए कि हम मिस्सा में भाग लेने का प्रयास करें. हम सभी प्रभु के द्वारा इसलिए बुलाए गए हैं, ताकि हम एक दूसरे की सेवा करें.

## यीशु ने मनुष्य के सारे पापों को धो दिया : शमूएल भुईयां

**रांची।** सीएनआई चर्च के पुरोहित शमूएल भुईयां ने संदेश देते हुए कहा कि यीशु आश्चर्य कार्य किया करते थे, पर लोगों ने उन्हें सताया. उनकी निंदा की. यीशु सारी बातें जानते थे. परमेश्वर की योजना के तहत ही यीशु को क्रूस में चढ़ाया गया. बाइबल के अनुसार यीशु यह सारी बातें जानते थे कि मनुष्य का पाप किसी मेमने भेड़ के लहु से शुद्ध नहीं किया जा सकता. इसलिए यीशु ने अपने आप को क्रूस पर बलिदान कर उन्हें क्षमा करने की बात कही. कहा हे पिता इन्हें माफ कर क्योंकि यह नहीं जानते यह क्या कर रहे हैं और मनुष्य का पाप क्षमा नहीं किया गया तो यह पाप में ही मरेंगे.



मनुष्य के लिए ही यीशु ने क्षमा मांगा और खुद को क्रूस पर बलिदान किया. कहा कि हम सभी विश्वासी कलीसिया को एक दूसरे के पापों के लिए क्षमा मांगना है. जब यीशु क्रूस पर चढ़ाए गए थे तब उनके इर्दगिर्द दो आपराधी व्यक्ति भी थे.

## गुड फ्राइडे पर हुई रांची के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना

**रांची।** गुड फ्राइडे के दिन रांची के सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना की गई. रांची के सुजाता स्थित ख्रीस्त गिरजाघर में सुबह पहली आराधना की गई. इस अवसर पर मुख्य उपदेशक डायसिश मोडरेटर जोहन डांग एवं बिशप सिंमात तिर्की थे. भला शुक्रवार के अवसर पर विश्वासी कलीसियां को क्रूस की सातवाणी का संदेश दिया गया. मोडरेटर डांग ने अपने संदेश में कहा कि जब मनुष्य द्वारा यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया, तो यीशु ने कहा, हे पिता इन्हें माफ कर क्योंकि यह नहीं जानते यह क्या कर रहे हैं. मनुष्य जाने अनजाने



अपने उद्धार करता है. यीशु की निंदा, अपमान करने वाले सभी मनुष्यों को उन्होंने माफ किया. उन्होंने बाइबल के अनुसार कहा कि जैसा लिखा है कि अगर तुम क्षमा नहीं करोगे, तो तुम्हें भी क्षमा नहीं किया जाएगा.

**मारवाड़ी समाज** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22वीं प्रांतीय सभा सह लघु सम्मेलन 30 और 31 मार्च को

# प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सम्मेलन में सम्मानित होंगे युवा

संवाददाता। रांची

रांची के अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में शुक्रवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की ओर से प्रेस वार्ता की गई. मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने मीडिया को संबोधित किया. कहा कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22वीं प्रांतीय सभा सह लघु सम्मेलन "समागन" 30 और 31 मार्च को होगी. इस दो दिवसीय सम्मेलन में झारखंड प्रांत से लगभग 400 युवा शामिल होंगे. इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड के पूर्व सम्मानित प्रांतीय अध्यक्षगण, प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं युवा साथी समेत समाज के कई सम्मानित सदस्यगण व अभिभावक शामिल होंगे. इसमें पूरे प्रांत से 250 से अधिक साथियों ने अभी तक अपना पंजीकरण करवा लिया है. उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में झारखंड से मारवाड़ी समाज के युवा प्रतिभा को चुनकर उन्हें युवा रतन सम्मान से सम्मानित भी किया जायेगा. साथ ही यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगी. सम्मेलन में थीम बेस्ड लंच का कार्यक्रम होगा. शाम पांच बजे उद्घाटन व महेश्वरी भवन से अग्रसेन भवन तक एक रैली भी निकाली जाएगी. इस दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक, उद्घाटन सत्र, प्रांतीय सभा, युवा रतन पुरस्कारों का वितरण, वार्षिक पुरस्कारों का वितरण सहित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जायेगा. सभी युवा साथियों एवं समाज बंधुओं के सहयोग से यह अधिवेशन, सफल, सार्थक एवं सकारात्मक अधिवेशन के रूप में एक नया इतिहास रचेगा. बताया गया कि प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सफल मार्गदर्शन में यह आयोजन हो रहा है. इसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) युवा विशाल पाड़ियां व प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल का भी सहयोग है. इसके अलावा शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में समर्पण शाखा सचिव सपना सिंघानिया व रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था मीनू अग्रवाल एवं सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों के सहयोग से समर्पण शाखा इस अधिवेशन के वृहत आयोजन में लगी है.



**युवा मंच**

- 250 से भी अधिक साथियों ने पंजीकरण करा लिया है
- झारखंड से लगभग चार सौ युवा सम्मेलन में शामिल होंगे

# ज्ञान बाण तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल हुईं कोमालिका

संवाददाता। रांची

ज्ञान बाण तीरंदाजी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में हुआ. कार्यक्रम में विश्व तीरंदाजी की चैंपियन रहीं कोमालिका बारी शामिल हुईं. मौके पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं को तीरंदाजी के टिप्स दिए. साथ ही तीरंदाजी में अपने भविष्य को कैसे सवारें इस पर भी चर्चा की. जागरूकता कार्यक्रम में सनातन विद्या निकेतन की छात्रा फिजा आफरीन को प्रथम पुरस्कार दिया गया. वहीं स्कूल की उप-प्राचार्य प्रज्ञा अवस्थी समेत आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर, डीजीएम, एक्स सीजीएम सहित अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए.



### पदाधिकारियों को जिले में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश

# एसएसपी-डीसी ने बुंडू के संवेदनशील इलाकों में बूथों का किया निरीक्षण

संवाददाता। बुंडू

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बुंडू प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में बूथों का निरीक्षण किया. साथ ही उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बुंडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की. उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिला में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये. साथ ही बुंडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसीरहातु, बुंडू, बूथ संख्या-10, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय चुरुगी, बूथ संख्या-15 और 16, राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारूहातु, बूथ संख्या-18 एवं 19 का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.



**खास बातें**

- विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए
- बूथों पर जरूरी आवश्यक सेवा सुनिश्चित होनी चाहिए

**मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई का दिया निर्देश :** उपायुक्त ने मतदान बूथों पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सभी बूथों पर पहुंच कर मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया. उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का कहा. इस दौरान उन्होंने संवेदनशील इलाकों में बूथों का विशेष निरीक्षण किया, ताकि भय मुक्त वातावरण में मतदान कराया जा सके. उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के समय जो भी फोर्स यहां रुके उनके लिए बूथों पर जरूरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो. इसलिए सभी संबंधित अधिकारी यह पहले से ये देख लें कि बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें.

बैठक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार अग्रवाल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू लाल मोहन मरांडी, भूमि सुधार उप समाहर्ता बुंडू छवि बारला, प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू रेणु कुमारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बुंडू पवन कुमार, उप-निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग रांची रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी, तमाड़, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी पुलिस सेक्टर पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

**ब्रीफ खबरें**

### बुढ़मू में किशोरी की सर्पदंश से हुई मौत

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के बेड़वारी गांव निवासी अजय महतो की पुत्री सोनी कुमारी (16) की आकस्मिक मृत्यु सर्पदंश से हो गई. जानकारी के अनुसार, मृतका अपने खेत में काम कर रही थी. इसी बीच विषैले सांप ने उसे डस लिया. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया.

### जिला प्रवक्ता ने रामटहल चौधरी को दी शुभकामनाएं


**ओरमांझी।** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस में शामिल होने पर जिला प्रवक्ता अमाल खान ने उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि चौधरी झारखण्ड के एक सम्मानित नेता हैं. खान ने कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने से संगठन मजबूत होगा. वे मूलवासी सदान से आते हैं. वे मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक, सम्मेलन में हमेशा शामिल होते रहे हैं और उनका मार्गदर्शन भी मिलता रहा है.

### 418 किसानों को किया गया प्रशिक्षित

**बुढ़मू ।** रांची के मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण मिशन के द्वारा प्राकृतिक खेती विस्तार योजना के अंतर्गत रांची जिला के 418 किसानों को प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण 1 मार्च से 29 मार्च के बीच विभिन्न चरणों में दी गयी. प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया और प्राकृतिक खेती से जुड़े तकनीक एवं उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गयी.

### सीआईडी की टीम जुटा रही है कारोबार की खुफिया जानकारी

# लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की ताक में सीआईडी


अवैध लॉटरी का **कारोबार** 17

रिजवान शम्स। धनबाद

धनबाद में लॉटरी के करोड़ों के कारोबार के खिलाफ रांची मुख्यालय की सीआईडी टीम जल्द ही बड़ी कार्रवाई करेगी. इसके लिए सीआईडी की टीम ने लॉटरी के अवैध कारोबारियों की बहुत सारी सूचनाओं का संकलन कर लिया है. सीआईडी के कुछ लोग दो-तीन दिनों से धनबाद में रहकर इस पूरे अवैध कारोबार को वॉच कर रहे हैं. सूचनाओं से लैस होने के बाद इन कारोबारियों के ठिकानों पर जल्द दबिश दी जाएगी. सीआईडी की टीम के निशाने पर खासकर वे लोग भी हैं, पिछली छापेमारी के बाद जिन नौ शातिरों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था. ये हॉकर नहीं हैं बल्कि अवैध कारोबार के मगरमच्छ के तौर पर जाने जाते हैं, और ये सारे लोग सीआईडी की पकड़ से अब तक बाहर हैं. लॉटरी के अवैध कारोबार में मुनाफा का ग्राफ देखकर नए-नए लोगों का इस अवैध कारोबार में जुड़ने का भी सिलसिला जारी है. पुलिस की लगातार छापेमारी व दबिश के बाद भी धंधे पर कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है. हालांकि सीआईडी का अगला कदम बड़ा होने वाला है. पिछली बार छह सदस्यीय टीम धनबाद आई थी, इस बार दर्जनों की संख्या में आकर एक साथ इस अवैध कारोबार की जड़ पर चोट करने का इरादा जांच एजेंसी का है.



**ये हैं सीआईडी की रडार पर**

- पवन झुनझुनवाला
- प्रदीप अग्रवाल
- अजीत साव,
- आनंद साव
- समीर अंसारी
- राजेश निषाद
- सलाहउद्दीन
- कुलदीप अग्रवाल
- विक्की
- इकबाल गद्दी
- संजय वर्णवाल
- गुरुपदो रवानी
- अजय चौरसिया
- इशु पासवान
- आशीष यादव
- वेद शर्मा
- दीपक अग्रवाल
- शब्बीर अहमद

- लॉटरी टिकट के भंडारण से कारोबारियों के ठिकानों तक की ले रहे हैं टोह
- पुराने शातिरों के साथ-साथ नए लोग भी अवैध कारोबार में आजमा रहे

### ऊपर कुल्ही में फिर शुरू हुई बिक्री

धनबाद के जोड़ापोखर में पुलिस छापेमारी के बाद वहां के लॉटरी माफिया भूमिगत हो गए हैं, जबकि झरिया के कई इलाकों में ये कारोबार फिर से शुरू हो गया है. ऊपर कुल्ही सिंदरी रोड, शमशेर नगर, शाह नगर, होरलाडीह, नीचे कुल्ही, बनियाहीर, भागा में लॉटरी की खरीदफरोख्त शुरु हो गई है.यहां कई कारोबारियों के ब्रांड की लॉटरी खरीदी व बेची जा रही है. बताते चलें कि जोरापोखर में पुलिस की छापेमारी के बाद ही इन इलाकों में लॉटरी का कारोबार कई दिनों तक पूरी तरह से बंद रहा. हालांकि इन इलाकों के लॉटरी माफिया अब भी फरार हैं, लेकिन कारोबार का संचालन किया जा रहा है.

### इनाम उठने पर नहीं दी गई रकम

हाल के दिनों में एक नए गुट ने लॉटरी के कारोबार की कमान संभाली है. ये ग्रुप तीन-चार लोगों का है. इस ग्रुप झरिया के पुराने शातिर हैं. इस ग्रुप में लॉटरी उठने पर इनाम नहीं दिया जा रहा है. कई जगहों से इस बात की शिकायत मिलने के बाद हॉकर उसकी लॉटरी को बेचने से इंकार कर रहे हैं. बताते चलें कि एसवी ब्रांड की लॉटरी में पिछले सप्ताह ही दो इनाम उठे थे. इनमें एक बस्ताकोला का था और दूसरा फूसबंगला का. दोनों इनाम की राशि लगभग साढ़े चार लाख रुपये की थी. इस ग्रुप की तरफ से कई दिनों बाद तक इनाम में उठी रकम नहीं दी गई. ऐसे में इनाम उठने वाले पार्टी का आक्रोश हॉकरों को झेलना पड़ता है, क्योंकि फील्ड में उसी की भूमिका होती है. इस कारण हॉकर उसके ब्रांड की लॉटरी बेचने से परहेज कर रहे हैं.

## कोयला लदा हाइवा पलटा, बाल-बाल बचे ग्रामीण

संवाददाता। पिपरवार

पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत स्थित रांची -चतरा मार्ग के महादेव गढ़ा पुल के समीप अनियंत्रित कोयला लदा हाइवा शुक्रवार शाम दुर्घटनाग्रस्त हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मगध आम्रपाली से कोयला लदा हाइवा पिपरवार स्थित सीएचपी / सीपीपी लाया जा रहा था.

इसी दौरान अनियंत्रित होकर कल्याणपुर महादेव गढा पुल के समीप पलट गया. गनीमत यह रही की उस दौरान ग्रामीण राहगीर चपेट में आने से बाल-बाल बच गए. बताया जाता है कि उक्त हाइवा चालक नशे की हालत में था. लोगों की माने तो ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा बाहरी गाड़ियों व अकुशल चालकों के सहारे तमाम मानकों को दरकिनार कर परिचालन किया जा रहा है. वहीं, जिला प्रशासन के सड़क सुरक्षा नियमों की बार-बार अवहेलना की जा रही है, जिससे आम जनमानस का राह चलना भी मुश्किल हो गया है. राहगीरों एवं स्कूली बच्चों के बीच डर बना रहता है की कब कोई अनहोनी हो जाए .



### मांडर : सड़क हादसे में युवक की मौत

**मांडर।** मांडर-बेड़ो मुख्य पथ पर टांगर बसली के निकट हुए सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, दो अन्य इस हादसे में घायल हो गए. घटना शुक्रवार शाम लगभग सात बजे की है. बताया जाता है कि हारिल जोल्हा टोली निवासी 22 वर्षीय सुजीत एक्का और 18 वर्षीय बादल कच्छप अपनी बाइक से घर की ओर लौट रहे थे. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई. इस हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए. ग्रामीण और पुलिस की मदद से तीनों को रेफरल अस्पताल मांडर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया. वहीं, बादल का प्राथमिक उपचार अस्पताल में ही किया गया, जबकि सुजीत के पैर टूट जाने व शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट होने के कारण उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है. खबर लिखने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी.

## मस्जिदों में अदा की गई रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज



संवाददाता। पिपरवार


सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को रमजान महीने की तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई. नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के सभी मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ देखी गई. जानकारी के अनुसार, भीषण गर्मी के बावजूद बचरा जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने के लिए भारी संख्या मे नमाजियों की भीड़ देखी गई. बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज आलम ने जुमे की नमाज पढ़ायी. नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर में रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि रमजान में रोजा, नमाज के साथ गरीब असहाय की मदद करना काफी जरूरी है. एक माह तक लोग खुदा की इबादत करते और सच्चे दिल से इबादत करने वालों के गुनाहों को खुदा माफ करते है. लोग एक महीने के रोजे में नमाज, तरावीह, कुरान की तिलावत करते है. साथ ही फितरा जकात निकाल कर गरीब असहाय की मदद करते है. उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने में लोगों के गुनाहों का फैसला होता है. अंत में क्षेत्र, राज्य व देश की खुशहाली एवं अमन चैन और भाई चारे के लिए दुआ मांगी गई.

## बुढ़मू : आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

संवाददाता। बुढ़मू

ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों में आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई. मारपीट में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हुए हैं. घायलों का इलाज बुढ़मू सीएचसी में कराया जा रहा है. जानकारी के अनुसार गांव के अंजुमन कमेटी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई. पुलिस के अनुसार एक पक्ष से ताहिर अंसारी, मनिरुद्दीन अंसारी, मोजाहिद अंसारी और रमजान अंसारी घायल हुए हैं.

वहीं, दूसरे पक्ष से तौफीक आलम, अकील जावेद, कमरुद्दीन अंसारी तथा वसीम अंसारी घायल हुए हैं. थाना में दोनों गुटों द्वारा आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है. थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.







बताते चले कि गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस लगातार गश्ती कर रही है.

### पिपरवार में सरहुल शोभायात्रा निकालने की तैयारी को लेकर बैठक

**पिपरवार।** आगामी 11 अप्रैल को सरहुल महोत्सव शोभा यात्रा सह मेला आयोजन को लेकर सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित सरना क्लब में ग्रामीणों की बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया. बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी और संचालन शिव शंकर साव ने किया. इस ऐतिहासिक सरहुल महोत्सव सह मेला आयोजन को लेकर टंडवा प्रखंड प्रमुख ने बताया की झारखंड प्रदेश में मुड़मा मेला के तर्ज पर कल्याणपुर में भी मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है. इस सरहुल महोत्सव में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कई व्यवसायी के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाते हैं. इस मेला आयोजन में विधि-व्यवस्था सहित शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने को लेकर अगली बैठक में नई कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी समाज सेवी जनप्रतिनिधि पुलिस प्रशासन सीसीएल अधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी.

### खिजरी विधायक राजेश कच्छप होंगे मुख्य अतिथि, अन्य लोगों को भी निमंत्रित किया जाएगा

# रीति-रिवाज के साथ की जाएगी सरहुल पूजा: रमेश उरांव

संवाददाता। ओरमांझी

सरना स्थल मुन्ना पतरा जैविक उद्यान में झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी की ओर से ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव मनोनीत पड़हा समाज के अध्यक्ष समुद्र पाहान के अध्यक्षता में आगामी सरहुल पूजा सह सरहुल महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक किया गया. सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर मुन्ना पतरा में जुलूस आने के लिए सभी को संपर्क स्थापित कर निमंत्रित किया जाएगा. बैठक में झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा कि सरहुल पूजा पारंपरिक, सांस्कृतिक रीति रिवाज एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि आगामी 10 अप्रैल को सरहुल पूर्व संध्या, 11 अप्रैल को प्रत्येक घरों सरहुल पूजा एवं सभी सरना स्थलों में सामूहिक रूप से पूजा पाठ किया जाएगा. तथा 13 अप्रैल को सरना स्थल मुन्ना पतरा जैविक उद्यान परिसर में विभिन्न गांव से सरना जुलूस आएंगे. और भव्य रूप से सरहुल महोत्सव बनाया जाएगा. जिसमें खिजरी विधायक राजेश कच्छप व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. वहीं, बैठक में सरहुल पूजा की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया. इस बैठक में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव अध्यक्ष समुद्र पहान, पूर्व अध्यक्ष प्रेमनाथ मुंडा संरक्षक बालक पहान महासचिव नीलमोहन पहान कोषाध्यक्ष अघनु मुंडा, सुनील उरांव ,संजय तिर्की, बलराम बेदिया, गोपाल बेदिया सदमा 22 पड़हा के अध्यक्ष बाबूलाल महली, रमेश चंद्र उरांव अशोक मुंडा, गुड्डी सिंह मुंडा गोपाल उरांव बंधन मुंडा सुखराम पहान मुख्य पहान पुजारी दिल रंजन पहान राजकुमार मुंडा दिगंबर मुंडा सोहराई बेदिया सुलेंद्र उरांव विमल उरांव तीर्थ मोहन उरांव एवं अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे.



## रीति-रिवाजों को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत : समीर उरांव



**बेड़ो ।** लोहरदगा के भाजपा प्रत्याशी और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत के टेंगरिया गांव में सरना समाज के सामाजिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया. इस मौके पर उन्होंने सरना धर्म की रक्षा के लिए सरना समाज को एकजुट रहने तथा अपनी धार्मिक रीति-रिवाजों भेलवा फारी, डंडा कटना, खलिहानी पूजा, माघ पूजा, सावन सप्तमी पूजा जैसे रीति-रिवाज एवं परंपरा तथा सरना समाज की संस्कृति को बचाए रखने के लिए कुड़ुख भाषा, वेश-भूषा को अपनाने एवं सरना समाज में अतिक्रमण को रोकने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि सीरा सीता नाले सरना धर्म का सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल है. हमें अपने पूर्वजों की धरोहरों को बचाए रखने की जरूरत है.

**चैंबर की बैठक**

### एक फैक्ट्री पर सालाना एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा

# मजदूरी की नई दर अव्यावहारिक, व्यापारी हुए नाराज

संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी समिति की बैठक चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई. बैठक में कहा गया कि जब मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी की दर 280 रुपये है, तब हमें क्यों 450 रुपये भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने अक्टूबर माह में ही विभाग को अपनी आपत्ति और सुझाव देते हुए यह सुझाया था कि पूर्व की दर से अधिकतम 5 फीसदी ही वृद्धि की जाय, किंतु आश्चर्यजनक है कि हमारे प्रतिवेदन पर बिना विचार किए या वार्ता किए नई दर को अव्यवहारिक रूप से प्रभावी कर दिया गया है, जो हमें मंजूर नहीं है.



कार्यसमिति की बैठक में सदस्यों ने श्रम विभाग के इस निर्णय पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि नई दर के प्रभावी होने से एक फैक्ट्री पर सालाना 1 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो अनुचित है.

**नई दरों पर पुनर्विचार के लिए करेंगे आग्रहः** व्यापारियों व उद्यमियों की समस्या को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि जल्द ही विभागीय सचिव से मिलकर, नई दरों पर पुनर्विचार का आग्रह किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जिला स्तर के सभी चैंबर ऑफ कॉमर्स और औद्योगिक संगठनों से भी वार्ता की जाएगी. अप्रैल माह में चैंबर द्वारा लोहरदगा में बागवानी मिशन की योजनाओं पर किसानों के साथ वृहद् स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा. कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार के सुझाव पर महासचिव परेश गट्टानी ने जल्द ही कृषि निदेशक और कृषि सचिव की उपस्थिति में कृषि विभाग की योजनाओं पर भी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा. साथ ही उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर की सफलता के लिए सभी स्टॉलधारियों और शहरवासियों के प्रति आभार जताया. अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने अवगत कराया कि किसान, एफपीओ, एफपीसी द्वारा निर्मित और उत्पादित खाद्य उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिए चैंबर भवन में आगामी 6 और 7 अप्रैल को दो दिवसीय प्रदर्शनी की जायेगी. बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, नवजोत अलंग, राम बांगड, रोहित पोद्दार, सुनिल केडिया, शषांक भारद्वाज, मुकेश पांडे, जेपी शर्मा, महेंद्र जैन, राजीव चौधरी, कार्तिक प्रभात, तुलसी पटेल, आनंद जालान, सुषील चौधरी, अंकिता वर्मा, कुणाल विजयवर्गीय, एसके अग्रवाल, एसपी सिंह, रितेश कुमार, राजेश महतो आदि शामिल थे.

### 31 को तिलाईपीड़ी में होंगे कई कार्यक्रम

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र पंडाडीह पंचायत के तिलाई पिड़ी गांव में 31मार्च दिन-रविवार को विराट झूमर पाता नाच, मुर्गा लड़ाई एवं रात्रि में छऊ नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में झूमर शिल्पी जुनुन रशिका ग्रुप के झूमर सम्राट रंजीत महतो, सुरेश कुमार और झूमर शिल्पी एजे लीपनी, सुनीता राना मनोहरपुर पश्चिम सिंहभूम के कलाकार अपने कला का प्रदर्शन करेंगे. वहीं, छऊ नृत्य में भारतीय जनकल्याण छऊ नृत्य समिति के उस्ताद सनत महतो एवं मातकुमा शिवरंजन छऊ नृत्य समिति के राशबिहारी कुमार अपने कला का प्रदर्शन करेंगे. इसकी जानकारी आयोजन समिति के सक्रिय सदस्य अवधेश महतो ने दी.

## ऐतिहासिक डोल मेला की तैयारी को लेकर जनप्रतिनिधियों की बैठक



संवाददाता। नामकुम

टाटीसिलवे ऐतिहासिक डोल मेला का सफल आयोजन को लेकर सिल्वे पंचायत ग्राम प्रधान शिवनारायन शाही मानकी के अध्यक्षता में सिल्वे पंचायत परीसर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया. डोल मेला के आयोजक मानकी जितेंद्र शाही ने बताया कि यह मेला चार पीढ़ी पहले से ही लगाया जाता है. सर्वप्रथम हमारे पूर्वज मानकी किनु शाही, उसके बाद मानकी दीवान शाही, फिर मानकी जगरनाथ शाही और 1970 से अबतक मेरे नेतृत्व में मेला का सफल आयोजन होता आया है. मेला में राधा-कृष्णा का पूजा किया जाता है, जिसमें दो राधा व दो कृष्णा का मूर्ति होती है. पूर्व में कई क्षेत्रों से लोग खोड़ा नृत्य करने के लिए बिना निमंत्रण के ढोल नगाड़ों के साथ समूह बनाकर आते थे और नृत्य करते थे. राधा-कृष्ण का पूजा भी करते थे, लेकिन आज के समय में उस तरह का खोड़ा नृत्य नहीं हो पाता. सिल्वे पंचायत के मुखिया नुतन पहान ने बताया बैठक का उद्देश्य मेला के सफल आयोजन व मेला के दौरान उत्पन्न होनेवाले समस्या का समाधान करना है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आठवें भाव में चन्द्र है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें.

**वृषभ** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इत्र का दान करें.

**मिथुन** आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. अन्न दान करें.

**कर्क** शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. अच्छे सच्चे मित्र मिलेंगे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है.

**कन्या** कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. किसी नए कार्य की चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** दिन खुशनुमा होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. धर्म में मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

पेज एक का शेष...

## ढुल्लू ने कृष्णा को फोन कर कहा...

**ढुल्लू :** हम भी बम चलायें क्या?
**कृष्णा :** ये आप गलत बात कर रहे हैं. आप हमको डरा रहे हैं.
**ढुल्लू :** आप ये माफिया लोग के दबाव में कर रहे हैं. हमको धमकी दे रहे हैं.
**कृष्णा :** ये आप बोल रहे हैं कि धमकी दे रहे हैं. हम आपको क्या धमकी दिए बताइये.
**ढुल्लू :** ये क्या क्या लिख रहे हैं आप. हमको बुला के बात कीजिए
**कृष्णा:** अरे गजब बात कर रहे हैं. कोई जरूरी नहीं कि आपको बुला के बात करेंगे.
**ढुल्लू :** तीन तीन बार विधायक बने बीजेपी के टिकट से, उस समय नहीं बोले.
**कृष्णा:** आज बाघमारा में जो स्थिति है. आप पर जो मामला है. आज भी अखबार में आया है.
**ढुल्लू:** कौन मामला. अखबार की बात मत कीजिए, एक भी केस साबित हो गया, तो राजनीति छोड़ देंगे. बुलाइये सामने. पंद्रह जो मामला कर दिया है, हेमंत सोरेन कोयला चोरी, लोहा चोरी करवा रहा, कौन आवाज उठाया, एक सौ मर्डर करवा दिया.
**कृष्णा :** आपकी बात सही है
**ढुल्लू :** ये गलत बात है भइया. आप कांग्रेस के हैं.
**कृष्णा:** हमको भाजपा में कौन पूछ रहा है.
**ढुल्लू :** भाजपा में कोई नहीं पूछेगा, तो हमको मर्डरर बना दीजिएगा, क्रिमिनल बना दीजिएगा.
कृष्णा : आपके बारे में गलत लिखे तो बोलिए.
**ढुल्लू :** उसके बारे में क्यों नहीं लिखे, जो मर्डर करवा के जेल में है. माफिया हैं आपलोग, चुप रहिए,
**कृष्णा :** इसलिए विरोध कर रहे हैं आपका.
(शुभम संदेश व लगातार डॉट इन इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता.)

**ढुल्लू महतो के खिलाफ 49 मामले दर्ज हैं :** कृष्णा अग्रवाल ने मरांडी को पत्र में लिखा है कि ढुल्लू महतो के खिलाफ 49 मामले दर्ज हैं और उन्हें चार अलग-अलग मामलों में सजा मिल चुकी है. जिस दिन से ढुल्लू महतो को टिकट मिला है, उस दिन से धनबाद में नकारात्मक चर्चाओं का बाजार गर्म है. इसलिए पार्टी को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए.

**ढुल्लू को टिकट, जनता का अपमान : विजय झा**
बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा ने कहा कि गौरवशाली धनबाद में पचास मुकदमों के आरोपी को प्रत्याशी बनाना दुभार्ग्यपूर्ण है. धनबाद में सिंफर, आईआईटी जैसे संस्थान हैं, इनमें पढ़ने वाले बच्चे बाहर के लोगों को अपने सांसद-विधायक के बारे में क्या बताएंगे कि उनके जनप्रतिनिधि कैसे हैं. अपराधी हैं, उन्होंने कहा कि पार्टी सब जानती है, इसके बाद भी कैसे टिकट दे दिया गया.

**शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर....**

# सरकार को शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देने की जरूरत

लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज होती जा रही हैं. राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों का फोकस युवा मतदाताओं को रिझाने पर है. सभी खास कर वैसे युवाओं को टार्गेट कर रहे हैं, जो पहली बार वोट दे रहे हैं. सभी पार्टियां और प्रत्याशी युवाओं पर फोकस कर रहे हैं. युवा वर्ग राजनीति में खासा दिलचस्पी दिखा रहा है. झारखंड के युवा मतदाता भी देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए लोकतंत्र के महापर्व का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. झारखंड के 22,33,738 युवा वोटर पहली बार वोट डालेंगे. राज्य के 14




लोकसभा क्षेत्रों में इन युवा वोटरों के वोट निर्णायक होंगे. वैसे युवा वोटरों की चाहत है कि उनके लिए जो रोजगार की गारंटी देगा, उसे ही वे भी प्राथमिकता देंगे. युवा चाहते हैं कि ऐसी सरकार आये, जो ज्यादा से ज्यादा रोजगार का सृजन करे. युवा वोटरों की चुनाव और देश की राजनीति को लेकर क्या राय है. हमने अपने सहयोगी न्यूज पोर्टल लगातार डाट इन पर युवाओं की राय मांगी थी. सैकड़ों युवाओं ने हमें अपनी राय भेजी है. युवाओं की सोच उनके नजरिए को हम दैनिक शुभम संदेश में चरणबद्ध प्रकाशित कर रहे हैं.

### जो युवाओं को रोजगार की गारंटी देगा, उसे वोट करेंगे : क्षितिज मिश्रा




मैं पहली बार मतदान करूंगा और इसकी तैयारी कर ली है. जैसे ही हम 10वीं की परीक्षा पास करने के बाद भविष्य संवारने के लिए लक्ष्य तय कर विषय का चयन करते हैं, वैसे ही मतदान करने से पहले युवाओं के हितों के बारे में सोचनेवाले को ही वोट करेंगे. हमें सोचना होगा कि हमें क्या चाहिए. हमें देखना होगा को कौन युवाओं की उच्च शिक्षा, रोजगार, बेहतर कानून व्यवस्था, सुरक्षा- सम्मान को प्राथमिकता देता है. रोजगार की गारंटी का वादा करता है और कौन सिर्फ हवाई बातें करता है.

### रोजी रोजगार की व्यवस्था करनेवाली सरकार चाहिए : विनोद कुमार दास




मतदान एक त्योहार है. वोट एक भरोसा भी है. बहुत उम्मीद होती है कि जो प्रत्याशी हमारे क्षेत्र से निकलेंगे और हमारे लिए बेहतर काम करेंगे, उम्मीदों पर खरा उतरेंगेय युवाओं के लिए रोजगार एक बड़ा मुद्दा है. ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार कैसे मिल सके, इस पर सोचनेवाली सरकार बनाने की सोच के साथ मतदान करेंगे. हमें वैसा जनप्रतिनिधि, वैसी पार्टी व वैसा नेता चाहिए, जो युवाओं के लिए रोजी-रोजगार की व्यवस्था कर सके.

### स्थानीय नीति बनाकर युवाओं को रोजगार देना चाहिए : बबलू साव



झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष होने को हैं. लेकिन जिस उद्देश्य और उम्मीद से हमारे पूर्वजों ने झारखंड अलग राज्य बनवाया, आज कहीं न कहीं उनकी उम्मीदों पर पानी फिर रहा है. यहां के युवाओं के सपने टूटते-बिखरते जा रहे हैं, क्योंकि राज्य में बेरोजगारी चरम पर है. इस राज्य में थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी में भी दूसरे राज्यों के लोग आकर भर्ती हो जा रहे हैं और यहां के पढ़े-लिखे लोग बेरोजगार रह जा रहे हैं. इसलिए स्थानीय व रोजगार नीति बनाकर युवाओं को राजगार देना चाहिए.

### शिक्षा- रोजगार पर ध्यान देनेवाले को ही वोट देंगे : चौधरी बिक्रमा



आज पूरे देश में बेरोजगारी पर चर्चा हो रही है. मैं पहली पर मतदान करने वाला हूं. मैं झारखंड के भाग्यविधाता के बारे में सोचता हूं कि मेरा पहला वोट किसी ऐसे प्रत्याशी व पार्टी को मिले, जो हमारे झारखंड राज्य को पूरे भारत में नंबर वन बनाने का प्रयास करे. खनिज संपदा से भरपूर हमारा राज्य इतना पीछे आखिर क्यों है. ये राजनेताओं की वजह से है. जो युवाओं की शिक्षा व रोजगार पर ध्यान दे, वैसी सरकार बनाने के लिए मतदान करेंगे.

### शिक्षा और रोजगार की गारंटी वाली सरकार चाहिए : कुंदन कुमार



सरकारों के लिए केवल सड़क और नाली ही विकास का पैमाना नहीं है. आज के भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण सवाल रोजी रोटी और रोजगार का है, शिक्षा के गिरते स्तर का है. स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का है. बढ़ता भ्रष्टाचार भी बहुत जटिल समस्या है. इसलिए शिक्षा व रोजगार की गारंटी देनेवाले को हम युवाओं को समर्थन करना चाहिए. आज देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जा रही है.इसलिए सरकार को रोजगार के नए-नए अवसर पैदा करना चाहिए.

### बेरोजगारी दूर करने की सकारात्मक पहल करनी चाहिए : दीपक मिश्रा



नरेंद्र मोदी देश को विकास की ओर लेकर चल रहे है देश बहुत ही जल्द आर्थिक मामलों में विकसित होगा. लेकिन देश में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है. सरकार को चाहिए सरकारी कार्यालयों में जो पद रिक्त पड़े हैं, उसे भरने की दिशा में पहल करे, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके. सरकार को हर हाल में बेरोजगारी दूर करने की सकारात्मक पहल करनी चाहिए.

### सरकारी नौकरियों में सुचिता व पारदर्शिता होनी चाहिए : समित



सरकारी नौकरियों में सुचिता व पारदर्शिता होनी चाहिए. खासकर झारखंड में सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लानी चाहिए. सरकारी एजेंसी का गलत उपयोग नहीं होना चाहिए. राजनीतक दलों को जात-पात से ऊपर उठकर बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा की गारंटी सबको देने के लिए नीति बनानी चाहिए, वह भी बिना किसी भेदभाव के. राज्य के मेरिट अभ्यर्थी को आगे बढ़ने का मौका मिले, न कि पलायन की नौबत आए.

### युवाओं को हर हाल में रोजगार की गारंटी चाहिए : विवेकानंद मंडल



सरकार को युवाओं को रोजगार की गारंटी देनी होगी, तभी समाज, राज्य व देश का विकास हो सकेगा. एक देश- एक कानून, एक चुनाव, एक वेतन भत्ता यानि सभी जॉब करने वाले को एक ही वेतन मिलना चाहिए. सभी के लिए वेतन 25000 से अधिक नहीं होना चाहिए, चाहे वह सांसद हो या मंत्री, एसआई हो या डीएसपी, हवालदार हो, शिक्षक हो या डॉक्टर-चपरासी या लेबर या खलासी. सरकार को युवाओं को रोजगार की गारंटी देनी होगी, तभी समाज, राज्य व देश का विकास हो सकेगा.

**रांची लोकसभा सीट : भाजपा और कांग्रेस फिर मुकाबले के लिए तैयार**

# भाजपा फिर से जीत का स्वाद चखने, तो कांग्रेस भाजपा से सीट छीनने को बेकरार

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता**
**21, 42,991**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 10,56,360 | 10,86,564 |

**ट्रांसजेंडर : 67**

सत्य शरण मिश्रा। रांची

लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर मुकाबले के लिए तैयार है. भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है. वहीं इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस यहां से चुनाव लड़ेगी. भाजपा संजय सेठ को मैदान में उतर चुकी है. कांग्रेस के किस प्रत्याशी से उनका मुकाबला होगा, जल्द ही यह साफ हो जाएगा. रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा में सीधी टक्कर होती है. भाजपा अपनी सिटिंग सीट फिर से जीतने, वहां कांग्रेस अपनी पारंपरिक सीट को वापस पाने के लिए बेकरार है. कांग्रेस इस सीट पर अबतक 8 बार चुनाव जीत चुकी है.भाजपा ने पहली बार 1991 में यहां सेंधमारी की थी. भाजपा रांची से अबतक छह बार चुनाव जीत चुकी है. पांच दफा रामटहल चौधरी ने भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता, छठी बार 2019 में संजय सेठ ने भाजपा को जिताया.

## रांची लोकसभा सीट

**1952 में पहली बार कांग्रेस जीती :** 1952 में पहली बार रांची लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ था. कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुल इब्राहिम ने 32.6 % वोटों के साथ चुनाव जीता, जबकि सोशलिस्ट पार्टी को 24.01 % वोट मिले. छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी को 18 % और मार्क्सवादी ग्रुप के फॉरवर्ड ब्लॉक को 11.6 % वोट मिले थे.

**1957 में मीनू मसानी जीते :** 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को यहां हार का सामना करना पड़ा था. निर्दलीय प्रत्याशी मीनू मसानी ने 34.6 % वोट के साथरांची सीट जीत ली, जबकि राष्ट्रीय कांग्रेस के मो इब्राहिम अंसारी को 32.6 % वोट मिले थे.

**1962 में दूसरी बार भी हारे इब्राहिम अंसारी :** 1962 में कांग्रेस ने यहां फिर से तीसरी बार इब्राहिम अंसारी को अपना प्रत्याशी बनाया. इब्राहिम अंसारी ने इस बार फिर कांग्रेस को निराश किया. स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत कुमार घोष 30.4 % वोट लाकर चुनाव जीते, जबकि इब्राहिम अंसारी दूसरे नंबर पर रहे. उन्हें 26.9 % वोट मिले थे.

**1967 में कांग्रेस ने बदल दिया प्रत्याशी :** इब्राहिम अंसारी के लगातार दो बार चुनाव हारने के बाद कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदल दिया. 1967 में कांग्रेस ने प्रशांत कुमार घोष को अपना उम्मीदवार बनाया. घोष चुनाव जीत गये. उन्हें 18.3 % वोट प्राप्त हुए थे, जबकि भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी एन सिन्हा को 16 % वोट मिले थे.

**1971 में भी कांग्रेस प्रत्याशी पीके घोष जीते :** 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर से प्रशांत कुमार घोष पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव में उतारा, घोष को इस बार 41.9 % वोट मिले थे, वहीं भारतीय जनसंघ के रुद्र प्रताप सारंगी को 33.30 % वोट मिले थे. वे चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे.

**1977 में कांग्रेस ने शिव प्रसाद साहू को उतारा :** 1977 के लोकसभा चुनाव कांग्रेस ने प्रशांत कुमार घोष का टिकट काट दिया और उनकी जगह शिव प्रसाद साहू को चुनाव मैदान में उतारा.लेकिन कांग्रेस चुनाव हार गयी. भारतीय लोक दल के रवींद्र वर्मा 45.4 % वोट लाकर चुनाव जीते, जबकि शिव प्रसाद साहू को 24.7 % वोट मिले.

**1980 में कांग्रेस ने फिर किया रांची सीट पर कब्जा :** 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर से शिव प्रसाद साहू को चुनाव मैदान में उतारा. साहू इस बार कांग्रेस को जीत दिलाने में कामयाब रहे. उन्हें 37.7 % वोट मिले, जबकि जनता पार्टी के शिवकुमार सिंह को 24.2 % वोट मिले.

**1984 में चौथी बार जीती कांग्रेस :** 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर इस सीट पर जीत हासिल की. शिव प्रसाद साहू रांची से दोबारा चुनाव जीते. इस बार साहू को 47.2 % वोट मिले, जबकि भाजपा के रामटहल चौधरी को 16 % वोट मिले. जनता पार्टी के प्रत्याशी सुबोधकांत सहाय को 15.1 % वोट मिले थे।

**1989 में जनता दल ने जमाया कब्जा :** 1989 के लोकसभा चुनाव में जनता दल के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय ने यहां कांग्रेस और भाजपा को हराया. सुबोधकांत सहाय को 34.3 % वोट मिले, जबकि भाजपा के रामटहल चौधरी को 31.2 %, वहीं कांग्रेस के शिव प्रसाद साहू को 26.7 % वोट मिले.

**1991 में पहली बार जीती भाजपा :** 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कब्जा जमाया. भाजपा प्रत्याशी रामटहल चौधरी 47.6 % वोट हासिल कर सांसद बने. सुबोधकांत सहाय इस बार झारखंड पार्टी से चुनाव लड़े, लेकिन वे चौथे नंबर पर रहे.

**1996 में भी रामहटल चौधरी जीते :** 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर रांची सीट पर कब्जा कर लिया. इस बार भी भाजपा के रामटहल चौधरी विजयी रहे. उन्हें 35.02 % वोट मिले थे. इस बार कांग्रेस पार्टी ने यहां केशव महतो कमलेश को टिकट दिया था. उन्हें 28.8 % वोट मिले थे.

**1998 में रामटहल ने जीत की हैट्रिक लगाई :** 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर से रामटहल चौधरी को टिकट दिया.इस बार भी रामटहल पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे. इस बार के चुनाव में उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई. चौधरी को 57.2 % वोट मिले, जबकि कांग्रेस के केशव महतो कमलेश को 36.6 % वोट मिले थे.

**1999 में भी भाजपा का कब्जा :** 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चौथी बार रांची सीट पर कब्जा कर लिया. इस बार भी प्रत्याशी रामटहल चौधरी थे. उन्होंने 65 % वोट हासिल किया. वहीं कांग्रेस से इस बार केके तिवारी (अब स्व) चुनाव लड़े थे. उन्हें सिर्फ 23.7 % वोट मिले थे.

**2004 में कांग्रेस ने फिर की वापसी :** 2004 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने रामटहल चौधरी को टिकट दिया, लेकिन इस बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा. कांग्रेस प्रत्याशी सुबोधकांत सहाय 40.8 % वोट लाकर चुनाव जीते, जबकि रामटहल चौधरी को 38.6 % वोट मिले.

**2009 में भी जीते सुबोधकांत सहाय :** 2009 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के फिर से सुबोधकांत सहाय को चुनाव में उतारा. इस बार भी उन्होंने जीत हासिल की. वहीं भाजपा से इस बार भी रामहटल चौधरी चुनाव मैदान में थे. सुबोधकांत को 42.9 % वोट मिले थे, जबकि रामटहल को 41 % वोट हासिल हुए थे.

**2014 में रामटहल चौधरी ने की वापसी :** 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर से रामटहल चौधरी को टिकट दिया. इस बार रामहटल ने भाजपा को निराश नहीं किया. उन्होंने 42.7 % वोट लाकर कांग्रेस को चुनाव हराया. कांग्रेस से इस बार भी सुबोधकांत सहाय प्रत्याशी थे. उन्हें 23.8 % वोट मिले थे.

**2019 में रामटहल का कटा टिकट, संजय सेठ जीते :** 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रामटहल चौधरी का टिकट काट दिया. उनकी जगह संजय सेठ को चुनाव मैदान में उतरा. उनका मुकाबला कांग्रेस के सुबोधकांत के साथ-साथ बागी हो चुके रामटहल के साथ भी था. संजय सेठ 57.30 % वोट लाकर चुनाव जीते. सुबोधकांत को 34.3 % और रामटहल को सिर्फ 2.4 % वोट मिले.

### महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा : प्रतुल

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडिया महागंठबंधन पर तंज कसा है. कहा कि अबतक महागठबंधन के सिर्फ तीन उम्मीदवारों की घोषणा ही हो सकी है. दरअसल महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा है. महागठबंधन के नेता डूबती नाव की सवारी करने से बचते दिख रहे हैं. यही वजह है कि अबतक सिर्फ तीन नाम की घोषणा हुई. इसके उलट एनडीए गठबंधन ने सारे उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और सभी प्रत्याशी जोर-शोर से जनता के बीच पहुंच कर मोदी सरकार की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं. एनडीए के प्रत्याशी आम लोगों को यह भी बता रहे हैं कि इंडिया गंठबंधन वाले नेताओं का मकसद क्या है. कहा कि राजग के 14 में से 11 उम्मीदवारों की घोषणा तो एक महीने पहले ही हो गई थी. प्रतुल ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फार्मूला बदलने की खबरें आती हैं. कभी 5-6-2-1 तो कभी 7-5 -1-1 . महागठबंधन के नेताओं में सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटें हथियाने की चिंता है. जनता के बारे में इन्होंने अपनी कोई सोच या योजना उजागर नहीं की है.

### कल रांची में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की कार्यसमिति की बैठक होगी



रांची। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की कार्यसमिति की बैठक 31 मार्च रविवार की सुबह 10 बजे से वाईबीएन पब्लिक स्कूल सेक्टर -2 धुर्वा रांची में होगी. यह जानकारी झारखंड प्रदेश के महामंत्री सुबोध कुमार चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. उन्होंने बताया कि इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह के साथ-साथ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप वर्मा और समाज से जुड़े अन्य लोग भी शामिल होंगे. चंद्रवंशी समाज के सर्वांगीण विकास एवं आगामी योजना पर इस बैठक में गहन चर्चा होगी.

**अभियान** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की चढ़ाई करने में सहयोग करेगा टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन

# माउंट एवरेस्ट फतह को निकलेगी 16 साल की काम्या कार्तिकेयन

रोहित कुमार । जमशेदपुर

मुंबई की रहने वाली 16 वर्षीय पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करेगी. इस अभियान को पूरा करने में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन काम्या को सहयोग कर रहा है. शुक्रवार को टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाई. इस अभियान के लिए काम्या तीन अप्रैल को काठमांडू पहुंचेगी और वहीं से छह अप्रैल को अपने अभियान की शुरुआत करेगी. सात सप्ताह चलने वाले इस अभियान के दौरान कुल चार कैंप आएंगे. पहला



कैंप 6000 मीटर पर, दूसरा 6400 मीटर पर, तीसरा कैंप 7300 मीटर पर और चौथा कैंप 7,950 मीटर की ऊंचाई पर होगा.

**पिता से मिली पर्वतारोहण की प्रेरणा :** काम्या का कहना है कि उन्हें अपने पिता से पर्वतारोहण की प्रेरणा मिली है. मुंबई जैसे शहर में अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी. ऐसे में उनके पिता ज्यादातर पहाड़ों में चढ़के थे. पिता पर्वतारोहण पर जाने के दौरान कई बार महिनों भर बाद वापस लौटते थे. इन्ही सब बातों को लेकर उसने पर्वतारोहण की शुरुआत की. काम्या के लिए इस उम्र में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने का पहला प्रयास है, लेकिन यह पहला बड़ा पर्वतारोहण प्रयास नहीं है. काम्या पहले ही दुनिया के 5 महाद्वीपों में सबसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ चुकी है जिनमें से कई को स्वस्थ और फिट वयस्कों के लिए भी एक चुनौती माना जाता है. उन्होंने कई हिमालयी चोटियों पर भी चढ़ाई की है, जिसमें नौ साल की उम्र में एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा भी शामिल है.

**खास बातें**

- तीन अप्रैल को काठमांडू पहुंचेगी काम्या
- छह अप्रैल को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी काम्या

**12 की उम्र में की थी माउंट एकॉनकागुआ की चढ़ाई**

काम्या के पिता एस कार्तिकेयन भारतीय नौसेना में कमांडर है. 16 वर्षीय काम्या ने साल 2020 में दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकॉनकागुआ फतह करके सभी को चौंका दिया था. उस समय वह महज 12 वर्ष की थीं. ऐसा करने वाली वो दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन गई थी. यह चोटी एशिया के बाहर सबसे ऊंची चोटी है. 6962 मीटर की ऊंचाई वाली माउंट एकॉनकागुआ चोटी पर काम्या ने 1 फरवरी, 2020 को फतह किया और भारत का तिरंगा लहराया था. काम्या को एवरेस्ट एक्सपीडिशन के लिए टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने लद्दाख एक्सपीडिशन के दौरान सलेक्ट किया था. काम्या महज तीन साल की उम्र से पर्वतारोहण कर रही हैं.

# भ्रष्टाचार का मामला उठाया, तो क्लर्क ने जानलेवा हमला किया

संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)

जवाहर नवोदय विद्यालय जपला-02 में दो कर्मियों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक नसीम आलम मलिक ने उप आयोग क्षेत्रीय कार्यालय पटना एवं चेयरमैन सह डीसी और हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखा है, जिसमें यह जिक्र किया है कि स्कूल में करीब 7.5 लाख रुपये के कंप्यूटर खरीदारी की गयी है. कंप्यूटर की खरीदारी में नियमों की अनदेखी की गई है. उन्होंने आगे लिखा है कि कंप्यूटर विभाग की जिम्मेवारी उनके पास है. विभाग मैं देखता हूं. जब इस बात की जानकारी 22 मार्च को वे स्कूल के प्राचार्य को दे रहे थे, तभी स्कूल के क्लर्क अभिलाष कुमार वहां पहुंच गए और उनसे उलझ गये. उन्हें भला बुरा कहने लगे. इस दौरान प्राचार्य अशहर रूमी मूकदर्शक बने रहे.

**सारे आरोप बेबुनियाद हैं: प्राचार्य अशहर रूमी**

प्राचार्य अशहर रूमी ने अंग्रेजी के शिक्षक नसीम आलम द्वारा लगाये गए सारे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बेबुनियाद बताया है. उन्होंने कहा कि कंप्यूटर की खरीदारी सरकार के पोर्टल जेम्स से की गई है, जिसका लेखा-जोखा विभाग के पास होता है. पूरे नियम-कानून व प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर की खरीदारी की गई है.

## देश में दो समाज की हकीकत

भारतीय समाज में बढ़ रही घनघोर आर्थिक असमानता एक ऐसी पूरी कहानी की बानगी है, जिस पर आमतौर पर चर्चा नहीं हो रही है. दूसरी ओर प्रीमियम उत्पाद की खपत बढ़ी है, जिससे जाहिर होता है कि देश में दो तरह के समाज बन गए हैं. एक जिसकी क्रयशक्ति में ह्रास हो रहा है और दूसरा जो महंगी चीजे खरीदने की क्षमता रखता है. एक बड़ी ख़बर के अनुसार उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली ज्यादातर बड़ी भारतीय कंपनियों ने जनमानस के उपभोग वाली वस्तुओं का उत्पादन घटा दिया है. दूसरी तरफ बाज़ार में प्रीमियम प्रोडक्ट्स बेतहाशा लांच किये जा रहे हैं. सबसे बड़ी कंज्यूमर कंपनियों में एक हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड का उदाहरण है कि इस कंपनी ने हाल के दिनों में जो भी प्रोडक्ट लांच किये हैं, उनमें से 70 प्रतिशत प्रीमियम सेगमेंट के हैं. यही हाल आईटीसी और मैरिको जैसी दूसरी बड़ी कंज्यूमर कंपनियों का है. जो कंपनियां प्रीमियम सेगमेंट में डील करती हैं, वे जमकर मुनाफा कमा रही है. एप्पल इंडिया की बिक्री में जबरदस्त उछाल है. भारत में मर्सिडीज जैसे गाड़ियों की बिक्री भी नये रिकॉर्ड बना रही है. तनिष्क ब्रांड की मालिक टाइटन की बिक्री और शेयर दोनों में तेजी है, दूसरी तरफ गांव-देहात में रोजमर्रा के उपयोग के सामान बनाने और बेचने वाली कंपनियों के बारह बज रहे हैं. 8.4 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का ढोल लगातार पीटा जा रहा है, लेकिन उद्योग जगत पूछ रहा है कि अगर वास्तव में जीडीपी इतना बढ़ा है तो वे कंपनियों के नतीजों पर दिखाई क्यों नहीं दे रहा है? सरकार से जुड़े रहे अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति और इकॉनमिस्ट परकाला प्रभाकर जैसे कई लोग आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठा चुके हैं. दूसरी ओर भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन की यह टिप्पणी गौरतलब है कि सरकार से बेरोजगारी की समस्या के हल की अपेक्षा करना उचित नहीं है. उन्होंने कहा- 'यह सोचना गलत है कि सरकार के हस्तक्षेप से हर सामाजिक- आर्थिक समस्या का हल ढूंढा जा सकता है.' नागेश्वरन की टिप्पणी का मतलब बहुत साफ है. बेरोजगारी की समस्या इतना विकराल रूप ले चुकी है कि सरकार ने अब उसके सामने हथियार डाल दिए हैं. संदेश यह है कि जो लोग बेरोजगार हैं, वे अपनी चिंता खुद करें. फिर भी नागेश्वरन से लोग यह सवाल जरूर पूछेंगे कि जिस सरकार के वे आर्थिक सलाहकार हैं, उसके मुखिया ने 2014 के अपने चुनाव अभियान में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा क्यों किया था? और फिर सरकार की जब सामाजिक- आर्थिक समस्याओं को हल करने में कोई भूमिका नहीं है, तो फिर गरीबी घटाने जैसे दावे कर उसे अपनी कामयाबी क्यों बताती है? लोकतंत्र में सत्ता लोगों के वोट से मिलती है. वोट पाने के लिए नेता जन-कल्याण के बड़े-बड़े वादे करते हैं. क्या उन वायदों का कोई मतलब होता है? नागेश्वरन ने जो नजरिया सामने रखा है, अगर कोई सरकार उसी सोच से चल रही हो, तो यही कहा जाएगा कि वे वादे झूठे हैं. इसीलिए नागेश्वरन की टिप्पणी अहम है. इसके लिए उन्हें शुक्रिया कहा जाना चाहिए.

नागेश्वरन की टिप्पणी का मतलब बहुत साफ है. बेरोजगारी की समस्या इतना विकराल रूप ले चुकी है कि सरकार ने अब उसके सामने हथियार डाल दिए हैं. संदेश यह है कि जो लोग बेरोजगार हैं, वे अपनी चिंता खुद करें.

### सुभाषित

**उत्साहसम्पन्नमदीर्घसूत्रं,क्रियाविधिज्ञं व्यसनेष्वसक्तम्।**
**शूरं कृतज्ञं दृढसौहृदं च,लक्ष्मीः स्वयं याति निवासहेतोः ।।**

उत्साह से परिपूर्ण, कार्य में देर न करने वाले, कार्य की विधि को जानने वाले, व्यसनों में अनासक्त, पराक्रमी, किए हुए उपकार को समझने वाले तथा स्थिर मैत्री वाले व्यक्ति के पास लक्ष्मी स्वयं निवास करने आती है.

# चुनें कि न चुनें, किसे चुनें, क्यों चुनें

**75 वर्षों में हम इस योग्य न हो सके कि लोभ से उस जाल और दाने में न फंसें. हम पंचतंत्र के कबूतरों की नाईं फंसते ही चले जाते हैं. इस मायाजाल में हम अक्सर प्रत्याशी पर सोचे बिना हवा का रुख भांपने लगते हैं. हवा उनकी बनती है, जो मायाजाल फैलाने में दक्ष होते हैं. ऐसे ही मौके पर पंचतंत्र का वह किस्सा हाजिर हो जाता है, जिसमें मेमना ले जा रहे ब्राह्मण को अलग-अलग चौराहों पर खड़े ठग विश्वास दिलाने में कामयाब हो जाते हैं कि वह मेमना नहीं, पिल्ला ले जा रहा है.**




• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

भाजपा ने झारखंड की कुल जमा 14 लोकसभा सीटों में से 13 पर प्रत्याशी दिये. इनमें दस अन्य दलों से आये हुए अथवा कभी न कभी अन्य दलों में रहे हुए हैं. इनमें तीन महिलाएं हैं. तीनों अन्य दलों से आई हैं. 2024 में भाजपा के पांच सवर्ण सांसद थे. 2019 में उसने तीन को ही टिकट दिया. इस बार दो सवर्णों को उसने मौका दिया है. इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कांग्रेस ने तीन प्रत्याशियों की घोषणा की थी, जिनमें से एक जेपी पटेल ने दल बदलकर ताजा-ताजा 'हाथ' का साथ पकड़ा है, जबकि सुखदेव भगत भाजपा से घूम-घामकर आए हुए हैं. पांच बार भाजपा सांसद रहे रामटहल चौधरी 28 मार्च को कांग्रेसी बन गये. उनको रांची से उम्मीदवारी मिलने की उम्मीद है. पाला बदल खेल शायद कुछ देर और चले. विपक्षी इंडिया खेमे की सीट शेयरिंग तय हो गई रहती, तो उसके सभी 14 प्रत्याशी तैयारियां कर रहे होते. 18वीं लोकसभा के चुनावी हम्माम में सभी दल नंगे हो गए हैं. सबका एक ही मंत्र है, जैसे भी हो कर लो मतदाता मुट्ठी में. मतदाता के समक्ष अजीबोगरीब कश्मकश है, चुनें कि न चुनें, चुनें तो किसे चुनें, क्यों चुनें!
राजनीतिक हालात का सामाजिक संदर्भों से भी रिश्ता है. कुछ अरसा पहले तक दूत ही रिश्ते तय कर देते थे. न कन्या को, न ही वर को पूछने-जांचने का हक था कि उसे कहां/किससे ब्याह दिया जा रहा है. अब तो वर-कन्या खुद ही देख-समझ कर जोड़ी बना लेते हैं या उनके माता-पिता दूसरे पक्ष को जानने-समझने की औपचारिकता पूरी कर देते हैं. चुनावी संदर्भ खुला खेल फर्रूखाबादी है. पांच साल के लिए ही सही, हमें एक व्यक्ति के साथ सांसद-मतदाता का रिश्ता तय करना होता है. संवैधानिक तौर पर खुली छूट है चाहे जिसे पसंद कर लें. लेकिन इसी के साथ एक क्लॉज जुड़ा हुआ है. पंचतंत्र के किस्से की तरह हमारे सामने, शिकारी आते हैं, जाल बिछाते हैं, दाना डालते हैं, हम पर निर्भर करता है कि लोभ से उसमें फंसते हैं कि नहीं. 75 वर्षों में हम इस योग्य न हो सके कि लोभ से उस जाल और दाने में न फंसें. हम पंचतंत्र के कबूतरों की नाईं फंसते ही चले जाते हैं. इस मायाजाल में हम अक्सर प्रत्याशी पर सोचे बिना हवा का रुख भांपने लगते हैं. हवा उनकी बनती है, जो मायाजाल फैलाने में दक्ष होते हैं. ऐसे ही मौके पर पंचतंत्र का वह किस्सा हाजिर हो जाता है, जिसमें मेमना ले जा रहे ब्राह्मण को अलग-अलग चौराहों पर खड़े ठग विश्वास दिलाने में कामयाब हो जाते हैं कि वह मेमना नहीं, पिल्ला ले जा रहा है. बपुरा ब्राह्मण मेमना वहीं फेंककर आगे बढ़ जाता है. बाद में ठगी का अहसास होने पर पछताता है. इन्हीं परिस्थितियों में स्वच्छ और जनहितकारी छवि का अपना प्रतिनिधि चुनने में हम अक्सर चूक जाते हैं.
कई वर्ष गुजर गये, जब आश्वस्त किया गया था कि विधायकों/सांसदों पर चल रहे केस-मुकदमे त्वरित न्याय के दायरे में लाकर फाइनल कर दिये जाएंगे. ऐसा हुआ क्या? हमारे सामने तरह-तरह के केस-मुकदमों से लदे-फदे सीटिंग विधायक/सांसद प्रणामी मुद्रा में खड़े हैं. तीन बार के विधायक ढुलू महतो को भी प्रत्याशी बनाया गया है, जिन पर कोयला चोरी से लेकर तमाम तरह के 33 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं. आठ साल पहले उनके विरुद्ध आईटी और ईडी जांच का आदेश हुआ था. उनके जलवा-जलाल का कमाल, ऐसी कोई जांच नहीं हुई. और तो और, कुछ साल पहले उन पर चल रहा एक गंभीर मुकदमा वापस लेने की अनुशंसा करने में तत्कालीन सरकार बाज नहीं आई थी. वे सज्जन कुछ मुकदमों के सजायाफ्ता भी हैं, लेकिन ये सजाएं दो साल से कम की होने के कारण जमानत लेकर बेफिक्र बने हुए हैं. भाजपा ने सीटिंग सांसद की उम्मीदवारी निरस्त कर सीबीआई का केस भुगत रही सीता सोरेन को अपने में शामिल करा प्रत्याशी बनाया है. शुद्धता, शुचिता और न्यायप्रियता की गंगाजली उठानेवाले भी दागियों को गले लगाकर अवाम के सामने पेश करने में कतई नहीं हिचक रहे. केस-मुकदमे वाले को भले ही चपरासी की नौकरी न मिले, लेकिन कानून तोड़नेवालों को भी कानून बनानेवाला ओहदा देने की राह प्रशस्त करने में हम बाज नहीं आते. जनतंत्र न हुआ, सागर बन गया.
जितना बड़ा दल, उतना ही बड़ा दलदल. एक बार, दो बार, मौका लगने पर बार-बार दल बदलनेवालों की जमात जनता-जनार्दन के पेश-ए-खिदमत है. जो अपने दल के न हुए, वे जनता के होंगे! अभी 16 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉण्ड स्कीम को ही असंवैधानिक करार दिया था. उसी चंदे की बौछार में हम 'निर्मल' प्रतिनिधि चुनेंगे. समझने की बात है, इलेक्टोरल बॉण्ड का साइड इफेक्ट दिन दूनी, रात चौगुनी महंगाई बढ़ाने के रूप में भी सामने आया. फिर भी हम निराली अदा में हैं, लो, हमारी गर्दन उतार लो, यह बनी ही इसीलिए है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति प्रभाकर ने चुनावी बॉण्ड को दुनिया का सबसे बड़ा स्कैम कहा. 840 करोड़ के विमान घोटाले में फंसे प्रफुल्ल पटेल दल तोड़क का खिताब हासिल कर सीबीआई केस से 28 मार्च को उबर गए न आखिर! जैसे-जैसे हमारे जनतंत्र की उम्र बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे हम दलदली दलों में अधिक धंसने को अभिशप्त होते जा रहे हैं. हमें पाठ पढ़ाया जाता है जात-पांत पूछे नहीं कोई, लेकिन राजनीति चमकाने का सबसे कारगर औजार जात-पांत ही बनता चला जा रहा है. सचमुच, वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति. जनमानस अपना जनप्रतिनिधि चुनने में सुविचारित कदम नहीं उठाएगा, तो आनेवाले दिन और भारी गुजरेंगे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सुख-दुःख की भ्रांतियां

कोई पंद्रह वर्ष पहले की बात है, हमने अपने मित्र मनोज मेहता के साथ तिरुपति दर्शनार्थ जाने की योजना बनाई. हम तीन दम्पति थे. तिरुपति में दर्शन वगैरह करके हम प्रसन्नचित थे. मैंने और मनोज जी ने केश अर्पण करने का मन बनाया. मंदिर के सामने स्थित बड़े से हॉल में हम दोनों ने मुंडन करवाया. मुंडन के बाद हम तिरुपति के बाज़ार घूमने लगे. मैंने महसूस किया कि मनोज जी कुछ उदास से हैं, वे अनमने से साथ चल रहे थे. जबकि मेरा मन प्रफुल्लित था और वहां के वातावरण का आनंद ले रहा था. मनोज जी का मूड ठीक न देखकर, हम गाडी लेकर नीचे तलहटी में स्थित होटल में लौट आए. मैं थकान से वहीं सोफे पर पसर गया. किन्तु मैंने देखा कि मनोज जी आते ही शीशे के सामने खडे हो गये, सर पर हाथ फेरते और स्वयं को निहारते हुए बोल पड़े– 'हंसराज जी मैं इतना बुरा भी नहीं लग रहा हूं?' उनके इस अप्रत्याशित प्रश्न से चौंकते हुए मैंने प्रतिप्रश्न किया- 'किसने कहा आप मुंडन में बुरे लग रहे है?' वे अपने मनोभावों से उपजे प्रश्न के कारण मौन रह गये. अब वे प्रसन्न थे. उनके प्रश्न से मुझे भी जिज्ञासा हुई और शीशे की तरफ लपका. मेरा मुंह लटक गया. सम गोलाई के अभाव में मेरा मुंडन, खूबसूरत नहीं लग रहा था. अब प्रश्न की मेरी बारी थी- मनोज जी, मेरा मुंडन जंच नहीं रहा न? मनोज जी ने सहज ही कहा- 'हां, मैं आपको देखकर परेशान हुए जा रहा था कि मैं आप जैसा ही लग रहा होऊंगा.' मैंने पूछा- 'अच्छा तो आप इसलिये उदास थे'? मनोज जी- हां, लेकिन आप तो बडे खुश थे? जब मुझे वास्तविकता समझ आई, मैं खिलखिला कर हंस पडा- 'मनोज जी, मैं आपका टकला देखकर बडा खुश था कि मेरा भी मुंड शानदार ही दिखता होगा'. अब हताशा महसूस करने की, मेरी बारी थी. तो, बुरा सा टकला लेकर भी सुन्दर टकले की भ्रांत धारणा में मैं खुश था. वहां मनोज जी शानदार टकला होते हुए भी बुरे टकले की भ्रांत धारणा से दुखी थे. हम देर तक अपनी अपनी मूर्खता पर हंसते रहे. इसी बात पर हम दर्शनशास्त्र की गहराई में उतर गये. क्या सुख और दुख ऐसे ही आभासी हैं? क्या हम दूसरों को देखकर उदासियां मोल लेते हैं. या दूसरों को देखकर आभासी खुशी में ही जी लेते है. ज्ञानी सही कहते है, सुख-दुख भ्रांतियां है. और असली सुख-दुख हमारे मन का विषय है.

## केजरीवाल की गिरफ्तारी और दिल्ली-पंजाब

• सियासत

राजेन्द्र शर्मा

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि शराब घोटाले के आरोपों में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सर्वोच्च नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ठीक उस समय हुई है, जब चुनावी बॉण्ड महाघोटाले की परतें बाकायदा उधड़नी शुरू हो चुकी हैं. इसी का नतीजा है कि आम आदमी पार्टी की इस दलील का लोगों के बीच काफी हद तक असर हो रहा है कि कथित रूप से 100 करोड़ रुपये के दिल्ली के शराब घोटाले में अगर कोई "मनी ट्रेल" है भी तो, वह तो सीधे भाजपा तक जाती है, जिसके सबूत बॉण्ड घोटाले से संबंधित रहस्योद्घाटनों के हिस्से के तौर पर सामने आ चुके हैं. याद रहे कि जिस स्थापित दवा कारोबारी शरतचंद्र रेड्डी की उक्त घोटाले के मुख्य अभियुक्त के रूप में गिरफ्तारी के बाद वादामाफ गवाह बनाकर रिहाई के बाद मुख्यतः उसकी गवाही की ही बिनाह पर मनीष सिसोदिया तथा संजय सिंह के बाद, अब खुद अरविंद केजरीवाल की भी गिरफ्तारी की जा चुकी है, उससे जुड़ी कंपनियों ने इसी दौरान, बॉण्ड के जरिए भाजपा को पूरे 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया था. इसमें पांच करोड़ रुपये का चंदा तो रेड्डी की जमानत पर रिहाई के फौरन बाद दिया गया था और बाकी 50 करोड़ का चंदा अलग-अलग किस्तों में बाद में दिया गया. अगर वाकई 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था, जैसा कि ईडी का आरोप है, तो इसे बेशक घोटाले की अवैध कमाई के प्रवाह की मुख्य धारा माना जाना चाहिए. हां! अगर कोई यह दलील देने लगे तो बात दूसरी है कि भाजपा को बॉण्ड के जरिए दिया गया 55 करोड रुपये तो ईडी द्वारा इस दवा व्यापारी से केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के लिए सीधी-साधी हफ्ता वसूली या एक्सटॉर्शन का मामला है! इस पूरे मामले से इसका कुछ अंदाजा तो लग ही सकता है कि चुनावी बॉण्ड घोटाले का भूत भाजपा की सारी कोशिशों के बावजूद आसानी से उसका पीछा छोड़ने वाला नहीं है. यह घोटाला इतना बड़ा और इतनी अवैधताओं को समेटे हुए है कि कम से कम इस आम चुनाव तक तो, इसकी नयी-नयी परतें खुलती ही रहेंगी. इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि इस मामले में मोदी सरकार और सत्ताधारी पार्टी के बचाव के लिए संघ-भाजपा की ओर से अमित शाह तथा निर्मला सीतारमण से लेकर, खुद आरएसएस के महासचिव होसबले को उतारे जाने के बावजूद, घोटाले से लेकर हफ्तावसूली तक के आरोपों को जवाब देना तो दूर रहा, उन्हें भोंथरा तक नहीं किया जा सका है. और तो और, संघ-भाजपा का इसका प्रचार भी खास काम नहीं आया है कि बॉण्ड के जरिए अगर अवैध तरीके से पैसा इकठ्ठा किया गया है, तो इस तरह अकेले भाजपा ने ही पैसा थोड़े ही जुटाया है, दूसरी पार्टियों ने भी तो बॉण्ड से पैसा उठाया है और तृणमूल कांग्रेस, टीआरएस, एसआरसीपी, बीजेडी आदि क्षेत्रीय पार्टियों ने तो खासतौर पर उल्लेखनीय मात्रा में इस रास्ते से पैसा उठाया है. प्रचार की सारी ताकत लगाए जाने के बावजूद, इस दलील को एक तो इस तथ्य ने बेअसर कर दिया है कि दूसरी तमाम पार्टियों को मिलकर बॉण्ड से जितना पैसा मिला था, उससे ज्यादा पैसा अकेले भाजपा ने बटोरा था. दूसरे कुछ क्षेत्रीय सत्ताधारी पार्टियां स्थानीय रूप से कुछ बड़े उद्योगपतियों को उपकृत करने के बदले में उनसे बॉण्ड से चंदा लेने की स्थिति में रही भी हों तब भी, केवल केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा ही केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर के हफ्ता वसूली करने और इन्फास्ट्रक्चर, खनन आदि क्षेत्रों की भीमकाय कंपनियों को ठेकों, मंजूरियों आदि के जरिए उपकृत करने के बदले में चंदा बटोरने की स्थिति में थी. और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा ही यह जानने की स्थिति में थी कि कौन सा उद्योगपति उसके अलावा भी किस पार्टी को कितना चंदा दे रहा था? इस जानकारी को हथियार बनाकर, केंद्रीय एजेंसियों के जरिए आसानी से यह सुनिश्चित किया जा सकता था कि चंदे का यह दरवाजा, सिर्फ और सिर्फ सत्तापक्ष के लिए खुला रहे, विरोधियों के लिए नहीं. कांग्रेस का चुनावी बॉण्ड से कमाई में तृणमूल कांग्रेस से भी पीछे, बहुत दूर तीसरे नंबर पर रह जाना और बॉण्ड से मिले कुल चंदे के दस फीसद से भी कम और भाजपा को मिले चंदे से चौथाई से भी कम में सिमट जाना, इसी की ओर इशारा करता है मीडिया पर मुकम्मल नियंत्रण और अधिकतम संभव प्रचार के बल पर गढ़ी गयी मोदी राज की "न खाऊंगा, न खाने दूंगा" की छवि, भरभरा कर गिरनी शुरू हो गयी है. इसके स्वाभाविक परिणाम के रूप में, विपक्षी नेताओं को "भ्रष्ट" बनाकर पेश करने की संघ-भाजपा की मुहिम, भोंथरी होती जा रही है. ऐसे में और खासतौर पर चुनाव से ऐन पहले, केंद्रीय एजेंसियों के सहारे विपक्ष के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नरेंद्र मोदी के प्रचार के लिए उल्टी ही पड़ सकती है.

कांग्रेस का चुनावी बॉण्ड से कमाई में तृणमूल कांग्रेस से भी पीछे, बहुत दूर तीसरे नंबर पर रह जाना और बॉण्ड से मिले कुल चंदे के दस फीसद से भी कम और भाजपा को मिले चंदे से चौथाई से भी कम में सिमट जाना, इसी की ओर इशारा करता है मीडिया पर मुकम्मल नियंत्रण और अधिकतम संभव प्रचार के बल पर गढ़ी गयी मोदी राज की "न खाऊंगा, न खाने दूंगा" की छवि, भरभरा कर गिरनी शुरू हो गयी है.

## मुसीबतों से घिरी पाकिस्तान की नई सरकार

• देशांतर

प्रमोद जोशी

पाकिस्तान में नई सरकार बन जाने के बाद अफ़ग़ानिस्तान, ईरान की सीमा और बलोचिस्तान से चिंताजनक खबरें आई हैं. देश की स्थिरता के जुड़े कम से कम तीन मसलों ने ध्यान खींचा है. ये हैं अर्थव्यवस्था, विदेश-नीति और आंतरिक तथा वाह्य सुरक्षा. उसपर आंतरिक राजनीति का दबाव भी है, जिससे बाहर निकल नहीं पाई है. शायद इसी वजह से पिछले हफ्ते 23 मार्च को 'पाकिस्तान दिवस' समारोह में वैसा उत्साह नहीं था, जैसा पहले हुआ करता था. चुनाव के बाद राजनीतिक स्थिरता वापस आती दिखाई पड़ रही है, पर निराशा बदस्तूर है. इसकी बड़ी वजह है आर्थिक संकट, जिसने आम आदमी की जिंदगी में परेशानियों के पहाड़ खड़े कर दिए हैं.कई तरह के संकटों से घिरी पाकिस्तान सरकार की अगले कुछ महीनों में ही परीक्षा हो जाएगी. इनमें एक परीक्षा भारत के साथ रिश्तों की है. हाल में देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी राजनीतिक दलों से मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया है. अब वहां के विदेशमंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने कहा है कि हम भारत से व्यापार को बहाल करने पर 'गंभीरता'से विचार कर रहे हैं. यह महत्वपूर्ण इशारा है. ब्रसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद डार ने लंदन में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बात कही. उन्होंने कहा, पाकिस्तानी कारोबारी चाहते हैं कि भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू हो. हम इसपर विचार कर रहे हैं.पाक-अफ़ग़ान सीमा पर तनाव तो काफी समय से चल रहा है, पर गत 16 मार्च को उत्तरी वजीरिस्तान में तहरीके तालिबान के एक हमले में पाकिस्तानी सेना के सात लोगों की जान चली गई. इसके जवाब में पाकिस्तानी वायुसेना ने एक अरसे बाद जवाबी कार्रवाई की और 18 मार्च को टीटीपी के ठिकानों को निशाना बनाया. तालिबान के नेतृत्व वाले रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने अफगान पक्तिका प्रांत के बरमेल जिले और खोस्त प्रांत के सेपेरा जिले में नागरिक बस्तियों पर बमबारी की. इसमें महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई. इतना ही नहीं, अफगानिस्तान में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि राजदूत आसिफ दुर्रानी ने तालिबान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच-छह हजार आतंकवादी इस इलाके में सक्रिय हैं. तालिबान ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि काबुल अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ करने से इनकार करता है. इतना ही नहीं, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया. ध्यान दें कि यह चेतावनी तालिबान-प्रशासन ने दी है, तहरीके तालिबान ने नहीं. तालिबानी रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान की राष्ट्रीय इस्लामी सेना भारी हथियारों के साथ सीमा पर सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को जवाब दे रही है. हालांकि पाकिस्तान के मुकाबले तालिबान की सेना के पास साधन बराबरी के नहीं हैं, पर यह इलाका तालिबान का परिचित है और लंबी धीमी लड़ाई लड़ने का उसके पास अनुभव बेहतर है. दूसरी तरफ पाकिस्तान का मनोबल टूटा हुआ है. उधर पाकिस्तान ने धमकी दी है कि अफ़ग़ानिस्तान के साथ कारोबारी रिश्तों में दबाव डाला जाएगा. इस सिलसिले में बात करने के लिए अफ़ग़ानिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान आया हुआ है. पिछले एक साल में तो ताबड़तोड़ हमलों की झड़ी लग गई है. इस किस्म के हमलों से सेना का मनोबल भी टूटता है. अफ़ग़ान सीमा पर चल रही इस हिंसा के साथ-साथ ईरान की सीमा पर भी अराजकता का माहौल है, जिसके कारण पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते बिगड़े हैं. इस साल जनवरी में ईरानी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई की. उसके जवाब में पाकिस्तान ने भी ईरान की सीमा पर सिस्तान-बलूचिस्तान क्षेत्र में घुसकर कार्रवाई की. हालांकि दोनों देशों ने बातचीत करके तनाव बढ़ने नहीं दिया, पर इस घटनाक्रम ने इस समस्या को रेखांकित जरूर किया है. उधर 20 मार्च को ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड ने आत्मघाती हमला करके दूसरी तरह की चेतावनी पाकिस्तानी सेना को दी है. पाकिस्तानी सेना के अनुसार इस हमले में आठ हमलावर उसके दो सैनिक भी मारे गए. इसके कुछ दिन पहले ही बीएलए ने कोलवा शहर में सेना के दस वाहनों के कॉन्वॉय पर हमला बोला था. पिछले दो साल में बलूच इनसर्जेंसी बढ़ी है और मजीद ब्रिगेड नामक उसके संगठन ने आधुनिकतम हथियारों का संचालन सीख लिया है.

पिछले एक साल में तो ताबड़तोड़ हमलों की झड़ी लग गई है. इस किस्म के हमलों से सेना का मनोबल भी टूटता है. अफ़ग़ान सीमा पर चल रही इस हिंसा के साथ-साथ ईरान की सीमा पर भी अराजकता का माहौल है, जिसके कारण पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते बिगड़े हैं. इस साल जनवरी में ईरानी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई की.

### मीडिया में अन्यत्र

## महिला प्रतिनिधित्व का प्रश्न

**आगामी** संसदीय चुनाव प्रचार अभियान में महिलाएं केंद्रीय भूमिकाओं में नजर आ रही हैं. हर राजनीतिक दल महिलाओं को लेकर चुनावी वादे कर रहा है, जो देश के कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में करीब आधी हैं. सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए एक किस्म की होड़ में नजर आए हैं. भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां महिलाओं पर केंद्रित व्यापक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत की है, वहीं कांग्रेस ने नारी न्याय योजना की पेशकश की है, जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा. ऐसे बढ़ाचढ़ाकर किए गए वादे किस हद तक पूरे हो सकते हैं, यह एक बड़ा सवाल है, लेकिन यह देखना विचित्र है कि सभी दल राजनीतिक बयानबाजी में इतने आगे निकल चुके हैं. पिछले वर्ष संसद के विशेष सत्र में 106वां संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद यह विषय खासतौर पर विवादास्पद हो गया है. इसे महिला आरक्षण विधेयक के नाम से जाना जाता है, जिसके तहत 15 वर्षों तक महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है. चूंकि यह प्रावधान परिसीमन के बाद लागू होगा, इसलिए सभी राजनीतिक दलों के पास पर्याप्त समय है कि वे इसके लिए अपनी चुनावी सूची तैयार कर सकें. इसके बावजूद राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर दिखावा ही करते हैं और इसकी एक बानगी यह है कि किसी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी पार्टी उम्मीदवारों की सूची में अब तक महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया है. इस होड़ में भाजपा आगे है और 25 मार्च तक उसने जितने उम्मीदवार घोषित किए हैं. उनमें 17 फीसदी महिलाएं हैं. अब तक 66 महिला उम्मीदवारों के साथ पार्टी ने लैंगिक आधार पर अपना प्रदर्शन सुधारा है. साल 2014 में उसके 428 उम्मीदवारों में से 38 महिलाएं थीं, 2019 में यह आंकड़ा सुधरकर 436 में से 55 हुआ. कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बताती है कि उसने अब तक 12 फीसदी महिलाओं को टिकट दिया है. सबसे अधिक चकित करने वाली सूची तृणमूल कांग्रेस की है. पार्टी ने पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से 12 पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## मान/मानी/मान्य

**दिल** चीज क्या है, आप मेरी जान लीजिए, बस एक बार मेरा कहा मान लीजिए......मान मेरा एहसान, अरे नादान कि मैंने तुझसे किया है प्यार. ये दोनों दो हिंदी फिल्मों में प्रयुक्त गीतों के मुखड़े हैं और दोनों में अपनी बात मनवाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मान संस्कृत मूल का तत्सम शब्द है. जब मान-सम्मान की बात हो तो यह संज्ञा पुल्लिंग है और जब मानने या मनवाने की बात हो तो यह सकर्मक क्रिया. क्यों? इसलिए कि आप मानते हैं, लेकिन सवाल होगा कि आप क्या मानते हैं तो इसका उत्तर भी स्पष्ट होगा कि आप मेरी बात मानते हैं. कहने का मतलब यह है कि अगर आप यह जानना चाहते हैं कि कोई क्रिया सकर्मक है या अकर्मक तो उसमें 'क्या' प्रश्न लगाइए. उत्तर मिल जाये तो सकर्मक, नहीं मिले तो अकर्मक. मान शब्द बहुत बहु प्रचलित और अनेकार्थी है. इस शब्द का मतलब है आदर, इज्जत, सम्मान, भार, तौल, किसी पदार्थ या वस्तु की नाप, मूल्य आदि परिमाण जानने का साधन, पैमाना, मापदंड, नायिका का नायक के प्रति उदासीनता का भाव, रूठना. जब कोई रूठ जाता है तो मानमनौवल करना पड़ता है, जो सबों के लिए सम्मान का पात्र है, उसे माननीय या मान्य कहते हैं. हर व्यक्ति की अपनी मानमर्यादा होती है, लेकिन जब किसी का घमंड टूट जाता है तो कहते हैं उसका मानमर्दन हो गया. हिंदी शब्दसागर के अनुसार मानी तत्सम भी है और अरबी मूल का भी. विशेषण के रूप में तत्सम वाले मान का मतलब है प्रतिष्ठित, सम्मानित, गौरवान्वित, अहंकारी, घमंडी, मनोयोगी, मान करनेवाला, माननेवाला, समझनेवाला. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में मान शब्द का अर्थ है सिंह, साहित्य में वह नायक, जो नायिका से अपमानित होकर रूठ गया हो. अरबी से मानी संज्ञा स्त्रीलिंग है. इसका मतलब है अर्थ, मतलब, माने, मायने, तात्पर्य, तत्व, रहस्य, प्रयोजन, हेतु, कारण.

## बटन दबाएं और सीटी बजाएं

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

साहित्यकार तो थे ही, वे भाषण-वीर भी थे. पदानुसार भी वे व्याख्याता ही थे. कम्प्यूटर और इंटरनेट विषय पर उनका व्याख्यान चल रहा था. बोले, आज कम्प्यूटर ने आम आदमी को भी साहित्यकार बना दिया है. जिसे देखो कविता करने लगा है, किसी भी बात पर अपना विरोध दर्ज करने के लिए अपनी सटीक टिप्पणियां वाट्सएप और फेसबुक पर डालने लगा है. अभी तक सामान्य जन केवल मौखिक रूप से स्थितियों और लोगों पर तंज कसते थे, अब 'ब्लॉग' पर व्यंग्य लिखने लगे हैं. ये एक बड़ी भारी साहित्यिक क्रान्ति हुई है. एक मनचला विद्यार्थी हाथ उठाकर खडा हो गया. कहने लगा सच तो यह है सर, आज कम्प्यूटर की दुनिया लम्बा चौड़ा भाषण देने और बड़े बड़े निबंध लिखने के लिए भी हतोत्साहित करती है. अपनी बात थोड़े में और सटीक कहिए और चलते बनिए. बात अच्छी लगे तो "लाइक" का बटन दबाइए और आगे बढ़ जाइए. न अच्छी लगे तो चुप रहिए. इसमें संदेह नहीं, बड़ी विचित्र है कम्प्यूटर की दुनिया. इसमें कुछ भी आभासित हो सकता है. पूरी दुनिया ही आभासी है. सच झूठ लगता है और झूठ सच लग सकता है. फेस बुक पर डाली गई अपनी नागवार सेल्फी पर आपको ढेरों 'लाइक' मिल सकते हैं और आपकी ललित कविता के लालित्य पर अंगूठा दिखाया जा सकता है. कितना ही नियम-विरुद्ध लिख दें, कोई विह्सिल बजाने वाला नहीं है, मानो सबने "सकारात्मक सोच" की कसम खा रखी है. लेकिन कुछ नकचढे, जिनके खून में ही तिनिया निकालना होता है, "लाइक" की इस आभासी व्यवस्था से काफी नाराज़ और दुखी हैं. अरे, हमारी नापसंदगी के लिए भी तो कोई न कोई बटन होना चाहिए. गूगल अब थोड़ा थोड़ा मन बना रहा है. सोचा जा रहा है कि लाइक के साथ साथ अब 'डिसलाइक' का विकल्प भी दिया जाए. नकचढो की नकारात्मकता की खुजली का भी कुछ न कुछ इलाज किया जाए. डिसलाइक के बटन की संभावना ने ही पैदाइशी आलोचकों के पेट में गुद्गुदी मचाना शुरू कर दी है. फेसबुक और वाट्सएप पर खुशी की लहर दौड़ गयी है. सुन्दर से सुन्दर सेल्फी पर 'डिसलाइक' बटन न दबाया तो कहना! कहा गया है कि 'लाइक' का एक विकल्प सीटी बजाना (विह्सिल) भी हो सकता है. अपनी रोजमर्रा की ज़िन्दगी में सुन्दर लड़की को देखकर लडके सीटी मारते हैं वहीं खेल (जैसे फुटबाल) में नियम विरुद्ध खेल होने पर भी सीटी बजा दी जाती है. विह्सिल का विकल्प हमेशा भ्रम में रखेगा कि यह खुशी का इज़हार है या फिर यह फाउल के लिए है. और इसी में सीटी बजाने वाले की सफलता का राज़ है. वैसे यह बात तय है कि सीटी हो या नापसंदगी, विह्सिल हो या डिसलाइक, दोनों ही असहमति के हथियार की तरह ही आभासी दुनिया में प्रयोग होंगे. लाइक का एकछत्र राज ख़त्म हो जाएगा.



# बायोस्कोप

## फिल्म रिव्यू : क्रू

# अच्छे नंबरों से पास हो गई क्रू!

ट्रेलर के बाद से ही जिस क्रू फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वह अब सिनेमाघरों में चल रही है. क्रू कोहिनूर एयरलाइंस के लिए केबिन क्रू के रूप में काम करने वाले तीन करीबी दोस्तों की कहानी है. तीनों एयर होस्टेस हैं और अपनी अपनी समस्याओं में उलझी हैं. फिलवक्त ऐसी एयरलाइन में काम करती हैं जो परेशानी के दौर में है. लिहाजा काम के बाद भी सैलरी नाम की चीज लाइफ में नहीं है. फिर किसी सीक्रेट गोल वाले व्यक्ति द्वारा बनाई गई मुश्किल स्थिति में तीनों फंस जाती हैं. अब, वे खुद को इस जाल से मुक्त करने के लिए चल रहे स्ट्रगल में उलझे हुए हैं. क्रू में तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन के अलावा पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ और कॉमेडियन कपिल शर्मा भी हैं. 'क्रू' राजेश ए. कृष्णन निर्देशित, बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क की फिल्म है जिसका बजट लगभग 40-50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. फिल्म क्रू देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं. आइए, कुछ रिएक्शन से हों रू-ब-रू-




एक यूजर ने फिल्म को 'साधारण' बताते हुए लिखा, 'फिल्म क्रू में एक अच्छे पहले भाग के बाद एक बेकार दूसरा भाग आता है. अपने अच्छे प्रदर्शन के बावजूद, मेन एक्ट्रेसस ने महत्वपूर्ण दृश्यों में ओवर एक्टिंग की. इस फिल्म को नजरअंदाज करना ही बेहतर है क्योंकि यह पूरी तरह से नॉर्मल है. एक अन्य यूजर ने फिल्म को 'मस्ट वॉच' बताते हुए लिखा, 'हास्य, मनोरंजक, आकर्षक का पैकेज. एंटरटेनमेंट अपने चरम पर. एक यूजर के मुताबिक क्रू के कलाकारों की शानदार तिकड़ी से एनर्जी मिलती है. एक यूजर का कहना है- "फिल्म बहुत अच्छी थी. फिल्म की कहानी पर थोड़ा और काम करना चाहिए था." एक अन्य यूजर के अनुसार करीना और तब्बू की बढ़ती उम्र स्क्रीन पर नजर आई थी. एक ने लिखा-" यह फिल्म एयरलाइंस के काले सच को भी उजागर करती है."

# इंटरनेट पर गरम पुलकित का हलवा



पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा इन दिनों नई नवेली शादी का लुत्फ उठा रहे. पिछले दिनों दिल्ली में कृति खरबंदा ने अपनी पहली रसोई की रस्म पूरी की और उसमें उन्होंने अपनी दादी सास को अपने हाथ से बनाया हुआ हलवा खिलाया. अब इंटरनेट पर पुलकित का बनाया गरमा गरम हलवा नजर आ रहा है. दरअसल कृति खरबंदा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए पुलकित सम्राट की कुछ तस्वीरों को शेयर किया है जिसमें पुलकित सम्राट किचन में खड़े होकर हलवा बनाते हुए नजर आए. कृति ने तस्वीरों के साथ एक लंबा चौड़ा कैप्शन भी दिया- "पुलकित की पहली रसोई कल हो चुकी है. मैं किचन में गई और पूछा कि क्या कर रहे हो तो उसने जवाब दिया कि हलवा बन रहा हूं. तब मैंने उसे कहा कि पहली रसोई तो लड़की की होती है. उसने जवाब में कहा कि हमने तय किया था कि हम अपने रिश्ते में सारी चीजों को बराबर बांट कर करेंगे. तुमने हमारी फैमिली के लिए दिल्ली में बनाया तो मैं हमारी फैमिली के लिए बेंगलुरु में बना रहा हूं."
बता दें कि फिल्म सेट पर शुरू यह लवस्टोरी हाल ही मंडप के मुकाम तक पहुंची. कृति खरबंदा की यह पहली शादी है. पुलकित की यह दूसरी शादी है और इससे पहले उन्होंने सलमान खान की मुंह बोली बहन श्वेता रोहिरा के साथ शादी की थी. जल्दी ही दोनों का तलाक हो गया.

*वह दौर ही कुछ और था जब विज्ञापन के लिए अंगुलियां आज की तरह स्किप दबाने को नहीं मचलती थीं और न रिमोट से झट चैनल बदल दिए जाते थे. विज्ञापन भी हमारा मनोरंजन करते थे, सीख देते थे और इनके जिंगल्स मधुर तो इतने थे कि आज करीब 30-40 साल बाद भी हमारे होंठों पर थिरकने का माद्दा रखते हैं. घरेलू अंदाज में शालीनता भरे ये विज्ञापन दिल के इतने करीब थे कि सुकून के पल में आज भी हम गुनगुना लेते हैं- 'हमारा आज, हमारा कल.....बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर...यह बात और है कि यह स्कूटर बनना बंद हो गया. लेकिन इसके विज्ञापन को आज भी हम में से कई लोग यू ट्यूब पर ढूंढ कर देखते-सुनते हैं और अपने मासूम से गुजरे दौर को यूं जरा सहला लेते हैं.*


# यूं खिली-खिली, तुम हुस्न परी, तुम जाने जहां

आज जब टीवी पर विज्ञापन आते हैं तो हम झट से चैनल बदल देते हैं या मोबाइल पर कुछ टटोलने लगते हैं. यूट्यूब पर विज्ञापन शुरू होते ही स्किप पर क्लिक करने के लिए अंगुलियां मचल जाती हैं. जाहिर है विज्ञापन हमें बोर करते हैं, उन्हें झेलना सजा सी लगती. लेकिन एड की ये दुनिया हमेशा इतनी बोरिंग नहीं रही है. पूछिए अस्सी-नब्बे के दशक में अपना बचपन गुजारने वालों से. उनके अनुभव से पता चलेगा कि एड और उसके जिंगल कितनी खुशनुमा भी होते हैं और रोमांच से भरे भी. रंगोली, चित्रहार, हमलोग, बुनियाद, महाभारत, रामायण, सर्कस आदि ही नहीं बल्कि उस समय विज्ञापन भी लोगों के मनोरंजन का साथी हुआ करता था. हर विज्ञापन अपना सा लगता था जिसे हम खुद से रिलेट कर सकते थे. बच्चा रूठ कर घर से जा रहा है तो दादा जी कैसे मां के बनाए खाने की याद दिलाते हैं, छुट्टी के दिन पिता और बेटा एक साथ खेल रहे हैं तो फिर आगे दिन कैसे इंजॉय करेंगे. हर विज्ञापन में परिवार और अपनेपन की झलक हुआ करती थी. आज की तरह ऐसे विज्ञापन नहीं कि जिसे परिवार वालों के साथ बैठ कर देखना शर्मिंदगी भरा हो. आज तो टाइल्स के विज्ञापन भी ऐसे आते हैं जिन्हें परिवार वालों के साथ देखना सजा सी है. जबकि पुराने विज्ञापन फैमिली शो की तरह होते थे जिसे घर में माता पिता, पति पत्नी और बच्चे साथ में बैठकर देख सकें. परिवार की भावनाएं जाहिर होती थीं इनमें और हम सहज मुस्कुरा देते थे.
कोरोना काल में जब पुराने सीरियल्स को पोटली खुली थी तो साथ आए ये मासूम-मधुर से विज्ञापन भी कितने सुखद लगे थे. आज जिंदगी में ऊंचाई या मुकाम पाए कई शख्सियत ऐसी होंगी जो आई एम ए कॉम्प्लान बॉय/आई एम अ कॉम्प्लान गर्ल गुनगुनाते हुए दूध का गिलास हाथ में थामे अपने जल्दी से बड़े हो जाने का ख्वाब आंखों में पाला होगा. सर्फ और निरमा के विज्ञापनों से महिलाओं की समझदारी वाला अक्स याद आता है तो जिंगल्स और संवाद भी. अस्सी-नब्बे के दशक के विज्ञापनों की, उसके जिंगल्स की जब चर्चा करते हैं तो किसको भुलूं, किसे याद करूं वाली दुविधा होती है. विक्स की गोली लो, सर दर्द दूर करो से लेकर उजाला, चार बूंदो वाला तक... इन विज्ञापनों में न ज़्यादा मिर्च-मसाला था, न ग्लैमर. न तीखे व्यंग्य थे और न डबल मीनिंग के संवाद. बिल्कुल घरेलू सा अपने घर-आंगन सा संवाद, दृश्य और किरदार जिन्हें देखते ही दिल खुश हो जाता था. जिंगल इतने मधुर कि आज भी होंठों पर मचलते हैं, इन्हें सुनते ही लोगों के चेहरे खिल जाते हैं. आज एक बार फिर से उन विज्ञापनों को याद करते हैं, जो दिल के किसी न किसी कोने में छिपे हैं और जिन्हें देखकर बचपन की यादें फिर से ताजा हो जाती हैं.

## तुझको न भूल पाएंगे

- हेमा, रेखा, जया और सुषमा, सबकी पसंद निरमा... इस गाने के साथ विज्ञापन ने सर्फ के साथ डिटर्जेंट की दुनिया में निरमा को भी पहचान दी. यूजर्स ने माना कि निरमा का इस्तेमाल करने से कपड़ो में सफेदी आएगी. निरमा ने साबुन बनाने में भी अपने हाथ आजमाए और नहाने की साबुन के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई.
- आई एम अ कॉम्प्लान बॉय कहते हुए टीनएजर शाहिद कपूर या तब महज 15 साल की आयशा टाकिया को के गिलास थामे देखना इस उम्र के बच्चों में कितना ख्वाब जगा जाता इसे बयां करना मुश्किल है. लेकिन तय है कि हर बच्चा वैसे ही लंबा हो कर ऊंचाई पर रखी चीजें उतारने के लिए मचलता और काम्प्लान पीने की जिद करता था.
- पान पराग पान मसाला पान पराग...विज्ञापन का ही असर था कि बारातियों के स्वागत के लिए पान पराग जरूर रखे जाते थे. शम्मी कपूर और अशोक कुमार पर फिल्माया यह विज्ञापन खूब पसंद किया गया था. काफी लोकप्रियता बटोरी थी.
- हमारा कल हमारा आज बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर- हमारा बजाज... भले आज यह स्कूटर नहीं बन रहा, लेकिन इस स्कूटर और इसके एड से लोगों की इतनी यादें जुड़ी हुई हैं कि आज भी लोग गुनगुना ही देते हैं. इतना ही नहीं, यूट्यूब पर यह विज्ञापन आज भी ढूंढ कर देखा जा रहा और लाइक-कमेंट बटोर रहा.
- फिल्मी सितारों का मनपसंद साबुन...लक्स ने तो लीली चिटनीस से आलिया भट्ट तक का लंबा सफर तय किया. लेकिन जो लोकप्रियता श्रीदेवी, रेखा और हेमा मालिनी के लक्स विज्ञापनों के दौरान मिली, वाकई बेहद खास थी.

## अतीत के झरोखे की शानदार यात्रा



महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के मालिक आनंद महिंद्रा ने कुछ समय पहले, "अतीत के झरोखे की शानदार यात्रा नाम से एक वीडियो शेयर किया है जो खूब वायरल हुआ. इसमें अस्सी-नब्बे के दशक में लोगों के घरों में मौजूद चीजें और विज्ञापन दिखाई. एक पुराना लैंडलाइन टेलीफोन सेट, स्कूटर, विभिन्न प्रकार की कई लालटेन,अलार्म घड़ी, एक पारंपरिक टॉर्चलाइट, मिट्टी के तेल का चूल्हा, टेप रिकॉर्डर, टाइपराइटर और एक ट्रांजिस्टर रेडियो भी दिखता है. वीडियो में विंटेज प्रिंट विज्ञापनों को भी दिखाया गया है जैसे एक लक्स साबुन के विज्ञापनों में अभिनेत्री जीनत अमान और साधना को अलग-अलग दिखाया गया है. फिल्मफेयर विज्ञापनों में युवा वहीदा रहमान, मधुबाला, पद्मिनी और स्मृति बिस्वास की अलग-अलग तस्वीरें हैं, और बॉम्बे डाइंग के विज्ञापन में युवा अमिताभ बच्चन को दिखाया गया है. इसके अतिरिक्त, वीडियो में चारमीनार जैसी पुरानी कंपनियों के सिगरेट विज्ञापनों को दिखाया गया है जिसमें युवा जैकी श्रॉफ और पनामा हैं. इसमें एवरेडी बैटरी, पॉन्ड्स टैल्कम पाउडर, कोलगेट टूथ पाउडर, डालडा वनस्पति और राजदूत डीटीएस 175 मोटरबाइक के पुराने विज्ञापन दिखाए गए हैं. पूरा वीडियो लता मंगेशकर के साथ 1958 की फिल्म शिरीन फरहाद का गुजरा हुआ ज़माना गाना गाते हुए चलता है.





## सदाबहार ये जिंगल्स

- बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर, हमारा बजाज...
- लाइफबॉय हो जहां तंदुरुस्ती है वहां....
- विक्स की गोली लो खिचखिच दूर करो...
- झंडु बाम, झंडु बाम पीड़ाहारी बाम....
- रंगीन कपड़ा भी खिल खिल जाये, वाशिंग पाउडर निरमा....
- अपना ले ख़ुशी हर पल की ...कैडबरी पर्क
- यूं खिली खिली, तुम हुस्न परी, तुम जाने जहां, तुम सब से जवां, सौंदर्या साबुन निरमा....
- मजेदार ...लज़्ज़तदार ... स्वाद में लिज़्ज़त ... लिज़्ज़त पापड़
- लाइम एंड लेमोनी लिम्का ...लिम्का...
- असली मसाले सच सच ...एमडीएच..
- उजाला, चार बूंदो वाला
- बोले मेरे होंठ, आई लव अंकल चिप्स
- अटली-बटली अमूल
- हो, हो स्कूल टाइम, एक्शन का स्कूल टाइम....
- वज्रदंती , वज्रदंती ...विको वज्रदंती
- विको टर्मरिक, नहीं कॉस्मेटिक...



## बड़े काम के थे ये विज्ञापन



कुमकुम गौड़

विज्ञापन कर्णप्रिय तो होते ही थे, मेरे कई काम भी करा देते थे. जैसे दूध दूध पिओ गिलास फुल दूध और संडे हो या मंडे रोज खाओ अंडे जैसे विज्ञापनों की मदद से बच्चों को आराम से पौष्टिक आहार दे पाती थी. मेरी बिटिया दूध पीना नहीं पसंद करती थी. पर अमूल के इस विज्ञापन के जिंगल गुनगुनाते हुए उसे पूरा गिलास दूध रोज पिला देती थी. इसी तरह रोज खाओ अंडे के जिंगल गुनगुनाते हुए दोनों बच्चे मजे से अंडे खा लेते थे. इस तरह इन विज्ञापनों के साथ मेरे बच्चों का बचपना भी जुड़ा है.



## सबकी पसंद निरमा




पंकज प्रियम

तब इक्के-दुक्के घरों में टेलीविजन हुआ करते थे. उन घरों में रामायण, महाभारत जैसे धारावाहिक का दौर था. हम धारावाहिक के साथ-साथ विज्ञापन को भी बड़े चाव से देखते थे. निरमा, विजिल, लिरिल, ब्रिटानिया जैसे उत्पादों के जिंगल्स लोगों की जुबान पर इस कदर चढ़ चुके थे कि आज भी याद है. उन दिनों जो सबसे अधिक विज्ञापन चलता था वह निरमा का था. सबकी पसंद निरमा! वाशिंग पॉवडर निरमा!! इसके साथ ही तंदरूस्ती का साबुन विजिल, लिरिल लिरिल. उस दौर में सिर्फ दूरदर्शन ही था तो चैनल बदलने का विकल्प नहीं था. हमें बड़ी मुश्किल टीवी देखने का अवसर मिलता था तो विज्ञापन न देखने का कोई कारण भी नहीं था. विज्ञापन के जिंगल्स भी कर्णप्रिय लगते थे और आधे घण्टे के धारावाहिक में 10-12 मिनट के विज्ञापन भी दर्शकों को बाँधे रखने में सक्षम थे. तब मोबाइल नहीं था. आज तो एड आया नहीं कि हम चैनल बदल लेते हैं या फिर मोबाइल देखने लगते हैं. दर्शकों की इस मानसिकता को एड कंपनियों ने पकड़ लिया है. चैनलों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है लिहाज़ा अब एक ही समय में ब्रेक होते हैं और सभी चैनलों में एक साथ विज्ञापन प्रसारित होने लगता है. हालांकि आज के विज्ञापन चाह कर भी 90 के दशक के जादू नहीं कर पा रहे हैं. आज कितने लोगों को विज्ञापनों के टैगलाइन या जिंगल्स याद रहते हैं?

## हस्ताक्षर

# यू ट्यूब तो नहीं बचा सकता हमारा चैता



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

आज गूगल पर सर्च कर कोई हमारे चैता के बारे में जानना चाहे तो अवश्य ही अजीब सी धारणा के साथ वह वापस होगा. चैता के नाम पर पवन सिंह, खेसारी लाल यादव सहित कई चर्चित अचर्चित गायकों के ऐसे वीडियो यू ट्यूब पर दिखते हैं जिसके शीर्षक लिखने की इजाजत भी अखबार नहीं दे सकता. क्या आश्चर्य नहीं कि हरेक साल थोक के भाव बनने वाले शायद ही किसी भोजपुरी सिनेमा में चैता को जगह मिल पाती, हिंदी सिनेमा के लिए हम दुख ही क्यों व्यक्त करें. हिंदी सिनेमा में लोकगीतों की बात करें तो अभी भी हम 'तीसरी कसम' पर ही ठमके हैं. क्या यह अजीब नहीं लगता कि आने वाले दिनों में आने वाली पीढ़ी के पास होरी और चैता के नाम पर यू ट्यब वीडियो का अश्लील जखीरा ही छोड जाएंगे.



### उतरल फगुनवा, चईत चढ आइल हो रामा

वास्तव में मधुमास कहे जाने वाले चैत की पहचान ही गीत संगीत से है. हमारी पीढ़ी सहज ही याद कर सकती हैं कि होरी गायन का समापन होली के दिन होता और इसी के साथ चैता गायन की शुरुआत भी हो जाती, किसी रिले रेस की तरह, कि आज से होरी बंद, कल से चैता शुरु, उतरल फगुनवा, चईत चढ आइल हो रामा, अमवां में लउकता टिकोरवा, हो रामा भारतीय पञ्चांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नया वर्ष शुरू होता है.

## नई विविधता भरा

फसल के घर आने का भी यही समय होता है जिसका उल्लास चैता में स्वर पाता है. चैता गायन की शुरुआत आदिशक्ति के स्मरण के साथ होती है, पहिले सुमिरला आदि भवानी ए रामा कंठे सुरवा. कंठे सुरवा होकना सहइवा, ए रामा कंठे सुरवा इसके बाद भूमि की आराधना, स्वभाविक भी है, चैता अमूमन मंच पर नहीं जमीन पर बैठ कर ही गाने की परंपरा रही है, और जिस भूमि पर बैठ कर सुर साधे जा रहे हों, उसका नमन कैसे भूला जा सकता. ए रामा, सुमिरींले ढुइयां, सुमिरि माता भुइयां हो रामा, एही ठहिएं, आजु चइत हम गाइब हो रामा, एही ठहिएंचैत का महीना बहुत से धार्मिक पर्वों एवं भावनाओं से जुड़ा है. वह विविधता चैता में भी दिखती है, इसमें राधा कृष्ण की भी चर्चा मिलती, शिव पार्वती की भी, और तमाम लोकगीतों की तरह अपने प्रेम विरह सुख दुख को तो यहां स्वर मिलते ही. हो रामा.. तो चैता का टेक ही होता, रामनवमी के दिन चैता गाने का एक विशेष उत्साह भी होता है, जो रामजन्म एवं उनके जीवन की अन्य घटनाओं से संबद्ध रहता है.

## सामूहिकता के वे स्वर

यह अपने आप में गायन की अद्भुत परंपरा है, जहां वीर रस और शृंगार रस समवेत होते हैं. चैता का कमाल यह है कि नगाडा, मृदंग और डफ जैसे वाद्य भी प्रेम का सुर बिखेरते हैं. इसका एक स्वरुप चैती भी है जो अकेले भी गायी जाती है, लेकिन हमारे तमाम लोकगीतो की तरह चैता की भी विशेषता इसकी सामूहिकता है. हालांकि शायद अब भी कहीं कहीं औपचारिकता बच रही हो, दशक पहले तक बिहार उत्तरप्रदेश के सडक मार्ग से गुजरते हुए कई स्थानों पर सड़कों के किनारे दरी चादर बिछाकर सैकडों लोगों को एक साथ चैता गाते गुए देखा सुना जा सकता था, अहले सुबह तक. चैता गायन की गति और उत्साह का यही कमाल है कि सारे काम निबटा कर जब रात में गायन की शुरुआत होती तो सूर्योदय कब हो जाता शायद ही लोगों को अहसास हो पाता. चैता का कमाल कि इसके समूह में हर कोई गायक है, हर कोई वादक है. इसके उत्साह का अहसास कोई सिर्फ चैता सुनकर नहीं कर सकते. वास्तव में उस उर्जा, उस आनंद उस उत्साह का अहसास बगैर उस समूह का हिस्सा बने नहीं किया जा सकता.
यह तुलना सही नहीं हो, लेकिन इस सच से इन्कार भी नहीं किया जा सकता कि जिस गति और बीट्स के लिए पंजाबी लोकधुनों को हमने सरमाथे रखा, चैता को राम भरोसे छोड दिया. जाहिर है हमने छोड दिया तो सिनेमा को क्या पड़ी!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



**आईपीएल :** पंजाब के खिलाफ जीत के लिए लखनऊ को करना होगा ऑलराउंड प्रयास

# पंजाब किंग्स और लखनऊ के बीच मुकाबला आज

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा**



**शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है**

भाषा। लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का सामना शनिवार को पंजाब किंग्स से होगा. पहले मैच में मिली हार के बाद लखनऊ की निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी. लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था. इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाये थे और वे प्रभावित नहीं कर सके. मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे, जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी. आगामी टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे.

### पंजाब को पावरप्ले में तेज बल्लेबाजी करने की जरूरत

शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें. सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है. उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी. प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं. वहीं ऑल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं. उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं, लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा

### टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**
केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान.

**पंजाब किंग्स**
शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ.

### बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे राहुल

कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली, जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे. साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे. टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी.



### स्टोइनिस का फॉर्म लखनऊ के लिए जरूरी

लखनऊ की सफलता ऑस्ट्रेलियाई ऑल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी, जिन्होंने पिछले साल टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने पिछले टीम के लिए 408 रन बनाए थे, जिसके साथ ही वह टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे. वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली.

**मियामी ओपन :** मार्सेल ग्रैनोलर्स व होरासियो जेबालोस की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी फाइनल में

- युगल रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच सकते हैं बोपन्ना
- फाइनल में डोडिग व क्राजिसेक से भिड़ेगी बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी

भाषा। मियामी गार्डन्स

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया. बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी ने मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को 6-1 6-4 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की. फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी. बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे, लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी. ऑस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये थे. बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा. वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं. बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा. बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गये.



एकतरफा मुकाबले में 6-1,6-4 से जीती बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी

### क्वार्टरफाइनल में दिमित्रोव से हारे शीर्ष वरीय अल्कराज

- दिमित्रोव ने अल्कराज को 6-2, 6-4 से हराया
- सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे दिमित्रोव

आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की. दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है. अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे, जिन्होंने गुरुवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3 7-5 से जीत हासिल की थी. दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे. महिला वर्ग में चौथी वरीय एलीना रिबाकिना को फिर से तीन सेट से गुजरना पड़ा और अंत में उन्होंने सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4 0-6 7-6(2) से जीत हासिल की. रिबाकिना पिछले साल भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन पेत्रा क्वितोवा से हार गयी थी. अब रिबाकिना का सामना गैर वरीय डेनिलय कोलिंस से होगा, जिन्होंने 14वें नंबर की एकैटरीना एलेक्यांद्रोवा को 6-3 6-2 से हराया.



### डार्टमाउथ कॉलेज में शुरुआती भाषण देंगे रोजर फेडरर

**कॉनकॉर्ड (अमेरिका)।** स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर जून में डार्टमाउथ कॉलेज के छात्रों को सत्र प्रारंभ होने से पहले शुरूआती भाषण देंगे और इस दौरान उन्हें मानद डॉक्टर की उपाधि भी प्रदान की जायेगी. 'द इवी लीग स्कूल' ने इसकी जानकारी दी. फेडरर हनोवर में नौ जून को होने वाले इस समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे और 'डॉक्टर ऑफ ह्यूमेन लेटर्स डिग्री' की मानद उपाधि भी प्राप्त करेंगे. डार्टमाउथ की अध्यक्ष सियान लिया बेलॉक महान टेनिस खिलाड़ी फेडरर की मुरीद हैं. उन्होंने गुरुवार को कहा कि वह उनका स्वागत करने को लेकर रोमांचित हैं. महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 2022 में 41 साल की उम्र में खेल से संन्यास ले लिया था और उन्होंने अपने शानदार करियर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 20 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किये.

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की आलोचना पर स्मिथ की सलाह

# हूटिंग पर ध्यान न दे, यह अप्रासंगिक है

भाषा। नयी दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी 'अप्रासंगिक' हैं. इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं. दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे. केप टाउन में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में अपनी भूमिका के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों से दुर्व्यवहार का सामना करने वाले स्मिथ ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा कि मैं बस इतना कहूंगा कि इस पर ध्यान मत दो, यह सब अप्रासंगिक है. उन्होंने कहा कि बाहर कोई नहीं जानता कि आप किस चीज से गुजर रहे हैं. कोई भी (बाहरी व्यक्ति) उस ड्रेसिंग रूम में नहीं है. इंग्लैंड में 2019 एकदिवसीय विश्व कप के दौरान प्रशंसकों ने स्मिथ को 'धोखेबाज' कहा था और उन्होंने कहा कि ये सभी दुर्व्यवहार हार्दिक के लिए हैरानी भरा होगा क्योंकि उन्हें स्वदेश में भारतीय प्रशंसकों से इसका सामना करना पड़ रहा है. गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद 2018 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पद से इस्तीफा देने वाले स्मिथ ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से, मैं इससे परेशान नहीं होता. मुझे परवाह नहीं है. मैं इस पर कोई ध्यान नहीं देता. उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि यह सब बेकार का शोर है लेकिन निश्चित रूप से खिलाड़ी चीजें सुनते हैं और हर किसी को अपनी भावनाओं का अधिकार है और वे उन पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं. स्मिथ ने कहा कि तो क्या इसका उन (हार्दिक) पर असर पड़ रहा है? हो सकता है. यह संभव है. उन्होंने शायद जीवन के किसी भी क्षेत्र में पहले ऐसा अनुभव नहीं किया है. मुंबई इंडियंस द्वारा रिलीज किए जाने के बाद हार्दिक ने 2022 में अपने पहले सत्र में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए उसे आईपीएल खिताब दिलाया था.

# ओलंपिक के विदेशी पुलिस और सैन्य मदद मांगी गयी

भाषा। पेरिस

फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं. आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं. आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था, जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी. मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है. मंत्रालय ने कहा कि यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मेजबान देशों का एक सामान्य दृष्टिकोण है. इसमें कहा गया है कि फ्रांस ने 2022 में कतर में फुटबॉल विश्व कप में अपने 200 जवानों को भेजा था और पिछले साल फ्रांस द्वारा आयोजित रग्बी विश्व कप की सुरक्षा के लिए यूरोपीय देशों के 160 सुरक्षाबल आए थे. इसके अलावा सेना के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल पियरे गौडिलियेर ने कहा कि फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने अन्य देशों से 'छोटी संख्या' में सैन्य कर्मियों की मांग की है जो खोजी कुत्तों की टीमों सहित खेलों में 'बहुत विशिष्ट' कार्यों में मदद कर सकें.

# चोट के कारण मोंटे कार्लो टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे मरे

भाषा। लंदन

एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे, जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन की प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे. मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा. मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे. उनकी प्रबंधन टीम के बयान के अनुसार, इस समय अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एंडी कितने लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे. वह अपनी चिकित्सा टीम के साथ विकल्पों की समीक्षा जारी रखेंगे. इसमें कहा गया कि निश्चित रूप से यह एंडी के लिए बहुत ही निराशाजनक खबर है और उन्होंने दोहराया है कि वह जितना जल्दी हो सके कोर्ट पर वापसी करने के इच्छुक हैं.



**क्रिकेट** तेज गेंदबाज की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली के खिलाफ आखिरी ओवर में जीता था राजस्थान

# संभवत: यह मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर रहा : आवेश

भाषा। जयपुर

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था. आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिये. इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की. लखनऊ सुपर जायंट्स ने 'ट्रेड' करके आवेश को राजस्थान रॉयल्स को दिया है. आवेश आठ वनडे और 20 टी-20 मैच खेल चुके हैं. उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है. पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था.जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था. लेकिन जहां तक कार्यान्वयन की बात थी तो उस लिहाज से यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर रहा. सभी गेंद एक ही जगह 'वाइड यार्कर' रहीं.



दिल्ली के खिलाफ अंतिम ओवर में आवेश ने बचाए थे 17 रन

### पिछले सीजन की तुलना में बदली है भूमिका

आवेश खान ने कहा कि पिछले सीजन की तुलना में इस सत्र में उनकी भूमिका बदल गयी है. इस 27 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि लखनऊ और दिल्ली कैपिटल्स में मैं पावरप्ले में दो ओवर डालता था. यहां मैं पावरप्ले के बाद दो ओवर और 'डेथ ओवरों' (अंतिम ओवरों) में भी गेंदबाजी कर रहा हूं. टीम प्रबंधन और संजू सैमसन ने मुझे अपनी योजना का कार्यान्वयन करने के लिए पूरी आजादी दी है, जिससे मुझे मदद मिल रही है. संजू गेंदबाजों के लिहाज से शानदार कप्तान है.

# वापसी में नोर्किया को लय हासिल करने में लगेगा समय : जेम्स होप्स

भाषा। जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जायेंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है. राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं, जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिये. राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया. नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी-20 मैच खेलने के बाद आईपीएल में खेलने लगे. लेकिन वह अभी तक अपनी मशहूर यार्कर और 'हार्ड लेंथ' गेंद डालने में विफल रहे हैं. होप्स ने अपनी टीम की हार के बाद कहा कि मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा. उन्होंने योजनाओं पर तामील करने की कोशिश की. पहले 10 ओवर अच्छे रहे लेकिन अंतिम पांच ओवर में उन्होंने काफी रन लुटा दिये. उन्होंने कहा कि नोर्किया काफी समय से खेल से दूर रहा और काफी समय बाद इस स्तर पर खेल रहा है.



### खास बातें

- नोर्किया ने छह महीने बाद की है प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी
- राजस्थान के खिलाफ 48 रन लुटाए थे नोर्किया ने

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन से कटकर कोचिंग पढ़ने गई छात्रा की मौत

**भागलपुर ।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के एसएस बालिका उच्च विद्यालय के मुख्य गेट के समीप शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर एक छात्रा का शव बरामद हुआ है. लड़की के सिर पर गंभीर चोट का निशान है. बताया जा रहा है कि मृतका शुक्रवार सुबह कोचिंग पढ़ने के लिए नाथनगर गई हुई थी. तय समय पर घर वापस नहीं लौटने के बाद परिजन ने उसकी खोजबीन करने लगे. इसके बाद गांव वालों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान रेल से कट कर उसकी मौत हो गई है.

### पत्रकार हत्याकांड में एक अपराधी पकड़ाया

**बिहारशरीफ ।** पत्रकार दीपक विश्वकर्मा को गोली मारने की घटना का सफल उद्भेदन कर लिया गया है. इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है. बिहारशरीफ सदर आरक्षी उपाधीक्षक नुरुल हक नें शुक्रवार को दीप नगर थाना में एक संवाददाता सम्मेलन कर उपरोक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 17 मार्च रविवार को संध्या में राजगीर से अपनी पत्नी रागंणी विश्वकर्मा के साथ लौटने के क्रम में दीपनगर थाना अंतर्गत टॉल प्लाजा से थोड़ी दूरी पर पत्रकार दीपक विश्वकर्मा को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गयी थी, जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे.

### 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ ।** टॉप 10 एवं इनामी अपराधियों के विरूद्ध नालंदा पुलिस लगातार सूचना संकलन कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. इसी क्रम में मानपुर थाना के 25 हजार के इनामी मो. इमरान उर्फ इम्मू पिता स्व. एहसान मल्लिक उर्फ मुन्नु मियां उर्फ एहसान आलम को पेढ़का थाना के मानपुर में अपने घर आने की सूचना पर तत्काल छापेमारी कर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधी मानपुर थाना में दर्ज दर्जनों मामले फरार चल रहा है. उपर्युक्त में एक कांड में कुर्की जब्ती की जा चुकी थी. आरोपी पर पहले से भी कई मामले दर्ज थे.




### लोकसभा चुनावः बिहार में महागठबंधन ने सीटों को लेकर किया ऐलान

# राजद को 26 व कांग्रेस को मिलीं नौ सीट

संवाददाता । पटना

बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है. राजद सुप्रीमो लालू यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बस्ती में शुक्रवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा की. इसके मुताबिक राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक और सीपीआई (एम) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी. राजद के खाते में जो सीटें आई है, उनमें अररिया, बांका, बक्सर, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जहानाबाद, जमुई, झंझारपुर, मधेपुरा, महाराजगंज, नवादा, पाटलिपुत्र, उजियारपुर, सारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, सिवान, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, वाल्मीकिनगर और औरंगाबाद लोकसभा सीट है. कांग्रेस जिन नौ सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी उनमें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, सुपौल और समस्तीपुर लोकसभा सीट हैं. सीपीआईएमएल जिन तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनमें काराकाट, आरा, नालंदा संसदीय सीट है जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीआई (एम) खगड़िया से चुनाव लड़ेगी.

**पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे :** लोकसभा चुनाव को लेकर जारी डेट के हिसाब से बात करें तो पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे और इन्होंने नामांकन भी करवा लिया है. पहले चरण की सभी सीटें यानी औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई (एससी) राजद के खाते में गई हैं. दूसरे फेज में राजद के सिर्फ दो कैंडिडेट होंगे. बाकी तीन कैंडिडेट कांग्रेस के होंगे. इस चरण में किशनगंज, कटिहार और भागलपुर कांग्रेस जबकि पूर्णिया और बांका संसदीय सीट राजद के खाते में गई हैं. इसी तरह तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा लोकसभा सीट पर राजद जबकि खगड़िया सीट पर सीपीएम के कैंडिडेट मैदान में होंगे. चौथे चरण में मुंगेर, उजियारपुर और दरभंगा सीट पर राजद, समस्तीपुर (एससी) सीट पर कांग्रेस, बेगूसराय सीट पर सीपीआई के प्रत्याशी मैदान में होंगे. इसके बाद पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और हाजीपुर (एससी) सीट पर राजद जबकि मुजफ्फरपुर सीट पर कांग्रेस के कैंडिडेट होंगे.

छठे चरण के वाल्मीकि नगर, शिवहर, पूर्वी चंपारण, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान सीट पर राजद जबकि पश्चिम चंपारण और महाराजगंज सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में होंगे. सातवें और अंतिम चरण में नालंदा, आरा और काराकट सीट पर सीपीआई माले, पटना साहिब और सासाराम (एससी) सीट पर कांग्रेस, पाटिलपुत्र, बक्सर और जहानाबाद सीट पर राजद के कैंडिडेट मैदान में होंगे.

### पप्पू यादव का ऐलान : कांग्रेस के सिंबल से ही पूर्णिया से करेंगे नामांकन

**पटना ।** पप्पू यादव ने पूर्णिया में पीसी कर शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सिंबल से ही पूर्णिया सीट से नामांकन करेंगे. पप्पू यादव ने कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी का झंडा मेरे हाथों में दे दिया है और जनता ही अगली 26 अप्रैल को पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी के झंडे को स्थापित करेगी. देश प्रथम है और पार्टी उसके पीछे है. हमारे सर्वमान्य नेता ने देश के लिए बड़े लेवल पर 'इंडिया' गठबंधन का संकल्प लिया है, जिसका मकसद है देश विरोधी नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से बाहर करना

## मानवता हुई शर्मसार

# डायन का आरोप लगा महिला से मारपीट, शरीर पर फेंका मैला

संवाददाता । पूर्वी चंपारण

जिले संग्रामपुर थाना क्षेत्र के उत्तरी मधुबनी पंचायत के मधुबनी गांव में एक महिला पर डायन होने का आरोप लगाकर मारपीट और शरीर पर मैला फेंकने का मामला सामने आया है. घटना को लेकर कृष्णा सिंह की पत्नी पीड़ित आभा देवी ने थाना में आवेदन देकर मधुबनी के प्रभात कुमार उर्फ मुन्ना पासवान, गीता देवी, विवेक कुमार सहित चार लोगों को आरोपित किया है. पीड़िता ने आवेदन में कहा हैं कि हम अपने घर में थी तभी दो बाइक से सवार कुछ लोग दरवाजे पर पहुंचे तो गाड़ी की आवाज सुनकर बाहर निकली तब तक उक्त चारों लोग डायन डायन कहते हुए मारपीट शुरू कर दिए. जिससे घायल होकर नीचे गिर गई. तभी सभी आरोपितों ने हमारे शरीर पर मैला व राख फेंक दिये. इस दौरान इनलोगों ने धमकी देते कहा कि हमलोग तुम्हें बहुत जल्द ही विधवा बना देंगे. वही इस बाबत थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं.

### 20 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पटना ।** एसएसबी 71वीं वाहिनी के अठमोहान कैंप के जवानों ने इंडो-नेपाल सीमा स्थित अगरवा गांव के पिलर संख्या 359/10 के समीप बीस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. एसएसबी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारतीय सीमा में एक नेपाली युवक नशीली पदार्थ लेकर प्रवेश करने वाले है, जिसके बाद एसएसबी जवानों ने सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाते हुए वाहन चेकिंग के दौरान एक तस्कर को दबोच लिया.

### सनकी साधु ने युवक को पीटकर मार डाला

**मोतिहारी ।** मोतिहारी शहर में सनकी साधु ने एक युवक की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर जान ले ली. युवक की हत्या करने के बाद साधु प्रभाकर पांडेय भागने की जुगत में था. इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया. हत्या की घटना मोतिहारी नगर व मुफ्फसिल थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित नरसिंह बाबा आश्रम मठ के समीप की है. मृतक रधुनाथपुर ओपी थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार है. मृतक राहुल मूलतः कल्याणपुर का रहने वाला है. उसकी मां तुरकौलिया में नर्स का काम करती है.

### भव्य स्वागत



पटना में शुक्रवार को पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद का जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया.

## गंडक नदी का जलस्तर बढ़ा किसानों की परेशानी बढ़ी

**बगहा ।** गंडक नदी में पानी बढ़ने के साथ ही बगहा शहर के आनंद नगर मोहल्ला पर गंडक नदी के पानी का दबाव हल्का बढ़ गया है. जिसके चलते बांधा गया बांध धंसने लगा है. लोगों का कहना है कि नदी का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. वहीं, दूसरी ओर गंडक दियारा में लगे गेहूं की फसल गंडक नदी में कट विलीन हो गया है. जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है. जानकारी के अनुसार बगहा शहर के वार्ड नंबर 16 आनंद नगर स्थित गंडक नदी का जलस्तर बढ़ गया है. जिसके चलते बांधा गया बांध अब पानी का दबाव होने के चलते धंसने लगा है.

## पति ने पत्नी सहित 3 बेटियों की काट डाला

संवाददाता । पटना

पूर्वी चंपारण जिले में हृदय विदारक घटना सामने आई है. जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी. घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है. बताया जा रहा है कि गुरुवार रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इंदु मियां घर छोड़ फरार है. मृतकों में इंदु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून (13), तबरुन खातून (11) व शहजादी खातून (9) शामिल हैं. चारों की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है. घटना के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है. मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी. पहली पत्नी की मौत हो चुकी है. पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं. जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी. इनमें एक की शादी हो चुकी है.

ग्रामीणों के अनुसार इंदु साइको है. पांच बच्चियों में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था. इस मामले में वह जेल भी जा चुका है.

## कारोबार

### हर्ष कदम को एमडी के रूप में किया नियुक्त

**मुंबई ।** जर्मनी की मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी शेफलर के निदेशक मंडल ने हर्ष कदम को कंपनी की भारतीय शाखा का फिर से प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है. यह नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी होगी. हालांकि, अभी इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी आवश्यक है. शेफ़लर इंडिया की चेयरपर्सन एरांती सुमितश्री ने कहा, निदेशक मंडल ने एक अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2027 तक अगले तीन साल के कार्यकाल के लिए सीईओ के रूप में हर्ष कदम की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है.

### आरवीएनएल को मिला 60 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरवीएनएल और निजी इस्पात कंपनी सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग के संयुक्त उद्यम को मध्य अफ्रीकी देश रवांडा में करीब 60 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला है. एसटीईएल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, यह ठेका ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (ईडीसीएल) से मिला है. इसे 18 महीने में पूरा करना है. इस महीने की शुरुआत में संयुक्त उद्यम को मध्य प्रदेश सरकार से करीब 174 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला था.

### अडाणी ग्रीन एनर्जी ने परिचालन शुरू किया

**नयी दिल्ली ।** अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है. अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है. बयान के अनुसार, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने अपनी विभिन्न पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से गुजरात के खावडा में कुल 775 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं का संचालन शुरू किया है. कंपनी ने कहा कि इस परियोजना से बिजली उत्पादन 29 मार्च से शुरू हो जाएगा.

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26% हिस्सेदारी खरीदी

# अडाणी और अंबानी दोनों मिलकर करेंगे काम

भाषा । नयी दिल्ली

औद्योगिक जगत में मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी को एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी के तौर पर देखा जाता है. जब भी कहीं कोई बोली लगती है वहां पर ये दोनों पहुंचकर अपना दांव लगाते हैं. यही चर्चा का विषय होता है. लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है. ऐसा पहली बार हुआ है कि जब देश के ये दो सबसे अमीर इंसान एक साथ आए हैं. मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और गौतम अडाणी के ग्रुप की अडानी पावर के बीच एक बड़ी डील हुई है. रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26% हिस्सेदारी खरीदी है. इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्लांट की 500 मेगावाट बिजली (इलेक्ट्रिसिटी) का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक एग्रीमेंट किया है. यह पहला मौका है जब दो कॉम्पिटिटिव बिलेनियर इंडस्ट्रियलिस्ट के बीच किसी तरह की पार्टनरशिप हुई है. दोनों कंपनियों ने अलग-अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है. रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 5 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी, जिसके लिए वह 50 करोड़ रुपये खर्च करेगी.




रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है. इसका मार्केट कैप 20,14,010.63 करोड़ रुपये है. 31 मार्च 2023 के अनुसार, रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 9,74,864 करोड़ रुपये है. कैश प्रॉफिट 1,25,951 करोड़ रुपये और नेट प्रॉफिट 73,670 करोड़ रुपये है. रिलायंस अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर और हाइड्रोजन), रिटेल और डिजिटल सर्विस प्रोवाइड करने का काम करती है. वहीं गौतम अडाणी का अडाणी पावर भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट थर्मल पावर प्रोड्यूसर है. कंपनी ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट में बताया है कि हमारी बिजली उत्पादन कैपेसिटी 15,250 मेगावाट है. इसमें गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड में थर्मल पावर प्लांट और गुजरात में 40 मेगावाट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट शामिल है. अडाणी पावर का कहना है कि वह क्योटो प्रोटोकॉल के क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म के तहत कोल बेस्ड सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है. फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी 9.72 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं. जबकि, 6.73 करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ गौतम अडाणी इस लिस्ट में 17वें नंबर पर हैं.

**डील पक्की**
- रिलायंस ने 500 मेगावाट बिजली खुद इस्तेमाल करेगी
- रिलायंस का मार्केट कैप 20,14,010 करोड़ रुपया है

वैसे गुजरात के इन दोनों उद्योगपतियों को अक्सर मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता रहा है. हालांकि, दोनों उद्योगपति एशिया के सबसे अमीर लोगों की सूची के शीर्ष दो पायदानों तक पहुंचने के लिए वर्षों से एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं. मुकेश अंबानी की रुचि ऑयल एंड गैस से लेकर रिटेल और टेलीकॉम तक है. अडानी का ध्यान पोर्ट से लेकर एयरपोर्ट, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है. दोनों कारोबारियों ने रिन्यूएबल और ग्रीन एनर्जी सेक्टर को छोड़कर कभी भी एक-दूसरे के सेक्टर में निवेश नहीं किया है. ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अडाणी ग्रुप 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा एनर्जी प्रोड्यूसर बनने की योजना पर काम कर रहा है. जबकि रिलायंस गुजरात के जामनगर में चार गीगाफैक्टरी का निर्माण कर रही है. इनमें प्रत्येक फैक्टरी सौर पैनल, बैटरी, हरित हाइड्रोजन और ईंधन सेल के लिए है. अडाणी ग्रुप भी सौर मॉड्यूल, विंड टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगाफैक्टरी लगा रहा है. देखा जाय तो निजी तौर पर दोनों उद्योगपति एक-दूसरे के विरोध से हमेशा दूर रहे हैं. साल 2022 में मुकेश अंबानी ने एनडीटीवी में अपनी हिस्सेदारी गौतम अडाणी को बेच दी, जिससे उसके अधिग्रहण का रास्ता अडाणी ग्रुप के लिए आसान हो गया. इस महीने की शुरुआत में जामनगर में मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग समारोह में गौतम अडाणी भी मौजूद थे. जब अडाणी ग्रुप ने 5जी डेटा और वॉयस कॉल सेवाओं को ले जाने में सक्षम स्पेक्ट्रम की नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन किया था, तब भी दोनों के टकराव की भविष्यवाणी की गई थी. हालांकि मुकेश के विपरीत गौतम ने 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में 400 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम ही खरीदा था.

## टीसीएस

### 3.5 लाख कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दिया

एजेंसी । मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने 3.5 लाख कर्मचारियों को जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) का प्रशिक्षण दिया है. कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. कंपनी ने जनवरी में घोषणा की थी कि 1.5 लाख कर्मचारियों को विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है, जिसे भविष्य में कंपनी के लिए सबसे बड़ा अवसर कहा जाता है. कंपनी ने अब अपने जेनएआई में प्रशिक्षण वाले कर्मचारियों की संख्या आधे से अधिक तक पहुंचा दी है. आधिकारिक बयान के अनुसार, जेनएआई में मूलभूत कौशल पर प्रशिक्षित 3,50,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ टीसीएस दुनिया में सबसे बड़े एआई में प्रशिक्षित कार्यबल में से एक बनाने के लिए तैयार है. कंपनी 2023 में क्लाउड और एआई अपनाने की ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एआई और क्लाउड के लिए एक समर्पित इकाई बनाने वाली पहली प्रौद्योगिकी कंपनी बन गई थी.

### आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के प्रमुख ने दिया इस्तीफा

एजेंसी । नयी दिल्ली

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शुक्रवार को कहा कि उसके खुदरा वितरण प्रमुख केदार देशपांडे ने ब्रोकरेज फर्म से इस्तीफा दे दिया है. कंपनी ने बताया कि उनका इस्तीफा 12 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा. उन्होंने वैकल्पिक करियर अवसरों को अपनाने के लिए इस्तीफा दिया. सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार को बताया, खुदरा वितरण प्रमुख केदार देशपांडे ने 28 मार्च, 2024 को लिखे पत्र के जरिये अपना इस्तीफा दे दिया है. फिलहाल शेयर बाजारों से खुद को अलग करने की प्रक्रिया में है. यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ब्रोकरेज फर्म का उसके प्रवर्तक आईसीआईसीआई बैंक में विलय हो जाएगा.



### सेंसेक्स: बीएसई मिड-कैप सूचकांक 2023-24 में 15,013.95 अंक या 62.38% उछला

# छोटी कंपनियों के शेयरों ने दिया 'बड़ा' रिटर्न

- विभिन्न कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच निवेशकों की उत्साहपूर्ण भावना को दर्शाता है

एजेंसी । नयी दिल्ली

बीएसई के मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांक में सूचीबद्ध मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने 2023-24 में करीब 62 प्रतिशत रिटर्न (प्रतिफल) दिया है. मिड-कैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सेंसेक्स से बेहतर रहा है. यह देश में मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों और विभिन्न कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच निवेशकों की उत्साहपूर्ण भावना को दर्शाता है.



एक विश्लेषण के अनुसार, बीएसई मिड-कैप सूचकांक वित्त वर्ष 2023-24 में 15,013.95 अंक या 62.38 प्रतिशत उछल गया, जबकि स्मॉल-कैप 16,068.99 अंक या 59.60 प्रतिशत चढ़ा. इसकी तुलना में, समीक्षाधीन वित्त वर्ष में 30 शेयर वाले बीएसई सेंसेक्स ने 14,659.83 अंक या 24.85 प्रतिशत बढ़त हासिल की. हेज फंड हेडोनोवा में सीआईओ सुमन बनर्जी ने कहा, निवेशकों की भावना में यह बदलाव भारत में मजबूत व्यापक आर्थिक स्थितियों से प्रेरित है, यह परंपरागत रूप से आर्थिक विस्तार की अवधि के दौरान छोटी कंपनियों के शेयरों में त्वरित वृद्धि को बढ़ावा देता है. व्यापक बाजार ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया. 31 मार्च, 2023 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 23,881.79 अंक पर फिसलने के बाद बीएसई मिडकैप सूचकांक आठ फरवरी को 40,282.49 के अपने स्तर पर पहुंच गया. बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक सात फरवरी को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 46,821.39 पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल 31 मार्च को यह 52-सप्ताह के निचले स्तर 26,692.09 अंक पर आ गया था.

बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स इस साल सात मार्च को 74,245.17 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा, चालू वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है.

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं. वित्त वर्ष 2022-23 में बीएसई सेंसेक्स 423.01 अंक या 0.72 प्रतिशत चढ़ा था. हालांकि, बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक 1,258.64 अंक या 4.46 प्रतिशत गिरा था, जबकि मिडकैप में 42.38 अंक या 0.17 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई थी.

### टीआरडब्ल्यू सन स्टीयरिंग व्हील्स

# जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया ने किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली ।** मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्टीयरिंग व्हील निर्माता टीआरडब्ल्यू सन स्टीयरिंग व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करने की शुक्रवार को घोषणा की. कंपनी ने हालांकि इस सौदे के मूल्य की जानकारी नहीं दी है. राणे समूह के वाइस चेयरमैन एवं जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया के प्रबंध निदेशक हरीश लक्ष्मण ने कहा, यह अधिग्रहण जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया को मौजूदा और नए ग्राहकों को उन्नत क्षमता के साथ असाधारण मूल्य प्रदान करने में मदद करेगा. जेडएफ ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष आकाश पासी ने कहा कि यह अधिग्रहण घरेलू बाजार में हमारे नेतृत्व को मजबूत करता है, जो राणे ग्रुप की विनिर्माण क्षमता के साथ जेडएफ समूह की प्रौद्योगिकी क्षमता पर आधारित है.


भाजपा उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत शुक्रवार को मंडी में लोस चुनाव से पहले एक रोड शो के दौरान समर्थकों को संबोधित करती हुई.


तिरुवल्लूर जिले में लोस चुनाव से पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार शशिकांत सेंथिल के समर्थन में रैली के दौरान डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन .



शुक्रवार को सतारा, महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान संबोधित करते हुए एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार.


प. बंगाल के नादिया में एक मस्जिद से बाहर आने पर मुसलमानों के साथ बातचीत करते तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार मुकुट मणि अधिकारी.

## ब्रीफ खबरें

### बस पुल से खाई में गिरी, 45 की मौत

**केपटाउन ।** दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गयी और उसमें आग लग गयी जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गयी. उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है. उसे गंभीर चोट आयी हैं. कई शवों को पहचानना मुश्किल हो रहा है.

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 12 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने कहा कि पहाड़ी इलाके में एक पिकअप ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया. वाहन अनियंत्रित होकर पहाड़ी से फिसल गया, जिसमें सवार पांच महिलाओं और दो बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई. दूसरी घटना में, कबिलाई कुर्रम जिले में एक कोयला खदान के ढह जाने से चार खनिकों की मौत हो गई.

### रूसी जेलों में बढ़ रही बंदियों की संख्या

**ताल्लिन (एस्टोनिया) ।** रूस में पिछले कुछ सालों में जासूसी समेत विभिन्न आरोपों में कुछ अमेरिकी नागरिकों को जेल में डाला गया है जिनमें एक पत्रकार, एक कॉर्पोरेट सुरक्षा अधिकारी और कुछ अन्य नागरिक शामिल हैं. रूस में अमेरिकियों की गिरफ्तारी की घटनाएं आम हो गई हैं. मॉस्को और वाशिंगटन के बीच संबंध शीत युद्ध से निचले स्तर पर पहुंच गए हैं. रूसी अधिकारियों का कहना है कि उन सभी ने कानून तोड़ा है.

### गहरी खाई में गिरा वाहन, 10 की मौत

**बनिहाल/जम्मू ।** रामबन जिले में शुक्रवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक एसयूवी कार फिसलकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें दस लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कार श्रीनगर से जम्मू की ओर जा रही थी और रामबन के बैटरी चश्मा इलाके में गुरुवार देर रात 300 फुट गहरी खाई में गिर गई. अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना में दस लोगों की मौत हो गई.

### मुख्तार अंसारी की मौत पर नेताओं ने बताया संदेहास्पद

# मुख्तार की मौत की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की उच्च स्तरीय जांच की शुक्रवार को मांग की. वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंसारी का नाम लिए बिना शुक्रवार को पुलिस और न्यायिक अभिरक्षा में होने वाली मौतों पर सवाल उठाते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग की.

मायावती ने मुख्तार की मौत के अगले दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकाएं व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें. मायावती ने कहा, ऐसे में उनके परिवार का दुःखी होना स्वाभाविक है. कुदरत उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे.



### न्यायाधीश की निगरानी में जांच हो : अखिलेश

वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को 'एक्स' पर कहा, हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है. सरकारों पर निम्नलिखित हालातों में से किसी भी हालात में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा. उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, थाने में बंद रहने के दौरान जेल के अंदर आपसी झगड़े में, जेल के अंदर बीमार होने पर- अदालत ले जाते समय, अस्पताल में इलाज के दौरान, झूठी मुठभेड़ दिखाकर, झूठी आत्महत्या दिखाकर, किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर, ऐसे सभी संदिग्ध मामलों में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए.

### मुख्तार की मौत संदेह के घेरे में : शिवपाल यादव

बदायूं पहुंचे समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शुक्रवार को पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत पर अदालत को संज्ञान लेना चाहिए, मुख्तार की मौत संदेह के घेरे में है. यादव ने कहा कि मुख्तार अंसारी के परिवार से उनके अच्छे संबंध रहे हैं और मुख्तार अंसारी का परिवार देश की आजादी में लड़ा था. उन्होंने कहा कि देश की आजादी में इस परिवार का काफी योगदान रहा है. उन्होंने कहा, मुख्तार अंसारी की मौत संदेह के घेरे में है और अदालत को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी के बेटे को जनाजे में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी को स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके बेटे को पैरोल देनी चाहिए.

### सभी मामलों की जांच जरूरी : पाठक

**एजेंसी। नोएडा**

कांग्रेस नेता पंखुड़ी पाठक ने पुलिस हिरासत में हर मौत की न्यायिक जांच की मांग करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन का इस कदर बेलगाम हो जाना बेहद चिंताजनक और खतरनाक है. उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सोशल मीडिया शाखा की अध्यक्ष पाठक ने यह भी दावा किया कि हिरासत में हत्याओं के मामले में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है. जेल में बंद माफिया-नेता मुख्तार अंसारी की गुरुवार को राज्य के बांदा जिले के एक अस्पताल में मौत के बाद पाठक की यह टिप्पणी आई है. बांदा जेल में बंद अंसारी (63) को दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई. पाठक ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश में आए दिन पुलिस हिरासत में मौत की खबरें आती हैं. हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले नंबर पर है. प्रदेश का कोई हिस्सा या वर्ग इससे अछूता नहीं रहा है.

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी कर सकती है घोषणापत्र

# कांग्रेस तीन से शुरू करेगी अभियान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव के लिए आगामी पांच अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर सकती है और इसके बाद वह देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं का आगाज करेगी. सूत्रों ने यह भी बताया कि कांग्रेस आगामी तीन अप्रैल से 'घर-घर गारंटी' अभियान भी शुरू करेगी जिसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' के बारे में लोगों को बताएंगे. पार्टी ने 'घर-घर गारंटी' अभियान के तहत देश के आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है. कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, पांच अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किए जाने की संभावना है. इसके बाद देश भर में जनसभाएं शुरू होंगी. छह अप्रैल को



जयपुर में जनसभा होगी जिसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं. पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली घोषणापत्र समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार किया है.

कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय, 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय' पर आधारित होगा. पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है. पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है. उसने 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है.

## 25 करोड़ रुपये कैश जब्त किए

**एजेंसी। रायपुर**

लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में निगरानी दलों ने 25 करोड़ रूपए से अधिक की नगदी और वस्तुएं जब्त की है. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 25 करोड़ आठ लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक पांच करोड़ 28 लाख रुपए की नगद धनराशि जब्त की गई है. इस दौरान 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख रुपए है. अधिकारियों ने बताया कि सघन जांच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं.

### जम्मू कश्मीर में 29 लाख रुपये की नकदी जब्त

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 29 लाख रुपये की नकदी तथा शराब जब्त की गयी है. अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले में काम कर रहे कई कानून प्रवर्तन दलों ने नकदी और शराब का पता लगाया तथा उन्हें जब्त किया है. कठुआ के जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मिन्हास ने बताया, सतर्क प्रवर्तन दलों ने चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए अचूक प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है.

### रामेश्वर कैफे का मामला

### एनआईए ने दो आरोपियों पर 10-10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को बेंगलुरु के रेस्तरां 'रामेश्वरम कैफे' विस्फोट मामले में दो प्रमुख आरोपियों में से प्रत्येक की गिरफ्तारी के लिए जानकारी साझा करने पर 10-10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की. 'एक्स' पर साझा एक पोस्ट के मुताबिक, एजेंसी ने आम जनता से मामले में वांछित मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजेब और अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ अब्दुल मतीन ताहा के बारे में जानकारी मांगी है. एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनआईए ने बुधवार को विस्फोट मामले में एक प्रमुख षडयंत्रकर्ता मुजम्मिल शरीफ को गिरफ्तार किया था.

### कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में हुए शामिल

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से तीन बार के विधायक कमलेश शाह ने शुक्रवार को पार्टी से नाता तोड़ दिया और सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए. छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है. राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने शाह का पार्टी में स्वागत किया.

## राजू पाल हत्या मामला : अदालत ने सात व्यक्तियों को दोषी ठहराया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराया. इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था. यह जानकारी अधिकारियों ने दी. अधिकारियों ने बताया कि अतीक अहमद, उसके भाई एवं मुख्य आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ और गुलबुल उर्फ रफीक के खिलाफ सुनवायी उनकी मृत्यु के बाद बंद कर दी गई थी. उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से बसपा नेता राजू पाल की अतीक अहमद के भाई अशरफ के साथ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

### 45 लाख रुपये की ठगी, दो गिरफ्तार

**ठाणे ।** नवी मुंबई पुलिस ने निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से 45 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी. कामोठे निवासी नीलेश अरुण किंगवले और संजय रामभाऊ पाटिल ने कथित तौर पर पांच फरवरी और तीन मार्च के बीच व्यक्ति से धोखाधड़ी की. पाटिल के परिसर से कई चेकबुक, डेबिट कार्ड, चार फोन और दस सिम कार्ड बरामद किए गए.

### माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ मोदी ने की बातचीत

## हरित जीडीपी पर किया गया मंथन

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रगति को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मापदंड को जलवायु के लिए हानिकारक करार दिया और साथ ही हरित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अवधारणा विकसित करने का सुझाव दिया. माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई को गति मिली है. जब गेट्स ने पूछा कि क्या आसानी से अपनाने के लिए हरित दृष्टिकोण को और अधिक किफायती बनाया जा सकता है, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया को दो-आयामी रणनीति अपनाने की जरूरत है, पहला, प्रकृति और जलवायु के अनुकूल नवाचार, और दूसरा, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली. पीएम ने कहा, हमारी वर्तमान चुनौती यह है कि हम प्रगति को किस नजरिए से देखते हैं. उदाहरण के लिए, किसी देश के विकास को अक्सर उसकी इस्पात खपत और ऊर्जा उपयोग से आंका जाता है. इन मानदंडों के आधार पर, हम देश की अर्थव्यवस्था की गणना करते हैं. उन्होंने कहा, अगर हम इन मापदंडों पर भरोसा करना जारी रखते हैं तो हम अधिक बिजली और स्टील का उपभोग करेंगे.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# एंटरप्रेन्योर की पढ़ाई कर संवार सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

अपनी लाइफ को बेहतर तरीके से जीने के लिए व अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसा कमाना बहुत जरूरी हो गया है. सभी लोग किसी ना किसी प्रकार का काम करके अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं, जैसे- टीचर स्कूल में पढ़ाते हैं, क्लर्क बैंक में नौकरी करते हैं, मजदूर कारखाने में काम करते हैं. एंटरप्रेन्योर वह होता जो कि एक बिल्कुल नये आइडिया के माध्यम से एक छोटे से बिजनेस को बड़ा बना देना और एक नया बिजनेस स्टार्ट करना, जो कि समाज के फायदे के लिए हो और दूसरों को रोजगार दे सके, वह एंटरप्रेन्योर कहलाता है. एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है और साथ ही कई सैक्रिफाइस भी करने पड़ते हैं. आज के समय एंटरप्रेन्योर और एंटरप्रेन्योरशिप के उदाहरण बहुत से हैं. इसमें जमीनी स्तर से बने सभी छोटे बिजनेस, स्टार्ट अप से लेकर बड़े बिजनेस शामिल हैं. वे अपने बिजनेस को कामयाब करने के लिए बहुत मेहनत करते हैं. एंटरप्रेन्योर अपने बिजनेस को छोटे से बड़ा बनाते हैं. एंटरप्रेन्योर वह काम करते हैं, जो बाकी लोगों को असंभव लगता है. ज्यादातर एंटरप्रेन्योर का किसी काम को करने का तरीका परंपरागत तरीकों से अलग होता है.



### कौन होता है सफल एंटरप्रेन्योर

एक एंटरप्रेन्योर वह होता है, जो दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए विचारों, उत्पादों या सेवाओं के साथ आता है. एंटरप्रेन्योरशिप का मार्ग प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग तरह से बनाया गया है, लेकिन सभी सफल एंटरप्रेन्योर्स को फेलियर और क्रिटिस्म के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है, और उन्हें लगातार सीखते रहना चाहिए और खुद को सुधारना चाहिए. आइए जानते हैं एक सफल एंटरप्रेन्योर कैसे बनें आगे.

### स्किल्स

- बिजनेस मैनेजमेंट स्किल्स
- कम्युनिकेशन एंड एक्टिव लिसनिंग
- रिस्क टेकिंग
- नेटवर्किंग
- क्रिटिकल थिंकिंग
- प्रॉब्लम सॉल्विंग
- क्रिएटिव थिंकिंग
- कस्टमर सर्विस
- फाइनेंशियल
- लीडरशिप
- टाइम मैनेजमेंट एंड आर्गेनाइजेशनल
- टेक्निकल स्किल्स

### भारतीय विश्वविद्यालय

- एमिटी बिजनेस स्कूल ,नोएडा
- एसवीकेएम नरसी मोंजी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस),मुंबई
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट,कोलकाता
- एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (ईडीआई), गांधी नगर
- एस.पी जैन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड स्माल बिज़नेस डेवलपमेंट (एनआईईएसबीयूडी), दिल्ली
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे

### विदेशी विश्वविद्यालय

- बाबसों कॉलेज, एफ. डब्लू. ऑलिन ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी स्लॉन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले हास स्कूल ऑफ बिज़नेस
- यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन ऐन अर्बोर रॉस स्कूल ऑफ बिज़नेस
- यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया द व्हार्टन स्कूल
- इंडियाना यूनिवर्सिटी कैली स्कूल ऑफ बिजनेस
- यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास ऑस्टिन मैकंब्स स्कूल ऑफ बिज़नेस
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथर्न कैलिफोर्निया मार्शल स्कूल ऑफ बिज़नेस

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)